# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025


**सैलरी में 20 से 35 फीसदी होगी बढ़ोतरी**

## 9 दिन बाद खुशियां ही खुशियां अब आएगा आठवां वेतनमान



***7वां वेतन आयोग 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो रहा चर्चाएं शुरू***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए 2026 एक अहम साल होने वाला है। 7वां वेतन आयोग 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो रहा है और इसके साथ ही 8वें पे कमीशन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हर किसी के मन में एक ही सवाल है कि अब सैलरी कितनी बढ़ेगी और पैसा कब मिलेगा? सरकार ने 8वें वेतन आयोग को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अक्टूबर 2025 में इसके लिए जरूरी शर्तों यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी दी गई थी।

**8 वें वेतन आयोग को लेकर प्रक्रिया शुरू**

इसके बाद आयोग को सैलरी, भत्तों और पेंशन से जुड़ी सिफारिशें तैयार करने के लिए करीब 18 महीने का समय दिया गया है यानी रिपोर्ट आने में थोड़ा वक्त लगना तय है। 6वें वेतन आयोग में औसतन करीब 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि 7वें में यह बढ़ोतरी लगभग 23 से 25 फीसदी के बीच रही थी। 8वें पे कमीशन में सैलरी बढ़ोतरी 20 से 35 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद जताई जा रही है। खासतौर पर निचले स्तर और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को थोड़ा ज्यादा फायदा मिल सकता है।

**बड़ा हादसा टला: खतरे में पड़ी यात्रियों की जान! एक पल में ही अहमदाबाद प्लेन क्रैश की याद ताजा हुई**

# आसमान में बंद हो गया एक इंजन, एक घंटे तक हवा में ही रहा प्लेन, दूसरे से हुई इमरजेंसी लैंडिंग

### सुबह दिल्ली से मुंबई के लिए भरी थी उड़ान, लगभग 335 यात्री थे सवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से मुंबई जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में अचानक से अनाउंस हुआ कि तकनीकी खराबी के चलते फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई जा रही है।

उस समय विमान हवा में था और टेकऑफ हुए कुछ सेकंड ही हुए थे। अचानक बीच आसमान में अनाउंस सुनकर प्लेन में बैठे यात्रियों की जान हलक में अटक गई। कई यात्रियों ने जोर-जोर से भगवान का नाम जपना शुरू कर दिया था। कई यात्रियों की आंखों से आंसू आ गए थे। हमारी समझ में भी कुछ नहीं आ रहा था। एक पल में ही अहमदाबाद प्लेन क्रैश की याद ताजा हो गई थी। एयर इंडिया की एक फ्लाइट का एक इंजन रास्ते में ही बंद हो गया। एअर इंडिया का एक बोइंग 777 विमान सोमवार सुबह उड़ान भरने के तुरंत बाद एक इंजन (दाहिने तरफ का) बंद हो जाने के बावजूद सुरक्षित रूप से दिल्ली लौट आया।



फाइल फोटो

### 'इंजन ऑयल' का दबाव शून्य पर आ गया

लगभग 335 लोगों को ले जा रहा विमान दिल्ली लौटने से पहले करीब एक घंटे तक हवा में रहा। विमान को आपात स्थिति में उतारा गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक सूत्र ने बताया कि विमान ने उड़ान भरने के बाद फ्लैप के दौरान दाहिने इंजन में तेल का दबाव कम होने के कारण हवा में ही लौटने का फैसला किया। 'इंजन ऑयल' का दबाव शून्य पर आ गया था। एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार इस अप्रत्याशित स्थिति के कारण हुई असुविधा के लिए एयर इंडिया को गहरा खेद है। विमान की आवश्यक जांच की जा रही है। हमारी ग्राउंड टीम द्वारा यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। हमारे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### धुरंधर ने 17 दिन में ही कमाए 555 करोड़



**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन स्टारर फिल्म 'धुरंधर' रुकने का नाम नहीं ले रही है। उम्मीद बढ़ रही है कि इस वीकेंड तक ये 1000 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल हो जाएगी। फिल्म ने 17वें दिन में 500 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया था। 16वें दिन 34 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

### महिला ने एक साथ चार बच्चों को दिया जन्म



**छिंदवाड़ा।** जिले के जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया है। नवेगांव की रोराढ़ेकनी गांव की निवासी 20 साल की महिला ने लगभग सातवें महीने में एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। यह प्रसव पूरी तरह सुरक्षित रहा, जिसे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

**कैबिनेट बैठक : प्रधानमंत्री फसल बीमा विंड्स कार्यक्रम को मोहन कैबिनेट से मिली मंजूरी**

# बाढ़, बारिश, कोहरे से फसलों के बचाव के बारे में मिलेगी अब 'सटीक' जानकारी

*आंकड़ों को सिंगल डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग भोपाल से होगी। डेटा नई दिल्ली भेजा जाएगा। किसानों को स्वचालित वेदर सिस्टम के जरिए बारिश, बाढ़ या मौसम की प्रतिकूलता की जानकारी मिल सकेगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में फसल बीमा योजना के बाद सरकार ने आज एक और बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा विंड्स कार्यक्रम को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसके तहत सभी जगहों पर ऑटोमेटिक रेन गेज लगाए जाएंगे। इसके आंकड़ों को लेकर सिंगल डिजिटल प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाएगा। इसकी मानिटरिंग भोपाल से होगी। इसके बाद डेटा नई दिल्ली भेजा जाएगा।

इसकी खासियत यह होगी कि किसानों को स्वचालित वेदर सिस्टम के जरिए बारिश, बाढ़ या मौसम की प्रतिकूलता की जानकारी मिल सकेगी। मप्र कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें तहसील स्तर पर स्वचालित मौसम केंद्र एवं ग्राम पंचायत स्तर पर स्वचालित रेनगेज स्थापित के लिए 434 करोड़ 58 लाख रुपए की मंजूरी दी।

**सभी जगहों पर ऑटोमेटिक रेन गेज लगाए जाएंगे**

पांच वर्षों की योजना पर अनुमानित व्यय 434 करोड़ रुपए संभावित

बड़वाह-धामनोद 4 लेन निर्माण कार्यों के लिए 2,508 करोड़ 21 लाख रुपए की मंजूरी



कैबिनेट बैठक में सीएम व मंत्रीगण

### मप्र में गायों की संख्या के आधार पर बनेंगे वृंदावन गांव

मप्र में गायों की संख्या व आबादी के हिसाब से वृंदावन गांव बनाए जा रहे हैं। प्रदेश के 230 में से 193 विधानसभा क्षेत्रों में वृंदावन गांव का चयन कर लिया गया है। इसके लिए 2000 की आबादी व 500 गायों की संख्या वाले गांव को ही वृंदावन गांव बनाया जा रहा है।

**धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विवि जबलपुर के लिए निर्माण राशि**-कैबिनेट ने मप्र धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वितीय चरण के भवन निर्माण के लिए 197 करोड़ 13 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। द्वतीय चरण के तहत एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, कुलगुरु और कुल सचिव आवास तथा 12 मल्टीस्टोरी स्टाफ क्वार्टर्स, कैंपस बाउंड्रीवाल आदि का निर्माण किया जाएगा।

### 2500 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी 63 किमी सड़क

कैबिनेट ने बड़वाह-धामनोद 4-लेन मार्ग मय पेव्हड शोल्डर (लंबाई 62.795 किमी) के साथ हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत भू-अर्जन सहित उन्नयन एवं निर्माण के लिए 2,508 करोड़ 21 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना के तहत 10 बायपास, 5 वृहद पुल, 23 मध्यम पुल, 12 वाययूवी/एसवीयूपी, 7 वृहद जंक्शन एवं 56 मध्यम जंक्शन का निर्माण किया जाएगा। निर्माण की लागत का 40 प्रतिशत हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) के तहत मप्र सड़क विकास निगम से राज्य राजमार्ग निधि से जीएसटी सहित वहन किया जाएगा।

**दिल्ली में नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष से की मुलाकात**



भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सीएम डॉ. मोहन यादव ने भेंट की

*अटल जयंती पर ग्वालियर में औद्योगिक महाकुंभ*

## 2 लाख करोड़ की परियोजनाओं की 'सौगात' देंगे केंद्रीय मंत्री शाह

ग्वालियर में 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के मौके पर 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की औद्योगिक परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। यह प्रोजेक्ट लॉन्च इवेंट वाजपेयी के जन्मस्थान ग्वालियर में होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। राज्य सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए वाजपेयी की जयंती पर ग्वालियर में 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट' का आयोजन कर रही है।

### कॉन्फ्रेंस वाजपेयी को समर्पित

सीएम यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह इस समिट में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में शाह राज्य के अलग-अलग हिस्सों में स्थित 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा औद्योगिक परियोजनाओं का एक साथ शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यह ऐतिहासिक कॉन्फ्रेंस वाजपेयी को समर्पित होगी। वह एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन लोकतंत्र को समर्पित कर दिया। चाहे वह सरकार में रहे हों या विपक्ष में, उन्होंने एक अमिट छाप छोड़ी है।






**इंदौर से रीवा की फ्लाइट शुरू**



डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल और मंत्री विजयवर्गीय ने की यात्रा

## 15 घंटे का सफर अब पौने दो घंटे में होगा पूरा

शुरुआती किराया लगभग 4700 रुपए

मंत्री विजयवर्गीय 40 सदस्यीय दल के साथ रीवा पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर से रीवा के बीच सोमवार से इंडिगो एयरलाइंस की सीधी उड़ान सेवा सफलतापूर्वक शुरू हो गई है। पहले दिन यह उड़ान अपने निर्धारित समय से 45 मिनट की देरी से इंदौर एयरपोर्ट से रवाना हुई।

पहली फ्लाइट में इंदौर से 50 से अधिक यात्रियों ने सफर किया। इस सीधी सेवा के शुरू होने से अब इंदौर और रीवा के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी। इंदौर से रीवा की यात्रा जो अब तक ट्रेन या बस के माध्यम से लगभग 15 घंटे में पूरी होती थी वह अब हवाई मार्ग से मात्र 1 घंटा 45 मिनट में तय की जा सकेगी। इस नई सेवा का सीधा लाभ विंध्य के 8 जिलों को मिलेगा। देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से रीवा के लिए प्रतिदिन 70 सीटर विमान का संचालन किया जाएगा। इसका शुरुआती किराया लगभग 4700 रुपए रखा गया है।

### शुक्ल रीवा से इंदौर आए

इंडिगो एयरलाइंस की यह नियमित सेवा प्रतिदिन सुबह 11.30 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी और दोपहर 1.15 बजे रीवा पहुंचेगी। वापसी में यह विमान दोपहर 1.35 बजे रीवा से इंदौर के लिए उड़ान भरेगा। उद्घाटन के अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने 40 सदस्यीय दल के साथ रीवा पहुंचे। वहीं वापसी की फ्लाइट में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 70 से अधिक यात्रियों के साथ रीवा से इंदौर पहुंचे।





| भारत रैंक | विश्व रैंक | संस्थान का नाम | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | 205 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दिल्ली (IIT-Delhi) | 83.1 |
| 2 | 235 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (IIT-BOMBAY) | 81.4 |
| 3 | 236 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी खड़गपुर (IIT-KGP) | 81.3 |
| 4 | 241 | दिल्ली विश्वविद्यालय (University of Delhi) | 80.9 |
| 5 | 305 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मद्रास (IIT-Madras) | 77.3 |
| 6 | 310 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कानपुर (IITK) | 77 |
| 7 | 352 | वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (VIT) | 74.9 |
| 7 | 352 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रुड़की (IIT-Roorkee) | 74.9 |
| 9 | 462 | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस (IISc) बैंगलोर | 70.5 |
| 10 | 467 | मणिपाल एकेडमी ऑफ़ हायर एजुकेशन, मणिपाल | 70.3 |

Source : https://www.topuniversities.com/sustainability-rankings

For further information about VITEEE 2026 scan the QR code

www.vit.ac.in

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

# इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में ब्लू-कॉलर रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी। उन्होंने रिपोर्ट्स के हवाले से कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं।

**फॉक्सकॉन प्लांट में बनते हैं आईफोन**

उत्पादन का 80% निर्यात होता है



फॉक्सकॉन संयंत्र में काम करती महिलाएं

## हो रहा महिला सशक्तिकरण



वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाली बड़ी फैक्ट्री की आज से 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कुशल श्रमिक वर्ग के रोजगारों का सृजन जारी है। इससे महिलाओं को फायदा हो रहा है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, महिला सशक्तिकरण और जीवन की सुगमता पूरी तरह से प्रदर्शित हो रही है।

**युवा महिलाओं को दी नियुक्ति**

अपने नए आईफोन असेंबली प्लांट के लिए फॉक्सकॉन ने कथित तौर पर महिलाओं को नियुक्त किया है, जिनमें से अधिकांश पहली बार औपचारिक कार्यबल में शामिल हो रही हैं और इनकी आयु वर्ग मुख्य रूप से 19-24 वर्ष है। अगले वर्ष तक, कारखाने में कर्मचारियों की संख्या बढ़कर लगभग 50,000 होने की उम्मीद है।

### 20 हजारा करोड़ का निवेश

इस प्लांट में परीक्षण उत्पादन इस वर्ष अप्रैल-मई में आईफोन 16 के साथ शुरू हुआ था। वर्तमान में, प्लांट में नवीनतम आईफोन 17 प्रो मैक्स मॉडल असेंबल किए जा रहे हैं। उत्पादन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्यात बाजारों के लिए है। ताइवानी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इस प्रोजेक्ट में लगभग 20,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है।

गडकरी ने आईआईटी के योगदान को सराहा

## विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके पास मौजूद भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी पर आधारित होता है। देश के विकास और प्रगति में आईआईटी और उसके छात्रों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। सरकार में काम करते समय अगर हमें कोई चुनौती आती है, तो हम सबसे पहले आईआईटी से सलाह लेते हैं। उनकी विश्वसनीयता इतनी अच्छी है कि हमें जो समाधान मिलता है, वह व्यापक रूप से स्वीकार्य होता है।

## खबर संक्षेप

### बिना इजाजत इस्तेमाल नहीं होगा माधवन नाम



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को बॉलीवुड एक्टर आर माधवन के पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा करते हुए कई वेबसाइट्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को एक्टर की सहमति के बिना कमर्शियल फायदे के लिए उनके नाम, तस्वीरों, एआई और डीपफेक टेक्नोलॉजी का गैर-कानूनी इस्तेमाल करने से रोका है।

### दरगाह पर 'चादर' चढ़ाने की याचिका पर रोक



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर पीएम नरेंद्र मोदी को अजमेर शरीफ दरगाह पर 'चादर' चढ़ाने से रोकने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। यह मामला सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष आया। पीठ ने कहा कि आज सूचीबद्ध नहीं।

### निजी अस्पताल में आग लगी, सभी सुरक्षित



**मुंबई।** मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में एक निजी अस्पताल में सोमवार दोपहर आग लग गई, जिसके चलते मरीजों, डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों सहित लगभग 250 लोगों को अस्थायी रूप से अस्पताल से बाहर निकालना पड़ा। अपराह्न 1.35 बजे भाटिया अस्पताल की सीटी-एमआरआई स्कैन इकाई में आग लग गई।

### तेज रफ्तार कार डंपर से जा टकराई, 4 की मौत



**बिजनौर।** बिजनौर जिले के नांगल थाना क्षेत्र में एक डंपर ट्रक से पीछे से टकराई कार में सवार एक इस्लामिक विद्वान सहित चार लोगों की मौत हो गई। नजीबाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) नीतेश प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार देर रात लगभग साढ़े 11 बजे हरिद्वार मार्ग पर यह हादसा हुआ।

अरावली विवाद पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का स्पष्टीकरण

# पर्यावरण की अनदेखी नहीं, नया खनन पट्टा प्रतिबंधित, चंद लोग फैला रहे 'गलत' सूचना

अरावली में 20 वन्यजीव अभयारण्य और 4 टाइगर रिजर्व हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। कुल अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर है, जिसमें सिर्फ 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन की संभावना हो सकती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र संरक्षित जोन में आएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वत श्रृंखला पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को लेकर फैली अफवाहों और गलत सूचनाओं का खंडन किया है। मंत्री ने कहा कि अरावली हमारे देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है। पीएम की अगुवाई वाली सरकार हमेशा से हरी-भरी अरावली को बढ़ावा देती रही है। कुछ लोग कोर्ट के फैसले पर जानबूझकर गलत सूचना फैला रहे हैं, लेकिन मैंने फैसले को गंभीरता से पढ़ा है। स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई छूट नहीं दी गई है। भूपेंद्र यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक मूल्यांकन के आधार पर फैसला दिया है। यह पहली बार है जब सरकार के हरित आंदोलन को मान्यता मिली है। कोर्ट ने खनन के सीमित उद्देश्य के लिए एक तकनीकी समिति बनाई है।

**कोर्ट का फैसला वैज्ञानिक संरक्षण पर आधारित**

एनसीआर क्षेत्र में कोई खनन अनुमति नहीं दी


अरावली पहाड़ी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव (फाइल फोटो)

**100 मीटर से अधिक की आकृति अरावली पहाड़ी**

मंत्री यादव ने बताया कि 100 मीटर का मुद्दा 'ऊपर से नीचे' तक है, यानी आसपास की जमीन से 100 मीटर या ज्यादा ऊंची भू-आकृति ही अरावली पहाड़ी मानी जाएगी। इसके आधार से लेकर पूरी ढलान तक का क्षेत्र संरक्षित होगा। अगर दो पहाड़ियां 500 मीटर के दायरे में हैं, तो बीच का क्षेत्र भी अरावली रेंज का हिस्सा होगा। एनसीआर क्षेत्र में कोई खनन अनुमति नहीं है। नया खनन पट्टा नहीं दिया जाएगा।

### वन्यजीव अभयारण्य सुरक्षित रहेंगे

अरावली में 20 वन्यजीव अभयारण्य और 4 टाइगर रिजर्व हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। कुल अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर है, जिसमें सिर्फ 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन की संभावना हो सकती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र संरक्षित जोन में आएगा।

### निगरानी और मजबूत होगी

मंत्री ने कहा कि फैसले में सभी गलत आरोपों और अफवाहों को स्पष्ट कर दिया गया है। अवैध खनन ही अरावली के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अब निगरानी और मजबूत होगी। सरकार ग्रीन अरावली के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। फैसले से चारों राज्यों में एकसमान नियम लागू हुए हैं, जो पहले दुरुपयोग का कारण बन रहे थे।

राजस्थान कांग्रेस का प्रदर्शन

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पलटने की मांग

कांग्रेस की राजस्थान इकाई के कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अरावली पर्वतमाला की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन किया। उदयपुर में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के बाद कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के सदस्य कलेक्ट्रेट के बाहर जमा हुए, नारे लगाए और अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प के बाद विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। करणी सेना और स्थानीय सामुदायिक समूहों ने अरावली की पहाड़ियों व पर्वतमाला की परिभाषा पर उच्चतम न्यायालय के आदेश को पलटने की मांग की। समूहों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

### विरोध प्रदर्शन तेज होगा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर में कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की उच्चतम न्यायालय में अरावली पर्वतमाला को 'पुनर्परिभाषित' करने वाली रिपोर्ट के खिलाफ पूरे राज्य में अपने विरोध प्रदर्शन तेज करेगी। नई परिभाषा से कानूनी सुरक्षा नहीं मिलने के करण 90 प्रतिशत पर्वतमाला नष्ट हो जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक समिति की अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की परिभाषा पर सिफारिशों को 20 नवंबर को स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया।

केंद्र सरकार पर बरसीं सीएम ममता

## भाजपा के दबाव में आयोग 1.5 करोड़ वोटर्स का नाम हटा रहा

एसआईआर में भारी गलतियां


सीएम ममता बेनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में ममता ने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों पर चल रहा है। भाजपा 1.5 करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने जैसा है। सीएम ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में भारी स्तर पर गलतियां हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया जानबूझकर की जा रही है ताकि खास समुदायों के वोट छीने जा सकें। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बूथ स्तर के एजेंटों को सतर्क रहने और मतदाताओं की रक्षा करने का निर्देश दिया।

### लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ेंगे

सीएम ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। मतुआ समुदाय के मताधिकार को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। ममता बेनर्जी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह बिना बंगाल सरकार को जानकारी दिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर रही है और भाजपा के हित साध रही है। केवल टीएमसी के कार्यकर्ता ही राज्य में भाजपा की पैठ रोक सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बंगाल में मुसलमानों के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है।

### निलंबित विधायक कबीर ने बनाया नया दल



पश्चिम बंगाल के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को अपनी नई राजनीतिक पार्टी जनता उन्नयन पार्टी का गठन किया। यह कदम उन्होंने ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस से निलंबन के कुछ दिन बाद उठाया। उन्हें मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद जैसी मस्जिद की आधारशिला रखने को लेकर पार्टी से निलंबित किया गया था। बेलडांगा में आयोजित जनसभा में कबीर ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में आठ उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि वे खुद मुर्शिदाबाद की रेजीनगर और बेलडांगा सीट से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस पर अंतिम फैसला बाद में होगा।

देश के इतिहास में ऐसा पहली बार

## केरल के जिला अस्पताल में होने जा रहा हार्ट ट्रांसप्लांट

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम


फाइल फोटो

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि, देश के स्वास्थ्य क्षेत्र के इतिहास में पहली बार जिला-स्तरीय अस्पताल में हार्ट ट्रांसप्लांट होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक 46 साल के व्यक्ति का रोड एक्सीडेंट हुआ था। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। अब उसका दिल किसी जरूरतमंद को लगाया जाएगा और ये प्रक्रिया पहल बार किसी जिला स्तरीय अस्पताल में होने जा रही है। वीना जॉर्ज ने बताया कि एक्सीडेंट के कारण ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिवार ने डोनेशन प्रक्रिया के जरिए अंग दान करने पर सहमति जताई है। तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज में सर्जिकल प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीएम के निर्देश पर हेलीकॉप्टर के माध्यम से दिल को एर्नाकुलम ले जाएंगे।

शिवसेना सांसद राउत का बड़ा आरोप

## नगर परिषद चुनाव में महायुति ने बांटे 15 हजार करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ मुंबई


शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद चुनावों में देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार के महायुति गठबंधन ने मतदाताओं को पैसे बांटे। इस दौरान लगभग 15 हजार करोड़ रुपये उड़ा दिए गए। पैसे को पानी की तरह बहाया गया। बता दें, महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने रविवार को 288 नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव में अध्यक्ष के 207 पदों पर जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे कह रहे हैं कि उनकी शिवसेना ही असली है। चुनाव चिन्ह और पार्टी का मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। केंद्र के दबाव में कोर्ट फैसला नहीं दे रहा है।

## मुंबई में डेढ़ घंटे का सफर होगा 10 मिनट में


2395 करोड़ से होगा तैयार समुद्री पुल

**मुंबई।** मुंबई शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए 2395 करोड़ की लागत से अब मढ़-वर्सोवा ब्रिज पर समुद्री पुल बनाया जाएगा। मुंबई महानगरपालिका ने इसका ऐलान किया है। यह पुल मढ़ जेट्टी रोड से शुरू होकर वर्सोवा खाड़ी को पार करेगा और वर्सोवा स्थित फिशरीज यूनिवर्सिटी रोड के पास जाकर जुड़ेगा। इससे दोनों इलाकों के बीच की दूरी 20 किमी से से घटकर सिर्फ 2.6 किमी। इस पुल के बनने के बाद 90 मिनट का सफर महज 10 मिनट में पूरा हो सकेगा। यह पुल 2029 तक पूरा होगा। इस पर करीब 2395 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सर्वे और मिट्टी परीक्षण का काम शुरू हो गया है।

नेशनल हेराल्ड मामला: ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती

## दिल्ली हाई कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई, सोनिया और राहुल को नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित और लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य बताया।



दिल्ली उच्च न्यायालय

### अगली सुनवाई 12 मार्च को

सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा, जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और आरएस चीमा ने अदालत में दलीलें दीं। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी।

**रजिस्ट्री तत्काल मामलों की जांच करेगी**

सीजेआई सूर्यकांत ने वकीलों से मामलों की तत्काल सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री से संपर्क करने को कहा, जो कारणों की जांच करेगी और तदनुसार मामले को सूचीबद्ध करेगी। सीजेआई ने कहा कि रजिस्ट्री कारणों की पड़ताल करेगी और 26 या 29 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

केंद्र सरकार पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने साधा निशाना

# मनरेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर चलाया बुलडोजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' में आरोप लगाया कि सरकार ने बिना जनसंवाद, बिना संसद में चर्चा और बिना राज्यों की सहमति के मनरेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं दोनों पर बुलडोजर चला दिया है। उन्होंने इसे विकास नहीं, बल्कि विनाश करार देते हुए कहा कि इसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीयों को अपनी रोजी-रोटी गंवाकर चुकानी पड़ेगी। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लेख का हवाला दिया।

## न जनसंवाद, न चर्चा, न ही ली कोई सहमति

एक्स पर सोनिया गांधी के लेख का किया जिक्र



सांसद राहुल गांधी, सांसद सोनिया गांधी का प्रकाशित एक लेख

**'जी राम जी' बिल गांव विरोधी**

इससे पहले राहुल गांधी ने कहा था कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में खत्म कर दिया। सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया। उन्होंने मनरेगा की जगह लाए गए नए विधेयक विकसित भारत जी राम जी को गांव विरोधी करार दिया।

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे बोलीं

### कांग्रेस को 'राम' से ही परेशानी



राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस के विरोध पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी दल को 'राम' से ही परेशानी है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुधार कर योजना का नाम 'जी राम जी' कर दिया गया है। सच तो यह है कि कांग्रेस को 'राम' से परेशानी है। हमारे लिए 'राम' ही जिंदगानी है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सीएम भैरों सिंह शेखावत ने अंत्योदय को आगे बढ़ाया। उसके बाद मैंने उनकी इस सोच को गति दी।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




कारखाने में काम करते कर्मी

पश्चिम मध्य रेलवे का एक मात्र कारखाना जिसे भारतीय उद्योग परिसंघ ने दी ग्रीन सर्टिफिकेशन की सर्वोच्च रेटिंग

# भोपाल के सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाने को मिला प्लेटिनम अवार्ड, भारतीय रेल का 6वां कारखाना बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

सवारी डिब्बा पुनर्निमाण कारख़ाना, भोपाल को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा ग्रीन प्लेटिनम अवार्ड से नवाजा गया है। इस कारखाने को यह अवार्ड उसके बेहतर पर्यावरण, अनुकूल संचालन कचरे का उचित निष्पादन, विद्युत ऊर्जा एवं गैसीय ऊर्जा की खपत में कमी, कोच में प्रयुक्त सामग्री के उचित प्रबंधन एवं कार्बन उत्सर्जन की कमी के आधार पर दिया गया है। प्लेटिनम रेटिंग (सीआईआई) द्वारा जारी ग्रीन सर्टिफिकेशन की सर्वोच्च रेटिंग है।



### अवार्ड इसलिए?

- विद्युत खपत में लगभग 37% की बचत
- 5 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम
- लगभग 29 लाख लीटर वर्षा के पानी को भूमिगत रीचार्ज किया जा रहा
- 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किया
- कारखाना 400 एकड़ में फैला जिसका 41% भाग ग्रीन बिल्ट एरिया

### आईसीएफ एवं एलएचबी कोच की होती है रिपेयर

मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़े ने 'हरिभूमि' को बताया कि सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना पूर्व से ही गुणवत्ता के लिए पूरे भारतीय रेल में अग्रणी रहा है। वर्तमान में आईसीएफ एवं एलएचबी कोच के आवधिक रिपेयर के साथ कोचों को भारतीय रेल की मांग अनुसार परिवर्तन उन्हें विभिन्न रेल जोन को देना एवं मेमू रैक का आवधिक रिपेयर शामिल है।









## खबर संक्षेप

### राधावल्लभ मंदिर में श्रद्धालु के बीच मारपीट

**मथुरा।** वृंदावन में स्थित प्रसिद्ध राधावल्लभ मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं के दो गुट आपस में भिड़ गए।



मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई। राधावल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव शुरू हुआ। इस उत्सव में दर्शनों के लिए मंदिर में भारी भीड़ के चलते धक्का मुक्की हुई।

### चलती बस में जन्मा बच्चा देवदूत बनी 108 एंबुलेंस

**गुना।** सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात चलती बस में एक गरीब महिला ने बच्चे को जन्म दिया।



राघवेंद्र परिहार अपनी पत्नी नेहा के साथ उप्र के उरई जा रहे थे। रात को एनएच 46 पर लेबर पेन होने लगा। 108 एंबुलेंस पहुंच गई। ईएमटी और पायलट ने बस के अंदर ही सुरक्षित प्रसव कराया।

### होमवर्क के लिए बच्चे के सिर पर बॉटल फोड़ी

**रीवा।** शहर के निजी स्कूल की शिक्षिका ने 11 साल के छात्र के सिर पर स्टील की वाटर बोतल दे मारी।



उसे बार-बार दीवार पर पटका। बच्चा खून से लथपथ हालत में घर पहुंचा। छात्र ने होमवर्क पूरा नहीं किया था। पीड़ित बच्चे की बहन ने रोका तो शिक्षिका ने उसके साथ भी मारपीट की।

मप्र स्टेट साइबर पुलिस की एडवाइजरी में खुलासा, सभी को तुरंत अपने पासवर्ड बदलने की सलाह

# देश भर में 68 करोड़ इंटरनेट यूजर्स के ईमेल आईडी और पासवर्ड लीक

*अगर किसी का ई-मेल अकाउंट हैक हो जाता है, तो अपराधी आसानी से उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स, इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट और अन्य महत्वपूर्ण एप्स तक पहुंच बना सकते हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़ी खबर

देशभर आम लोगों के ईमेल और पासवर्ड लीक हुए हैं। मध्य प्रदेश में तो वीवीआईपी और राजनेता भी असुरक्षित हैं। वे भी हैकर्स के निशान पर हैं।

साइबर पुलिस की ऑनलाइन सर्चिंग बेवसाइट (हैव आई बीन पॉन्ड)से खुलासा हुआ है। भाजपा के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से लेकर दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी का भी ईमेल हैक करने की कोशिश की गई है। वहीं, मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना और ईओडब्ल्यू डीजी का ईमेल पूरी तरह से सिक्योर है। साइबर एसपी प्रणय नागवंशी ने 'हरिभूमि' को बताया कि 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश साइबर सेल को 68 करोड़ लोगों के ईमेल और पासवर्ड लीक होने की जानकारी मिली थी। तत्काल लोगों को अलर्ट करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई। सभी को पासवर्ड बदलने के लिए कहा गया है। नागवंशी ने प्रदेश के करीब 12 लाख से ज्यादा ईमेल और पासवर्ड हैक करने की कोशिश हुई।

**मप्र के करीब 12 लाख से ज्यादा ईमेल और पासवर्ड हैक करने की कोशिश**



फाइल फोटो

- मप्र में वीवीआईपी और राजनेता भी हैकर्स के निशाने पर
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, दिग्विजय, जीतू का ईमेल हैक करने की कोशिश
- डीजीपी और डीजी ईओडब्ल्यू सिक्योर

### ऐसा पासवर्ड रखें

साइबर टीम का कहना है कि टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करना चाहिए। यह एक अतिरिक्त सुरक्षा परत है जो आपके खाते को और सुरक्षित बनाती है। मजबूत अल्फा-न्यूमेरिक पासवर्ड बनाने की सलाह दी गई है, जिसमें अक्षर, संख्याएं और विशेष चिन्ह शामिल हों। साइबर फ्रॉड की स्थिति में मदद के लिए आप ps.cybercell-bpl@mppolice.gov.in पर ईमेल कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर 7587646775 पर संपर्क कर सकते हैं।

### रविवार को हैकिंग की जानकारी लगी

स्टेट साइबर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है, जिसमें बताया गया है कि हाल ही में लगभग 68 करोड़ इंटरनेट यूजर्स के ई-मेल आईडी और पासवर्ड साइबर अपराधियों के हाथ लग गए हैं। यह जानकारी रविवार को सामने आई। स्टेट साइबर पुलिस के अनुसार, यह डेटा लीक और साइबर ठगी के बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों को सतर्क करने की एक पहल है। अगर किसी का ई-मेल अकाउंट हैक हो जाता है, तो अपराधी आसानी से उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स, इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट और अन्य महत्वपूर्ण एप्स तक पहुंच बना सकते हैं। इससे बचने का सबसे प्रभावी तरीका है कि लोग तुरंत अपने पासवर्ड बदल लें।

### हर वेबसाइट और एप के लिए अलग पासवर्ड रखें

स्टेट साइबर एसपी प्रणय नागवंशी ने बताया कि प्रत्येक वेबसाइट या एप के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, किसी भी संदिग्ध ईमेल, एसएमएस या लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए। अनजान एप या वेबसाइट पर लॉग इन करने से भी परहेज करना चाहिए। नागवंशी ने यह भी बताया कि यह एडवाइजरी इसलिए जारी की गई है क्योंकि कई लोगों का डेटा डार्क वेब या डीप वेब पर लीक होता रहता है।

पूर्व आईजी अमर सिंह ने खुद को मारी गोली

# 12 पन्नों का सुसाइड नोट 8.10 करोड़ रु. की ठगी हुई

- *उन्होंने खुद को गोली सुरक्षा कर्मी की रिवॉल्वर से मारी*
- *पूर्व आईजी को छाती में गोली लगी*



अमर सिंह चहल

एजेंसी ▶▶ पटियाला

पटियाला में पंजाब पुलिस के पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने खुद को गोली मार ली है। उन्हें तुरंत पटियाला के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसपी सिटी पलविंदर सिंह चीमा के मुताबिक मौके से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। पूर्व आईजी को छाती में गोली लगी है। यह भी बताया जा रहा है कि मामला करोड़ों की साइबर ठगी से जुड़ा है। उन्होंने पटियाला में अपने घर पर खुद को गोली मारी है। पूर्व आईजी अमर सिंह चहल ने 12 पन्नों का सुसाइड नोट लिखा है। यह नोट उन्होंने पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव कपूर के नाम लिखा है, जिसमें उन्होंने अपने साथ 8.10 करोड़ की साइबर ठगी की बात लिखी है और इस वजह से वह मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने खुद को गोली सुरक्षा कर्मी की रिवॉल्वर से मारी है।

### चहल फरीदकोट गोलीकांड के आरोपी

अस्पताल में पहुंचे एसपी (सिटी) पलविंदर सिंह चीमा ने बताया कि पूर्व आईजी के दोस्तों ने पुलिस के साथ एक नोट साझा किया था, जिससे आशंका थी कि चहल आत्महत्या कर सकते हैं। इस जानकारी के आधार पर संबंधित थाना प्रभारी और डीएसपी तुरंत पूर्व आईजी के घर पहुंचे। जहां वह घायल हालत में पड़े थे, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल दाखिल कराया गया है। गौरतलब है कि अमर सिंह चहल 2015 में फरीदकोट में हुए बहबल कलां व कोटकपुरा गोलीकांड मामले में आरोपी हैं। फरवरी 2023 में एडीजीपी एलके यादव की अगुवाई वाली पंजाब पुलिस स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम (सिट) ने फरीदकोट इदालत में एक चार्जशीट दाखिल की थी। जिसमें कईं राजनेताओं और अमर सिंह चहल समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम थे।

प्रशासनिक लापरवाही का नमूना

## 14 साल बाद बुजुर्ग हुआ जिंदा और पहचान मिली

**पन्ना।** जिले से प्रशासनिक लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 80 वर्षीय बुजुर्ग को सरकारी रिकॉर्ड में 14 साल पहले ही मृत घोषित कर दिया गया था। कागजों में मृत बताए गए बुजुर्ग भूरा वास्तविक रूप से जीवित थे और पिछले 11 साल से अपने जिंदा होने का प्रमाण शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को देते रहे। ग्राम पंचायत जनवार के भूरा आदिवासी को सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित होने के बाद पटवारी और तहसीलदार स्तर पर फौती और नामांतरण की प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई। इतना ही नहीं, बुजुर्ग की जमीन-जायदाद तक का विक्रय कर दिया गया।



■ मंत्री के संज्ञान में आते ही मचा हड़कंप

बंदूक अड़ाकर बनाया बंधक

## परिवार सोता रहा, बदमाश 3 लाख व जेवर ले भागे

**गुना।** जिले के बमोरी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनखरा में रविवार की आधी रात बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है। नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर सो रहे वृद्ध की गर्दन पर कट्टा अड़ा दिया और जान से मारने की धमकी देकर तिजोरी की चाबियां हासिल कर लीं। गिरोह ने करीब 3 लाख रुपए की नकदी और लाखों के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरी वारदात के दौरान बगल के कमरे में सो रहा परिवार बेखबर रहा। पीड़ित पहलवान धाकड़ के अनुसार रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात करीब 12-1 बजे जब वे अपने कमरे में गहरी नींद में थे, तभी अचानक तीन हथियारबंद बदमाश कमरे में दाखिल हुए।



■ एफएसएल की टीम और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट पहुंचे

गुना में जबरदस्त खूनी संघर्ष

## 50 हजार कर्ज के बदले मांगी 'नाबालिग बेटी'

**गुना।** गुना में पारदी समुदाय के दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विवाद की मुख्य जड़ 50 हजार रुपए की उधारी और एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का जबरन बाल विवाह कराने का दबाव बताया जा रहा है। नाबालिग की शादी के विवाद के बीच दो पक्ष आपस में भिड़ गए और धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में नाबालिग और महिलाओं समेत 7 लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में डायल 112 को सूचना देने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचने का आरोप लगा है। यह घटनाक्रम कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगवासा से सामने आया है।



■ चले हथियार हिंसक झड़प में 7 लोग घायल

बनारस से खजुराहो जा रही थी ट्रेन

# वंदे भारत पर पत्थरबाजी, ट्रेन के शीशे को फोड़ा, आरपीएफ ने एक को दबोचा

पक्षियों के शिकार के लिए आरोपी ने पत्थर चलाया था

एजेंसी ▶▶ बांदा

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में पत्थर मारने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बनारस से खजुराहो जा रही वंदे भारत ट्रेन में किसी ग्रामीण ने पत्थर फेंककर उसका शीशा तोड़ दिया। गेटमैन ने देखा तो रेल अफसरों को सूचना दी, जिसके बाद आरपीएफ ने घटना का संज्ञान लेकर केस दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के बाद आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। गौर हो कि बनारस खजुराहो वंदे भारत ट्रेन का उदघाटन पीएम मोदी ने पिछले महीने 8 नवंबर को किया था। आरपीएफ के इंचार्ज राजेंद्र कुमार ने बताया कि गाड़ी नंबर (26506) बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शनिवार को सुबह खजुराहो जा रही थी।



वंदे भारत की खिड़की का टूटा हुआ शीशा

करणी सेना पर पथराव, तनाव के बाद पुलिस तैनात

# सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन को कार्रवाई के लिए 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर-आष्टा

जिले के आष्टा शहर के अलीपुर क्षेत्र में रविवार रात मामूली विवाद के बाद भड़की हिंसा और पथराव की घटना ने शहर में सनसनी फैला दी है। इस घटना के विरोध में अब सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है।

सोमवार को सर्व हिंदू समाज के नेतृत्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। सर्व हिंदू समाज ने प्रशासन को सख्त कार्रवाई के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है, वहीं व्यापार महासंघ ने मंगलवार को नगर बंद रखने का ऐलान किया है। रविवार रात करीब 9.30 बजे अलीपुर क्षेत्र में उस समय विवाद की स्थिति बनी जब हरदा में आयोजित करणी सेना के आंदोलन से लौट रहे सैनिकों का स्थानीय लोगों से किसी बात पर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि पथराव शुरू हो गया।

**व्यापार महासंघ आज रखेगा नगर बंद**



तनाव के बाद घटना स्थल पर पुलिस

पचमढ़ी और रीवा में कोहरा पानी की छोटी बूंदों के रूप में टपका

वाहन रेंगते रहे, आज और अधिक घने कोहरे का अलर्ट

# छह जिलों में रात का पारा 4 से 7 डिग्री के बीच, दर्जन भर जिलों में घने कोहरे के बीच सुबह 'टिमटिमाता' दिखा सूरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार सुबह कुछ जिलों की हवा में नमी की मात्रा 95 से 100 फीसदी तक पहुंच गई। इससे करीब आधा दर्जन जिलों में अति घने कोहरे से विजिबिलिटी शून्य यानि 50 मीटर या इससे कम रही। एक दर्जन जिलों में घना कोहरा रहा, जबकि पचमढ़ी और रीवा में अति घना कोहरा पानी की छोटी बूंदों में टपकता रहा।

इससे सड़कें अलसुबह गीली हो गईं। छह जिलों में रात का पारा 4 से 7 डिग्री के बीच रहने से यहां कड़ाके की सर्दी का दौर है।

सुबह की हवा में 100 फीसदी तक नमी, अति घने कोहरे के आगोश में प्रदेश

आधा दर्जन जिलों में दृश्यता 50 मीटर के करीब यानि शून्य



रायसेन में सुबह घने कोहरे का असर

### यहां दृश्यता 50 मीटर या इससे कम

दतिया और रीवा में शून्य दृश्यता रही। ग्वलियर, जबलपुर, खजुराहो, नौगांव, सागर, सतना और उमरिया आदि जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक रहने से यातायात प्रभावित रहा।




## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती पर 'शून्य से शतक' कार्यक्रम

# राष्ट्रनीति के शिखर पुरुष, राजनीति के अजातशत्रु और लोकतंत्र की मर्यादा के प्रतीक थे 'वाजपेयी'

### उपराष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने चार विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अटलजी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और मिशन थे। उनके कर्म, आदर्श और सुशासन की दृष्टि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक प्रकाश हैं। उन्होंने कहा कि स्व. अटल भले हमारे बीच शारीरिक रूप से न हों, लेकिन उनके आदर्श सदैव हमारे हृदयों में जीवित रहेंगे और राष्ट्र को दिशा देते रहेंगे।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन रविवार को इंदौर में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अटल जी का जीवन ऐसे ग्रंथ की भांति था, जिसका प्रत्येक पृष्ठ नैतिकता, उत्कृष्टता और राष्ट्रधर्म की राह दिखाता है। अटल जी केवल राजनेता नहीं थे, बल्कि वे कवि, चिंतक, अद्भुत नेतृत्व गुणों से संपन्न, विनम्र, संवेदनशील और स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त थे।

#### मां अहिल्या की पावन धरती पर आकर उन्हें विशेष प्रसन्नता

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि मां अहिल्या की पावन धरती पर आकर उन्हें विशेष प्रसन्नता है। उन्होंने अटल फाउंडेशन के मंच से स्व. अटल के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. अटल जी संवाद, समावेशी विकास और मानवीय सुशासन में विश्वास रखते थे। सांसद, कवि और प्रधानमंत्री-हर भूमिका में उन्होंने सार्वजनिक विमर्श को गरिमा दी और सिद्ध किया कि राजनीति सिद्धांतनिष्ठ और करुणामय हो सकती है।


उपराष्ट्रपति ने कवि सत्यनारायण सत्तन को सम्मानित किया।

#### नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक पवित्र पद का धारण किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी का लगातार 50 वर्ष तक विपक्षी नेता के रूप में बोलते रहना आज के युग में कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात होगी। विशेष रूप से उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक पवित्र पद का धारण किया था। जब-जब देश को आवश्यकता पड़ी चाहे किसी काल में कोई विशेष अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा हो, उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। जब भी वे विदेश गए भारत माता को सदैव गौरवान्वित किया। लोकतंत्र को पूरे आनंद के साथ अनुभव करते हुए पूरे देश को

#### राजनीति के अजातशत्रु, विचारों की दृढ़ता रखते हुए वे भारतीय मर्यादा के प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजनीति के शिखर पुरूष, राजनीति के अजातशत्रु और विचारों की दृढ़ता रखते हुए वे भारतीय मर्यादा के प्रतीक बने। भारत रत्न श्री अटल वाजपेयी जी को हमारे बीच के कई लोगों ने देखा भी है। वास्तव में वे एक ऐसा व्यक्तित्व थे, जिसने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में अपनी हर एक जगह महत्ता स्थापित की। प्रारंभ में अटल जी की संघ के एक प्रचारक के रूप में पहचान बनी थी।

#### युगपुरुष थे अटल जी : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि अटल जी ऐसे व्यक्तित्व रहे, जिन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षण में देश को गौरवान्वित करने के कार्य किए। भारतीय राजनीति में अटल जी एक युगपुरुष के समान रहे हैं। प्रधानमंत्री रहते हुए देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाने की उनकी दूरदृष्टि अद्वितीय रही है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने भारतमाता और लोकतंत्र को गौरवान्वित किया।

#### दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अटलजी का जीवन विचारों की दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व ऐसा था जिसने हर काल और हर युग में भारतीय राजनीति को दिशा दी। उनकी राजनीतिक यात्रा भारतीय लोकतंत्र की प्रेरक गाथा है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर इंदौर में 'शून्य से शतक' कार्यक्रम का गरिमामय रूप से आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में देश के उपराष्ट्रपति, राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चार प्रतिष्ठित विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से अलंकृत किया। इनमें सत्यनारायण सत्तन (प्रसिद्ध कवि), सत्यनारायण जटिया (पूर्व केंद्रीय मंत्री), संजय जगदाले (भारतीय क्रिकेट टीम चयन समिति के पूर्व चयनकर्ता) तथा पारंग शुक्ला (सागर) शामिल हैं। समारोह में अटल जी के जीवन पर आधारित एक भावपूर्ण लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, अटल जी से जुड़े संस्मरणों पर आधारित पुस्तक सदा अटल महाग्रंथ के तृतीय संस्करण के कवर पेज तथा केलेण्डर का विमोचन भी किया गया। अटल फाउंडेशन की माला तिवारी वाजपेई ने स्वागत भाषण दिया।*

---

### मनरेगा का नाम बदलने का कांग्रेस ने किया विरोध



**भोपाल।** मनरेगा का नाम बदलने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ रविवार को भोपाल कांग्रेस कमेटी ने मिंटो हॉल में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में भोपाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी धनोपिया सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। विरोध जताते हुए भोपाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदलना यानि सीधे उनके सम्मान को आघात पहुंचाना है।

### महाकाल विद्वत परिषद् ने सीएम को लिखा पत्र

**भोपाल।** महाकाल विद्वत परिषद् उज्जैन द्वारा नगर के विद्वानों को पत्र भेजकर राजा भर्तहरी के इतिहास,संस्कृति और पुरातत्व के सन्दर्भ में विस्तार से जानकारी मांगी है, साथ ही भर्तहरी गुफा पर कॉरिडोर बनाने और ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर का सरकारीकरण करने महाकाल विद्वत परिषद का मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ की विद्वत परिषद् के राष्ट्रीय प्रमुख आशीष अग्निहोत्री ने बताया, राजा भर्तहरी,विक्रमादित्य के बड़े भाई हैं, इसलिए यह संपदा राज घराने से संबंध रखती है।

---

## मुख्यमंत्री निवास में अभिनंदन एवं आभार कार्यक्रम के दौरान बोले मुख्यमंत्री

# विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे, हम सब मिलकर प्रदेश को बनाएंगे समृद्ध

### मुख्यमंत्री का शाजापुर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संघों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अपनेपन से कुछ और बेहतर करने की नई ऊर्जा मिलती है। शाजापुर जिले ने प्रदेश को विचारों की दिशा दी है। इसलिए विकास में पहला हक भी शाजापुर का है। हम शाजापुर जिले के विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे। मक्सी के साथ-साथ अब शाजापुर में भी बदलाव की बयार बह रही है।

हम सब मिलकर मप्र को एक विकसित और समृद्ध प्रदेश बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शाजापुर जिले के जनप्रतिनिधियों, उद्योग संघ, डाक्टर्स एसोशिएशन, कर्मचारी संघ, अधिवक्ता संघ, उद्योग भारती के गणमान्य जनों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों के साथ अंगवस्त्रम ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री निवास पर अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया। शाजापुर जिले को विकास की विभिन्न सौगातें देने के लिए आयोजित अभिनंदन समारोह में जिले के जनप्रतिनिधियों ने बीते दो साल की उपलब्धियों का जिक्र किया।

**खास बातें**
- शाजापुर में बनेगा मेडिकल कॉलेज, शुजालपुर को मिलेगा आयुर्वेदिक कॉलेज
- दो साल में शाजापुर जिले को मिली कई सौगातें


अतिथियों ने किया सीएम का अभिनन्दन।

#### मक्सी क्षेत्र में 8000 करोड़ के निवेश वाली सोलर प्लेट बनाने वाले उद्योग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर विधानसभा के मक्सी क्षेत्र में 8000 करोड़ रुपए निवेश वाली सोलर प्लेट बनाने वाले उद्योग की सौगात दी है। इसका भूमि-पूजन हो चुका है। इससे जिले के विकास को नये पंख मिल गए हैं। शाजापुर जिला 2 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं (पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना एवं नर्मदा-कालीसिंध परियोजना) से लाभान्वित हुआ। शाजापुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात, आलू-प्याज की मंडी को मंजूरी, शाजापुर शहर का एबी रोज-4 लेन, मक्सी से मोहन बड़ौदिया बायपास निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इन सभी सौगातों से जिले के सभी नागरिक बेहद खुश हैं। इस अवसर पर शाजापुर जिले से आए जनप्रतिनिधि, डॉक्टर्स, व्यापारी, उद्योगपति और बड़ी संख्या में नागरिकगण भी उपस्थित थे।

#### शाजापुर जिले को तो सबसे अधिक सौगातें मिली

शाजापुर के विधायक अरुण भीमावद व कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री मप्र के गौरव हैं। दो साल की अल्प अवधि में मुख्यमंत्री ने मप्र की काया पलट दी है। शाजापुर जिले को तो सबसे अधिक सौगातें मिली हैं। इसलिए यहां के नागरिक अभिभूत हैं। हम सब हमेशा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ऋणी रहेंगे।

#### 2 मेट्रोपोलिटन एरिया के बीच में शाजापुर सबसे अच्छी जगह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 मेट्रोपोलिटन एरिया के बीच में शाजापुर सबसे अच्छी जगह है। शाजापुर 2 मेट्रोपोलिटन का केन्द्र बिन्दु है। शाजापुर में जल्द ही मेडिकल कॉलेज बनेगा।


पोहा-जलेबी का लुत्फ लेते सीएम।

#### मुख्यमंत्री ने इंदौर में इंदौरी पोहा-जलेबी का लिया लुत्फ

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रविवार को इंदौर पहुंचे थे। वे इंदौर में मप्र पिकलबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एयरपोर्ट के रास्ते में अचानक गाड़ी रुकवाई और कॉलानी नगर स्थित मौसा पराठा हॉउस में इंदौरी पोहा जलेबी और चाय का लुत्फ लिया। इस दौरान उन्होंने रेस्टोरेंट के वर्कर्स के साथ सहज अंदाज में फ़ोटो भी खिंचवाए और उनका अभिवादन भी स्वीकारा।

---

# मध्य प्रदेश में शुरू हुई बजट की तैयारियां- 4 लाख करोड़ से ज्यादा का होगा जीरो बेस्ड बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में आगामी बजट की तैयारी शुरू हो गई है। वित्त विभाग ने समीक्षा के लिए तारीख भी तय कर ली है। करीब 32 विभागों के लिए 10 दिन का समय रखा गया है। इस दौरान अलग-अलग दिनों में विभाग बार समीक्षा की जाएगी। इस बार वित्त विभाग ने जीरो बेस्ड बजट तैयार करने का फैसला किया है। यानी कि विभागों को राशि उतनी ही दी जाएगी। जितनी खर्च करने की आवश्यकता है।

अभी तक मध्य प्रदेश सरकार रोलिंग बजट तैयार करती थी यानी कि पहले विभागों को बजट दिया जाता था लेकिन कई बार वह पैसा जनता के लिए खर्च नहीं हो पता था। इसलिए जीरो बेस्ड बजट तैयार करने का निर्णय वित्त विभाग ने लिया है। 12 जनवरी से लेकर 22 जनवरी के बीच 32 विभागों की समीक्षा का कार्यक्रम रखा गया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने सभी विभागों की अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए निर्देश दिए हैं।

#### 32 विभागों की 10 दिन के भीतर होगी समीक्षा

#### दिसंबर में हो चुकी 22 विभागों की बैठक

*वित्त विभाग ने अभी तक करीब 22 विभागों बैठके ली है। दिसंबर महीने में अलग-अलग तरीकों में विभाग के साथ चर्चा हुई है। यह वह विभाग है। जिनका बजट अन्य विभागों से कम है। खास तौर पर केंद्रीय स्पॉन्सर स्कीम इन विभागों में लागू है। इसलिए ज्यादा मध्य प्रदेश सरकार पर भर नहीं है लेकिन कई ऐसे विभाग है। जिन पर सरकार को ज्यादा बजट की आवश्यकता होती है। स्कूल शिक्षा स्वास्थ्य लोक निर्माण विभाग जल संसाधन और अन्य विभाग शामिल है। जिस दिन में अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होती है।*

#### 3 सालों का तैयार किया जाएगा रोलिंग बजट

साल 2026- 27 के बजट के साथ-साथ 27-28 और वित्तीय वर्ष 28 और 29 के रोलिंग बजट को भी तैयार करने के लिए वित्त मंत्री ने निर्देश दिए हैं। साल 2026-27 के साथ-साथ 28 और 29 के बजट को विभाग को तैयार करना है। इससे यह बात पता चल सके की आने वाले 3 साल में सरकार को कितने और बजट की जरूरत होगी। क्योंकि 4 लाख करोड़ से अधिक का पिछला बजट था। इस बार साढ़े 34 लाख करोड़ से ज्यादा बजट रखा जाएगा।

---

## सिटी कोतवाली थाना जशपुर का मामला, जांच जारी

# दस्तावेजों में मृतक शख्स हकीकत में जिंदा निकला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र से सामने आया यह मामला अब पुलिस जांच, न्यायिक प्रक्रिया और सिस्टम - तीनों के लिए एक सनसनीखेज पहेली बन गया है। जिस युवक सीमित खाखा (30) को पुलिस रिकॉर्ड में मृत घोषित कर उसकी हत्या का खुलासा किया जा चुका था। वही युवक शनिवार रात अचानक जिंदा हालत में सिटी कोतवाली थाना पहुंच गया। पुलिस से कहा कि 'साहब, मैं जिंदा हूं' मेरी हत्या नहीं हुई है। सीमित को सामने खड़ा देख पुलिस अधिकारी, परिजन और ग्रामीणों के होश उड़ गए। हत्या, गिरफ्तारी, कबूलनामा और जेल सब कुछ एक पल में सवालों के घेरे में आ गया।

22 अक्टूबर को पुरनानगर- बालाछापर के बीच तुरीटोंगरी जंगल में एक युवक की अधजली लाश मिली थी। शव एक गड्ढे में पड़ा था, चेहरा और शरीर का अधिकांश हिस्सा जला हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। सिटी कोतवाली थाना जशपुर में बीएनएस की धारा 103(1) व 238(क) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि सीमित खाखा मजदूरी के लिए झारखंड गया था। उसके साथ गए साथी लौट आए, लेकिन सीमित नहीं आया। पुलिस के अनुसार, 17 अक्टूबर को सीमित अपने साथियों के साथ जशपुर लौटा, जहां बांकी नदी पुलिया के पास शराब पार्टी के दौरान कमीशन को लेकर विवाद हुआ।

#### परिजनों ने की थी शव की पहचान

अधजली लाश की पहचान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष सीमित की मां, पिता और भाई ने सीमित खाखा के रूप में की। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम का फॉरेंसिक रिक्रिएशन कराया। आरोपियों के बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज हुए, जहां उन्होंने हत्या स्वीकार की। वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

#### 20 दिसंबर को आया ट्विस्ट

शनिवार 20 दिसंबर की रात वह पल आया, जिसने पूरी जांच को उलट दिया। ग्राम पंचायत सिटोंगा की सरपंच कल्पना खलखो के साथ सीमित खाखा खुद सिटी कोतवाली थाना पहुंच गया। सरपंच ने बताया कि सीमित झारखंड से आने वाली बस से उतरा था। ऑटो चालक ने उसे पहचान लिया और फोन कर सूचना दी कि जिस युवक की हत्या के आरोप में लोग जेल में हैं, वो युवक जिंदा है और मेरी ऑटो में बैठा है।

#### सीमित के बयान संदेहास्पद

सीमित खाखा ने पुलिस को बताया कि रांची पहुंचने के बाद वह अपने साथियों से बिछड़ गया और गिरिडीह जिले के सरईपाली गांव में खेतों में मजदूरी करने लगा। उसके पास मोबाइल नहीं था, इसलिए किसी से संपर्क नहीं कर सका। क्रिसमस मनाने घर लौटते ही यह सनसनीखेज सच्चाई सामने आ गई। हालांकि सीमित के इस बयान में कितनी सच्चाई है पुलिस की जांच कर रही है। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि जिस युवक को मरा हुआ मानकर हत्या का केस सुलझाया गया। वही जिंदा खड़ा है तो फिर जंगल में मिली अधजली लाश आखिर किसकी थी? पुलिस अब इसी सवाल से जूझ रही है।

---

## कार्यक्रम में खासतौर से पहुंचे केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा

# सरकार के दो साल होने पर मनाया 'जनादेश परब'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के पुलिस ग्राउंड में 'जनादेश परब' छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो साल निरंतर सेवा निरंतर विकास को लेकर भव्य सभा का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने जिला प्रशासन के द्वारा लगाए गए सभी विकास कार्यों की स्टॉल का निरीक्षण किया गया। मंच पर जेपी नड्डा का माला से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्री मंडल ने स्वागत किया। पीएम आवास के हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया। छत्तीसगढ़ के जांजगीर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने नक्सलियों के साथ साठगांठ की थी। जबकि मोदी सरकार ने इस खतरे का डटकर मुकाबला किया।

#### छग की जनता का आभार: सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं, भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद देकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लेकर सरकार को बैठाया है। छत्तीसगढ़ की जनता का आभारी हूं। दो साल में उनके विश्वासों पर खरा उतरने का प्रयास किया गया है।

---

## तीन लोगों पर किया था कुल्हाड़ी से हमला

# प्राणघातक हमले का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

जिले के झलमला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौंरू में बीते 17 दिसंबर को एक सिरफिरे आरोपी ने तीन युवकों के ऊपर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया था। इसमें तीनों युवक को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी संजय ध्रुव ने बताया कि ग्राम सौंरू निवासी तीन युवक अलग-अलग दो बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही आरोपी खेदूराम बैगा पिता स्व. समारू बैगा उम्र 79 द्वारा



अचानक कुल्हाड़ी से हमला किया गया। मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार कुल्हाड़ी जब्त की गई है।

---

## ऊर्जा मंत्री ने दो साल का रिपोर्ट कार्ड पेश कर बताया तीन साल का लक्ष्य

# 'बिजली सरप्लस राज्य' बना मध्यप्रदेश, इतिहास में पहली 19,113 मेगावाट मांग की निर्बाध आपूर्ति: प्रद्युम्न सिंह तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए मध्यप्रदेश 'बिजली सरप्लस राज्य' बन गया है। 12 दिसंबर 2025 को प्रदेश के इतिहास में पहली बार 19,113 मेगावाट की सर्वाधिक बिजली मांग बिना किसी कटौती के पूरी की गई। यह मोहन सरकार की दूरदर्शी योजना और ऊर्जा विभाग की समयबद्ध कार्यप्रणाली का परिणाम है। यह बात कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर हाल में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कही। रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में ऊर्जा विभाग की उपलब्धियां गिनते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की कुल अनुबंधित विद्युत क्षमता 25,081 मेगावाट है, जिससे मप्र बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है। आज बिजली हर नागरिक की बुनियादी आवश्यकता है


प्रेस कांफ्रेंस करते ऊर्जा मंत्री तोमर।

#### बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत थानों की होगी स्थापना

बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है। जल्द ही प्रदेश में बिजली विभाग द्वारा विद्युत थाने शुरू किए जाएंगे। इन थानों में बिजली कंपनियों की अपनी पुलिस व्यवस्था होगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली चोरी एक बड़ा अपराध है, जिसमें तीन साल तक की सजा का भी प्रावधान किया गया है। विद्युत थानों में पीएचक्यू से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

#### एक करोड़ उपभोक्ताओं को 100 यूनिट 100 रुपए में

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को प्रतिवर्ष लगभग 26 हजार करोड़ की सब्सिडी दी जा रही है। करीब एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं से प्रथम 100 यूनिट बिजली के लिए मात्र 100 रुपए लिए जा रहे हैं। वहीं कृषकों को कुल देय राशि का केवल सात प्रतिशत भुगतान दो किश्तों में करना होता है। इसके अलावा उद्योगों को भी लगभग 2,000 करोड़ रुपए की वार्षिक बिजली दर में छूट दी जा रही है।

#### सारणी और चचाई में स्थापित किए जाएंगे दो नए ताप विद्युत संयंत्र

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे हैं। शासकीय जनरेटिंग कंपनी द्वारा सारणी और चचाई में 660-660 मेगावाट के दो नए ताप विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। ट्रांसमिशन कंपनी की 5,000 करोड़ की पंचवर्षीय योजना को भी स्वीकृति दी गई है। वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह की इकाई-5 लगातार 442 दिनों से संचालित होकर रिकॉर्ड बना चुकी है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की इकाई-10 वित्तीय वर्ष 2023-24 में 305 दिन लगातार चली।

जिनके खिलाफ एफआइआर, वे कर रहे हैं औचक निरीक्षण

किसकी इशारे पर चल रहा है यह खेल

# क्या इस बार भी धान खरीदी में होगा बड़ा घोटाला?

बीते लंबे समय से जबलपुर जिले में हो रही समर्थन मूल्य की खरीदी में व्यापक घोटाले लगातार उजागर हुए हैं जिला प्रशासन एवं जिला उपार्जन समिति हर बार यह दावा करती है कि इस बार हम किसी प्रकार का कोई घोटाला नहीं होने देंगे लेकिन कहावत वही ढाक के तीन पात वाली हो जाती है। दरअसल इन दिनों जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जोरो पर है।



हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में 89 खरीदी केंद्र बनाए गए है। सभी खरीदी केंद्रों के लिए दो-दो सर्वेयर रखे गए हैं सबसे बड़ी बात यह कि यह सर्वेयर ठेके पर काम कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज है वह सर्वेयरों की बैठक ले रहे हैं। गौरतलब है कि लगभग 20 दिनों से जिले में धान की खरीदी हो रही है, धान खरीदी में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा हर रोज नये दिशा निर्देश देकर स्वयं भी मानीटरिंग कर रहे हैं। इसके बाद भी कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें सिर्फ अपना स्वार्थ सिद्व करना है।

### फरार आरोपी कर रहे निरीक्षण

कहा जा रहा है कि ठेका कंपनी के अधिकारी अतुल चौहान द्वारा सुपरवाईजर रोहित पटैल के साथ मूंग घोटाला के फरार आरोपी सर्वेयर देवेंद्र यादव व रोहित यादव प्रत्येक खरीदी केंद्र जाकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इतना ही प्रत्येक सर्वेयर की बैठक भी ले रहे हैं। सवाल यह उठता है कि जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज है वह कैसे निरीक्षण कर सर्वेयरों की बैठक ले सकते हैं। इस पूरे कृत्य में ठेका कंपनी पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### 5 हजार रूपये लेने की भी बात

सूत्रों का कहना है कि दागियों के सहारे कंपनी द्वारा अपने ही सुपरवाईजरों से वसूली करवाई जा रही है। प्रत्येक सुपरवाईजर से 5 हजार रूपये लिए जा रहे हैं। यहां भी सवाल यह उठता है कि ये पैसे किसके कहने पर लिए जा रहे हैं। कहीं ठेका कंपनी के अधिकारी ही तो जबलपुर में हो रही धान की खरीदी को बर्बाद करने की साजिश तो नहीं रच रहे हैं। बहरहाल इस मामले में अब देखना यह होगा कि कलेक्टर किस प्रकार की कार्यवाही करते हैं।

# किशोरी बालिकाओं के लिए लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**जबलपुर।** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, जबलपुर शाखा द्वारा आज 22 दिसंबर 2025 को चंचला बाई महाविद्यालय एवं बिदाम बाई विद्यालय में किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य (SRH) के विषय में जागरूक करना और उनसे जुड़ी गलत धारणाओं को दूर करना था। इसके साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से बालिकाओं को आम स्वास्थ्य समस्याओं जैसे मासिक धर्म संबंधी विकार, जननांग पथ के विकार, शारीरिक विकास की चिंताएँ, एनीमिया, कुपोषण, मुंहासे एवं कम वजन जैसी समस्याओं का परामर्श, सलाह और निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं। शिविर में 70 से अधिक किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया और विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन शाखा प्रबंधक श्री रवि शरण गौतम ने किया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव और स्टाफ नर्स समता ऊईक ने शिविर में सक्रिय सहयोग दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना पाण्डेय, बिदाम बाई विद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशिकला लाडिया एवं समस्त सहयोगी स्टाफ ने भी इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह के स्वास्थ्य शिविर किशोरियों के लिए जागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना सम्मेलन आज

**जबलपुर।** नगर निगम सीमा अंतर्गत दिनांक 23 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने समस्त अविवाहित युवक-युवतियों से विनम्र अपील की है, कि विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने के लिए सभी संभागीय कार्यालयों से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक सभी दस्तावेजों को संलग्न करते हुए दिनांक 03 जनवरी 2026 तक कार्यालय में जमा करें, ताकि आप सभी अविवाहित युवक युवतियों को योजना का लाभ मिल सके। इस संबंध में उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में आवेदक को किसी प्रकार की समस्या हो तो नगर निगम के योजना शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

टीएल प्रकरणों के संवेदनशील और समयबद्ध निराकरण पर जोर

# लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर सख्त कलेक्टर, अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश



**जबलपुर।** जिले में लंबित प्रकरणों के त्वरित और संवेदनशील निराकरण को लेकर कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला प्रशासन के सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित समस्त जिला अधिकारी शामिल हुए, जबकि फील्ड स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि दावे-आपत्तियों एवं नोटिस जारी प्रकरणों की सुनवाई सभी विधानसभाओं में नियमानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिदिन होने वाली सुनवाई की फोटोग्राफी कराई जाए तथा इसकी विधिवत रिकॉर्डिंग रखी जाए। कलेक्टर ने बताया कि कल ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जिसे लेकर सभी संबंधित अधिकारी सतर्कता बरतें।

इसके साथ ही कलेक्टर ने बताया कि 25 दिसंबर को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के अंतर्गत संभागीय मुख्यालय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम होटल कल्चुरी में प्रस्तावित है, जिसमें रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़े हितग्राही और संबंधित विभागीय अमला शामिल होगा। कार्यक्रम में टू-वे कम्युनिकेशन की व्यवस्था भी रहेगी, ताकि हितग्राहियों की समस्याओं और सुझावों को सीधे सुना जा सके।

बैठक में समय-सीमा (टीएल) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ किया जाए। उन्होंने धान उपार्जन की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की तथा खरीदी और भुगतान की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन, खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने विभिन्न स्थानों से प्राप्त शिकायतों और अलग-अलग विभागों में लंबित पत्रों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शासकीय भूमि आवंटन से जुड़े लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया। साथ ही सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए गए।



## कॉलेज के संबद्धता आवेदन पर उचित निर्णय पारित करे विश्वविद्यालय

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को याचिकाकर्ता कॉलेज के संबद्धता के आवेदन पर विचार कर उचित निर्णय पारित करें। जस्टिस विनय सराफ व जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने कहा कि विश्वविद्यालय 31 दिसंबर के पूर्व यह कार्रवाई सुनिश्चित करे ताकि कॉलेज अन्य औपचारिकताएं पूरी कर सके। जबलपुर के एचएस रूपराह विधि कॉलेज ने याचिका दायर कर बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने एक परिपत्र जारी कर सभी विधि महाविद्यालयों को 31 दिसंबर तक अगले सत्र के पहले मान्यता के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज पेश करने कहा है। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने विश्वविद्यालय को आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक उस पर निर्णय नहीं लिया गया।

तीन वर्ष पूरा कर चुकी समितियों का पुनर्गठन करने के आदेश

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर सजग सभी कार्यालयों में आंतरिक समिति गठन के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में आंतरिक समिति (इंटरनल कमेटी) के गठन के सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह समिति महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम के अंतर्गत गठित की जानी है।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि जिन कार्यालयों में दस या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाए। जिन कार्यालयों में पूर्व से समिति गठित है और उसका कार्यकाल तीन वर्ष पूर्ण हो चुका है, वहां समिति का पुनर्गठन किया जाना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि अधिनियम का पालन न केवल कानूनी बाध्यता है, बल्कि यह महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है।

समिति के गठन को लेकर कलेक्टर ने दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आंतरिक समिति में कार्यालय की वरिष्ठ महिला अधिकारी को पीठासीन अधिकारी बनाया जाए। यदि किसी कार्यालय में वरिष्ठ पद पर महिला अधिकारी उपलब्ध नहीं है, तो उसी नियोक्ता के अंतर्गत अन्य कार्यालय, इकाई, विभाग या कार्यस्थल से किसी महिला कर्मचारी को नामित किया जाएगा। इसके अलावा समिति में शामिल सदस्यों को महिलाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील, सामाजिक कार्य का अनुभव रखने वाला तथा कानूनी जानकारी से युक्त होना आवश्यक बताया गया।

कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि आंतरिक समिति में कम से कम एक सदस्य बाहरी होना चाहिए। यह सदस्य सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत किसी अशासकीय संस्था से जुड़ा होना चाहिए, जिसे अधिनियम की जानकारी हो और जो महिलाओं के मुद्दों के प्रति संवेदनशील हो। उन्होंने कहा कि नामनिर्देशित कुल सदस्यों में से कम से कम आधे सदस्य महिलाएं होना अनिवार्य है। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री सौरभ सिंह ने सभी कार्यालयों को निर्देश दिए कि आंतरिक समिति के गठन के पश्चात उसकी संपूर्ण जानकारी कलेक्ट्रेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग, कक्ष क्रमांक-107 में हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी के माध्यम से तथा कार्यालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर शीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी कार्यस्थल पर समिति का गठन नहीं किए जाने की स्थिति में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संबंधित नियोक्ता पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने सभी विभागों और संस्थानों से अपेक्षा की कि वे अधिनियम के प्रावधानों का गंभीरता से पालन करते हुए समय-सीमा में आंतरिक समिति का गठन करें, ताकि जिले में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल सुनिश्चित किया जा सके।

## जबलपुर में सांसद खेल महोत्सव एवं राष्ट्रीय एनएसएस कार्यक्रम में मंत्रीगण करेंगे भागीदारी

**जबलपुर।** प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग मंगलवार, 23 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे रानीताल खेल परिसर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। मंत्री श्री सारंग सोमवार 22 दिसंबर की रात 9 बजे सिवनी से कार द्वारा जबलपुर पहुँचेंगे और सर्किट हाउस में विश्राम करेंगे। खेल महोत्सव के उद्घाटन के बाद वे सुबह 10.30 बजे जबलपुर से बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे। उसी दिन प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार का भी जबलपुर आगमन होगा। वे सुबह 5.35 बजे इंदौर-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा भोपाल से जबलपुर पहुँचेगे। श्री परमार सुबह 10.30 बजे ट्रिपल आईटीडीएम में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राष्ट्रीय एकता शिविर के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे वे जबलपुर से लखनादौन प्रस्थान करेंगे।

सुबह-सुबह विभिन्न क्षेत्रों का लिया जायजा

# शहर की स्वच्छता और सौंदर्य को लेकर निगमायुक्त सख्त




**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर निगम प्रशासन अब पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह 7 बजे से ही नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के दल के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दो घंटे तक सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, लोककर्म, पर्यावरण संरक्षण और अतिक्रमण हटाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को देखा और सभी कार्यों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने विजय नगर, उखड़ी, कछपुरा, दीनदयाल बस स्टैंड और माढ़ोताल तालाब जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की वास्तविकता जानना और जहां कमी है, उसे तत्काल दूर करना था। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निम्नलिखित बिंदुओं पर त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए जिसमें उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को स्वच्छता के निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने शहर के पार्कों और डिवाइडरों को और अधिक व्यवस्थित व सुंदर बनाने पर जोर दिया।

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सुगम यातायात और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम का वरिष्ठ प्रशासनिक अमला मौजूद रहा, जिनमें अपर आयुक्त अरविंद शाह, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, संभागीय यंत्री सतेंद्र चक्रवर्ती, अमन तिवारी, सौरभ चौकसे आदि उपस्थित रहे।

## गौरीघाट आश्रय स्थल का होगा कायाकल्प

**जबलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित पर्यटन एवं धार्मिक स्थल गौरीघाट क्षेत्र में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को संबल प्रदान करने के लिए नगर निगम हमेशा ही तत्परता से कार्य करता है। आज सोमवार को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया और विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने गौरीघाट स्थित आश्रय स्थल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यहाँ रहने वाले निराश्रितों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना निगम की प्राथमिकता है। इस आश्रय स्थल का पूर्णतः कायाकल्प किया जाएगा, जिससे यह सभी आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस होगा। सफाई, स्वच्छ पेयजल और सुव्यवस्थित आवास व्यवस्था के माध्यम से इसे एक मॉडल आश्रय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। स्वच्छता निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्र के कंपोस्ट प्लांट और सार्वजनिक शौचालयों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता मानकों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि टीम वर्क से ही शहर की तस्वीर बदलेगी। इस मौके पर उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, संभागीय अधिकारी पवन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



हुई नगर निगम की समीक्षा बैठक

# पारदर्शिता' के साथ तेजी से काम करने के निर्देश

जबलपुर। नगर निगम अब शहर की बुनियादी सुविधाओं और विकास परियोजनाओं को लेकर "मिशन मोड" में नजर आ रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज निगम के छह महत्वपूर्ण विभागों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित कार्यों को गति देना और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुँचाना रहा। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने 6 विभागों के कामकाज का विस्तृत ब्योरा लिया, जिसमें स्थापना विभाग, विधि विभाग, उद्यान, लोककर्म, अमृत और पी.एम. स्वानिधि योजना की समीक्षा कर निगमायुक्त ने ली प्रगति की जानकारी।

बैठक को संबोधित करते हुए निगमायुक्त अहिरवार ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य पारदर्शी तरीके से और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। निगमायुक्त ने कहा कि स्थाई कामों पर विशेष ध्यान रखा जाए ताकि जनता को लंबे समय तक सुविधा मिले। बैठक में निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों के कार्यों को पूर्ण पारदर्शी तरीके से गुणवत्ता पूरक पूर्ण कराएं। इस अवसर पर अपर आयुक्त, उपायुक्त एवं विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भक्ति, उल्लास और जयघोष से गूंज उठा गणेश नगर

# भक्तों के कल्याण हेतु हर युग में अवतार लेते हैं भगवानः सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि, जबलपुर।

गणेश नगर कछपुरा मालगोदम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण का पावन जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा स्थल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों से गूंज उठा। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का दिव्य प्रसंग संपन्न हुआ और मनोहारी झांकी के दर्शन हुए, वैसे ही श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे। संपूर्ण वातावरण श्रीकृष्णमय हो गया और भक्तों ने नृत्य कर अपने आराध्य के प्रति प्रेम और समर्पण प्रकट किया।

व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण अवतार के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अन्याय, अत्याचार और पाप के विनाश के लिए हुआ। उनका



जीवन समस्त मानवता को सत्य, प्रेम, करुणा और कर्तव्य का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य संदेश है, जिसका श्रवण करने से मनुष्य का चित्त शुद्ध होता है और भक्ति भाव जागृत होता है।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु, हुई पुष्पवर्षा

श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव के अवसर पर भजन गायक शिवा विश्वकर्मा एवं शरद तिवारी ने सुमधुर और भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। भक्तों पर पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो गया। श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां उत्सव के रूप में मनाई गईं।

### विधिवत पूजन और प्रसाद वितरण

इस अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण एवं व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान निशा वर्मा द्वारा श्रद्धा के साथ संपन्न कराया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान को फल, गुड़ के लड्डू, हरीरा, मिष्ठान्न एवं माखन का भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

कथा में भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने संपन्न कराया। आयोजन में मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ नेहा श्रीवास्तव, विपुल राखी श्रीवास्तव, आकाश शिखा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज सिहोरा की बैठक आयोजित



**सिहोरा।** नगर के सामाजिक उत्थान और रचनात्मक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से 'सर्वोदय ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सर्वांगीण विकास आगामी योजनाओं और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में बाबाताल मुक्तिधाम का मरम्मत कार्य और सौंदर्यीकरण करायें जाने के साथ पिछले 3 वर्षों में किए गए कार्यों और उपलब्धियों को संजोने के लिए एक विशेष स्मारिका का प्रकाशन करने का भी निर्णय लिया गया। इसी तरह नवीन कार्यकारिणी के साथ समाज द्वारा नशा मुक्ति के लिए जन-आंदोलन चलाये जाने के संबंध में भी चर्चा हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश कुररिया, महामंत्री जय प्रकाश तिवारी, विष्णु दत्त गौतम,शीतल दुबे,राम प्रसाद उपाध्याय, दिनेश उपाध्याय,बाल मुकुंद चौबे,अजय किशोर तिवारी,सुरेंद्र मिश्रा, महिला अध्यक्ष राखी तिवारी, भावना गौतम, युवा मंडल अध्यक्ष अभिषेक परोहा, अर्जुन गर्ग,घनश्याम बड़गैया,योगेंद्र मिश्रा,अशोक तिवारी,अमित कुररिया,डब्बू पाठक,नरेश कुमार चौबे,जे.एस.गौतम आदि उपस्थित थे।

## फैक्ट्री इम्लाई में गंभीर लापरवाही का आरोप





पनागर।

टाटा फैक्ट्री परिसर में संचालित जुपिटर विगिन लिमिटेड में मजदूरों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। यहां कार्यरत मजदूरों को लंबे समय से बिना सेफ्टी किट काम करने को मजबूर किया जा रहा है, जिससे उनकी जान जोखिम में बनी हुई है। मजदूर प्रदीप काछी ने आरोप लगाया कि वे पिछले दो वर्षों से ठेकेदार हेमंत सोनी एवं पंकज सोनी के अधीन कार्यरत हैं, लेकिन आज तक उन्हें हेलमेट, सेफ्टी शू, ग्लव्स सहित कोई भी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। सेफ्टी की मांग करने पर ठेकेदारों द्वारा अतिरिक्त पैसे की मांग की जाती है, जबकि मजदूरों द्वारा स्वयं खरीदे गए सुरक्षा उपकरणों को भी उपयोग में लेने से मना कर दिया जाता है। इसके साथ ही पीएफ को लेकर भी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। मजदूर का कहना है कि उनके पीएफ खाते में जानबूझकर गलत जानकारी दर्ज की गई, जिससे कई महीनों से राशि जमा नहीं हो पा रही है। शिकायत करने पर ठेकेदारों द्वारा टालमटोल और धमकी भरा रवैया अपनाया गया। पीड़ित मजदूर ने टाटा फैक्ट्री प्रबंधन से मांग की है कि सभी मजदूरों को तत्काल मानक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, लंबित पीएफ खातों को दुरुस्त कर राशि जारी की जाए तथा दोषी ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले ने औद्योगिक क्षेत्र में मजदूर सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## शासकीय महाविद्यालय मझौली में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया



**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय मझौली में 22 दिसंबर 2025 को महान गणितज्ञ आचार्य श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. भजनलाल परधान ने अपने संबोधन में गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं के समाधान का आधार है। कार्यक्रम का मंच संचालन रक्षा साहू एवं दीक्षा यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए गणितीय प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि एवं तार्किक सोच का विकास करना रहा। कार्यक्रम में डॉ. भरतेश भरिल, डॉ. सुनील पाण्डेय, डॉ. आमोद कस्तवार, डॉ. सोनिका धंधारिया, डॉ. रेनुका लारिया राज, श्री नमन अवस्थी सहित गणित समूह के विद्यार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## 6वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल परिसर में पक्की सड़क निर्माण का भूमि पूजन संपन्न

जबलपुर

सिद्धार्थ चौधरी के अथक प्रयासों से 6वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जबलपुर परिसर में पक्की सड़क निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आज 22 दिसम्बर को संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के मुख्य आतिथ्य में वाहिनी के शहीद मालसिंह सभागृह में एक अनौपचारिक समारोह के माध्यम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि वाहिनी परिसर में आधारभूत सुविधाओं का विकास प्राथमिकता है। पक्की सड़क निर्माण से अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान लंबे समय से लंबित योगा पार्क के निर्माण की भी घोषणा की गई, जिससे वाहिनी परिवार एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का वातावरण बना। कार्यक्रम में उप सेनानी लामू सिंह श्याम, सहायक सेनानी महेंद्र प्रताप सिंह, निरीक्षक विक्रम सिंह, निरीक्षक प्रमोद शुक्ला, निरीक्षक सुशील बगरी, निरीक्षक स्वरूप सिंह उईके, सूबेदार शोभित वर्मा, पार्षद अनुराग दाहिया सहित दामोदर सोनी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर 6वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। भूमि पूजन एवं विकास कार्यों की घोषणा से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है।

### विधायक अंतर्शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 24 को

**मझौली।** विद्यालयों से खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें बड़ा मंच देने के उद्देश्य से पाटन विधायक अजय बिश्नोई के मार्गदर्शन में मझौली विकासखंड में 24 दिसंबर को अंतर्शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता शंभू जी चौरसिया स्टेडियम, मझौली में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में मझौली तहसील के छात्र-छात्राएं 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्सीकूद, तवा फेंक, गोला फेंक एवं भाला फेंक जैसी विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेंगे। सभी प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को विधायक अजय बिश्नोई द्वारा पुरस्कार प्रदान किए

## मशाल दौड़ के साथ खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन



**पाटन।** नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आकर्षण विधायक अजय विश्नोई द्वारा मशाल लेकर दौड़ लगाना रहा। समारोह का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष देवकुमार यादव एवं प्राचार्य चरण सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि अजय विश्नोई ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाते हैं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में राकेश सिंह, उदयभान सिंह, एड. देवेंद्र यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष देवकुमार यादव, पं. कैलाश पाठक, गजेंद्र सिंह, एड. राघवेंद्र यादव, मोनू सिंह, आनंद मोहन पालहा, दीपक जैन, डॉ. चिंतन बबेले, रामशरण लोधी, सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक व खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद की मदद सबसे बड़ी मानवता : चौबे

## कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने बांटे कंबल, बैग

**सिहोरा।** भारतीय संस्कृति में जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ी मानवता बताई गई है हाड़कपा देने बाली पड़ती कड़ाके की ठंड में समाज के गरीब तपके के लोगों के लिए ठंड से बचने के लिए कंबल सबसे बड़ी आवश्यकता है और मैंने जरूरतमंदों को कंबल प्रदान कर अपने मानवता के धर्म को पूरा किया है यह बात मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव एवं पार्षद राजेश चौबे ने अपने वार्ड एवं खितौला सिहोरा में निवासरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के कृषि उपज मंडी में हम्माली का काम करने वाली जरूरतमंदों को कंबल



प्रदान करते समय व्यक्त किए।

### स्कुल के बच्चों को बैग का वितरण

इस अवसर पर वार्ड 13 की प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले छात्रों को अध्यापन सामग्री कॉपी पेन पेंसिल बस्ता प्रदान किए गए। यह आयोजन पार्षद राजेश चौबे ने माताजी श्रीमती जयंती चौबे की स्मृति में वार्ड क्रमांक 13,14 एवं 17 के एक हजार से अधिक जरूरतमंदों तथा दो सौ से अधिक छात्र छात्राओं को बस्ता अध्यापन सामग्री प्रधान की गई। इस अवसर पर पुरुषोत्तम लाल चौबे,लक्ष्मीकांत तिवारी,निर्मला तिवारी,सुनीता दुबे,पुष्पा शुक्ला,सागर तिवारी सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### हरगढ में भी कंबल वितरण

गहोई समाज के पूर्व अध्यक्ष हरगढ़ के मालगुजार गिरधर सरावगी ने जरुरतमन्द ग्रामीणो को ऊनी वस्त्र जर्सी साल कम्बल वितरित किये गये।इस अवसर पर इजी.पूनम सरावगी,इजी.पारुल सरावगी,इजी अनुराग सरावगी सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अजीब नजाराः सपेरे की लापरवाही से मची सांप की दहशत



**पाटन।** नया बस स्टैंड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक सपेरा शराब पीने के बाद अपनी पिटारी वहीं छोड़कर चला गया। पिटारी से कोबरा प्रजाति का सांप बाहर निकल आया, जिसे देखकर मौके पर मौजूद शराबियों में दहशत फैल गई। सोमवार दोपहर करीब 3 बजे पिटारी से सांप निकलते ही भगदड़ जैसा माहौल बन गया। सूचना पर सर्प विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे और जहरीले कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया। बताया गया कि सपेरा दुकान से शराब लेकर वहीं बैठकर पी रहा था और बाद में पिटारी छोड़कर गायब हो गया। सपेरे की पहचान नहीं हो सकी। करीब दो-तीन घंटे तक क्षेत्र में भय का माहौल रहा। सांप पकड़े जाने के बाद लोगों और शराबियों ने राहत की सांस ली।



## भागवत कथा की कलश यात्रा निकली

सिहोरा।

शिव मंदिर बाबाताल प्रांगण में आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ' की कलशयात्रा निकली जो गढ़िया मोहल्ला स्थित बड़ी महाकाली मंदिर गाजे-बाजे और धर्म ध्वजाओं के साथ प्रारंभ हुई जो झंडा बाजार,हरदौल मंदिर होते हुए बाबाताल मंदिर पहुंची। इस दौरान महिलाएं और कन्याएं सिर पर ज्योति कलश धारण किए हुए थीं वहीं पुरुष हाथों में धर्म ध्वजा लिए जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा का मार्ग पुष्प वर्षा और भक्तिमय गीतों से सराबोर रहा। देवी कथामृत महोत्सव' में पं. इंद्रमणि त्रिपाठी कथा का रसपान करायेंगे।

## आलगोडा में पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित



**सिहोरा।** ग्राम पंचायत आलगोड़ा के ग्राम मोहतरा मे राष्ट्रीय कृषि.विकास योजना के अंतर्गत पशु बांझपन निवारण एवं पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में डॉ संजय शर्मा विकास खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा पशुपालकों को पशुओं से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण की जानकारी दी गई। डा. शुभ्रा ब्यौहार प्रभारी पशु चिकित्सालय के द्वारा पशुओं का परीक्षण कर बांझ निवारण उपचार आदि के द्वारा पशुचालको को लाभान्वित किया गया। शिविर में अनेक ग्रामों के पशुपालक उपस्थित हुए कुल 160 पशुओं को उपचार बांझ निवारण गर्भ परीक्षण कर दवा वितरण टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच नमन चौबे, सचिव रावेन्द्र झारिया,अनमोल पटेल,कोटवार मोतीलाल दाहिया आदि उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में पशु विभाग से एस.एस.एच कादरी वरिष्ठ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी,नरेन्द्र कोरी,गोसेवक पुष्पेन्द्र चौधरी, परिचारक तथा सेवानिवृत्त हलीम खान,गेंदलाल का सहयोग रहा।

## जिला आंदोलनकारी भोपाल जाने का इंतजार करते रहे, विधायक ने कहा मुख्यमंत्री से समय नहीं ले पाया

सिहोरा।

सिहोरा जिला आंदोलनकारियों का सब्र का बांध उस समय टूट गया। जब बस स्टैंड धरना स्थल पर सोमवार दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक जिला के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से वार्ता हेतु भोपाल जाने का इंतजार करती रहे पर विधायक जी ने किसी न किसी बहाने आंदोलनकारियों को रात 8 बजे तक भोपाल जाने नही दिया। आखिर लाचार होकर आंदोलन समिति का प्रतिनिधि मंडल विधायक संतोष बरकड़े के पड़रिया स्थित निवास पहुँचा तब कहीं जाकर रात 8 बजे विधायक का बयान सामने आया कि वे मुख्यमंत्री से मिलने का समय नहीं ले सके। इस कथन ने मानो तेल में आग डालने का काम किया। धरना स्थल पर मौजूद जनता फूट पड़ी। गुस्साए लोगों ने विधायक के इस रवैये को घोर विश्वासघात और जनता के अपमान की संज्ञा दी। तथा आरोप लगाया गया कि भाजपा जिलाध्यक्ष,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री ने सिहोरा की जनता के साथ छल किया है भरोसा तोड़ा है और आंदोलन को भ्रमित करने की कोशिश की है। भीड़ से उठी आवाजें साफ थी सिहोरा को मूर्ख समझना बंद करो।हमारी आस्था और विश्वास को रौंदा गया है! लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने तीखी चेतावनी देते हुए कहा अब विश्वासघात की हर सीमा पार हो चुकी है। यह अपमान सहन नहीं होगा। जनता के सब्र का बांध टूट चुका है। जल्द ही उग्र आंदोलन की घोषणा की जाएगी। जिम्मेदारों को इसका जवाब देना होगा। धरना स्थल पर माहौल देर रात तक तल्ख बना रहा और जनता ने स्पष्ट कहा कि अब पीछे हटने का सवाल ही नहीं।

## संत गाडसे का निर्वाण दिवस पर किया स्मरण



सिहोरा।

अखिल भारतीय धोबी महासंघ के द्वारा नाविक घाट पर संत गाडगे महाराज की 59 सी निवारण दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूजा अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। विचारकों के द्वारा बाबा के व्यक्तित्व और कृत्य पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया गया। महाराष्ट्र में भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय संत के सम्मान में डाक टिकट जारी की गई बाबा के नाम पर अमरावती में बड़ी-बड़ी धर्मशाला विश्वविद्यालय पाठशालाएं चिकित्सालय तथा निराश्रित असहाय और पीड़ितों के लिए सहयोग केंद्र स्थापित किए गए। सफल बनाने में समाज के सदस्य केशव लाल भगत, बलदेव पहलवान,आर डी रजक,संतोष रजक,एस के भगोरिया,अर्जुन रजक,राजा रजक,गोविंद रजक,वृंदावन रजक,राकेश कनौजिया,विकास कनौजिया,गोलू रजक,विनोद रजक एवं पूर्व विधायक नन्हेंलाल धुर्वे आदि ने सहभागिता निभाई।




**श्री जगजीत सिंह-** हाथीताल निवासी श्री जगजीत सिंह (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश झा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राजेश झा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश कुमार चिमनानी-** नेपियर टाउन निवासी श्री महेश कुमार चिमनानी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन लाल-** बजरंग नगर खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री मोहन लाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पुरुषोत्तम लाल-** तिघरा खमरिया निवासी श्री पुरुषोत्तम लाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पवन चौधरी-** दमोहनाका प्रताप धर्मकांटा के पास निवासी श्री संतोष चौधरी के पुत्र श्री पवन चौधरी (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा बाई पटेरिया-** घमापुर चौक के पास निवासी श्री नर्बदा प्रसाद पटेरिया की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई पटेरिया (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश कुमार राजपूत-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री राकेश कुमार राजपूत (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पवन अहिरवार-** राजीव गांधी नगर आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री सोहन लाल अहिरवार के पुत्र श्री पवन अहिरवार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गनेश विश्वकर्मा-** अंडर ब्रिज रोड मदनमहल निवासी श्री गनेश विश्वकर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुशीला शर्मा-** गोपाल होटल द्वारका नगर वार्ड निवासी श्री टीकाराम शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला शर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विशेसर-** चांदमारी लालमाटी पंचशील स्कूल रोड निवासी श्री विशेसर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश चंद्र सचदेवा-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 राइट टाउन निवासी श्री रमेश चंद्र सचदेवा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपी रजक-** गोहलपुर धोबी मोहल्ला निवासी श्री गोपी रजक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेश बर्मन-** बृजमोहन नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री राजेश बर्मन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हूरा बाई बचवानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मथुरामल बचवानी की धर्मपत्नी श्रीमती हूरा बाई बचवानी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संदीप राज ठाकुर-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री मोहन सिंह ठाकुर के पुत्र श्री संदीप सिंह ठाकुर (38) का निधन हो गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### रियल्टी क्षेत्र में रिकॉर्ड 10.4 अरब डॉलर का निवेश आया



**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में 2025 के दौरान संस्थागत निवेश 17 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 10.4 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। जेएलएल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बेहतर प्रतिफल के लिए घरेलू और विदेशी, दोनों निवेशकों ने वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं में पूंजी लगाई है।

### वरुण बेवरेजेज ट्विजा का करेगी अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** वरुण बेवरेजेज ने दक्षिण अफ्रीका स्थित कंपनी ट्विजा का अपनी स्थानीय अनुषंगी कंपनी द बेवरेजेज कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बेवको) के माध्यम से पूर्ण अधिग्रहण करने की घोषणा की है। वरुण बेवरेजेज, पेप्सिको की भारत तथा दुनिया के कई देशों में ब्रांडेड पेय पदार्थों का निर्माण एवं वितरण करती है। इसमें शराब के कोई पदार्थ शामिल नहीं है।

### एथर एनर्जी एक जनवरी से बढ़ाएगी ईवी की कीमतें

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी एथर एनर्जी ने अपने सभी श्रेणी के स्कूटर की कीमत में एक जनवरी से 3,000 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की सोमवार घोषणा की। कंपनी ने कहा कि यह वृद्धि वैश्विक स्तर पर कच्चे माल, विदेशी मुद्रा और प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कीमतों में वृद्धि के कारण की जा रही है।

# फरवरी 2026 से बदलेगा महंगाई, जीडीपी और आईआईपी डेटा का आधार वर्ष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा कि वह खुदरा मुद्रास्फीति, राष्ट्रीय लेखा और औद्योगिक उत्पादन से जुड़े प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़ों की नई श्रृंखला अगले वर्ष जारी करेगा, जिसमें आधार वर्ष बदला गया होगा।

■ खुदरा मुद्रास्फीति व राष्ट्रीय लेखा के नई श्रृंखला फरवरी से होगी जारी

मंत्रालय ने बयान में कहा कि वह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति और राष्ट्रीय लेखा से संबंधित नई श्रृंखला को फरवरी, 2026 में जारी करेगा। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की नई श्रृंखला मई, 2026 में जारी की जाएगी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार वर्ष में बदलाव को लेकर मंगलवार को एक परामर्श कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

## सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय जारी करेगा आंकड़े

### खाने-पीने की चीजों का वेटेज कम होगा

अभी रिटेल महंगाई के कैलकुलेशन में फूड आइटम्स यानी खाद्य पदार्थों का हिस्सा काफी ज्यादा है। मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, नई सीरीज में खाने-पीने की चीजों के 'वेटेज' को कम किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जैसे-जैसे लोगों की कमाई बढ़ती है, वे खाने के बजाय दूसरी सुविधाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन पर ज्यादा खर्च करने लगते हैं। नई सीरीज में इन आधुनिक जरूरतों को ज्यादा महत्व दिया जाएगा।

*जरूरी था यह बदलाव : सांख्यिकी मंत्रालय के सचिव ने पहले भी संकेत दिए थे कि डेटा में सुधार की प्रोसेस चल रही है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ऐसे में पुराने मानकों पर डेटा जारी करने से कई बार पॉलिसी बनाने में दिक्कत आती है। नया बेस ईयर आने से रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भी ब्याज दरों पर फैसला लेने में आसानी होगी। क्योंकि उनके पास महंगाई का ज्यादा सटीक डेटा होगा।*




*आईआईपी नए सीरीज में होगा शिफ्ट : औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी), जो देश के विनिर्माण और माइनिंग सेक्टर की रफ्तार बताता है। उसे मई 2026 से नई सीरीज में शिफ्ट किया जाएगा। इसमें उन नए उत्पादों को शामिल किया जाएगा, जिनका उत्पादन हाल के वर्षों में शुरू हुआ है। जबकि उन पुराने सामानों को लिस्ट से हटाया जा सकता है, जिनकी अब बाजार में मांग नहीं रही।*

### आम जनता पर असर

सीधे तौर पर इसका आम आदमी की जेब पर असर नहीं पड़ता, लेकिन सरकार की योजनाएं इसी डेटा पर आधारित होती हैं। अगर महंगाई का डेटा सही होगा, तो सरकार कीमतों को कंट्रोल करने के लिए बेहतर कदम उठा पाएगी। साथ ही जीडीपी के सटीक आंकड़ों से विदेशी निवेशकों का भरोसा भी भारत की अर्थव्यवस्था पर बढ़ता है।

### आईआईपी का आधार वर्ष 2022-23 होगा

इसके अलावा, आईआईपी की नई श्रृंखला का आधार वर्ष भी 2022-23 होगा। जिसे 28 मई, 2026 को जारी किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि आधार वर्ष में बदलाव पर होने वाली परामर्श कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जीडीपी, सीपीआई और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन के तहत प्रस्तावित पद्धतिगत और संरचनात्मक बदलावों को साझा करना और प्रतिभागियों से सुझाव एवं टिप्पणियां प्राप्त करना है।

## उद्योग के लिए वर्ष 2026 नया परिवेश तैयार करेगा

# दवा क्षेत्र 2047 तक 500 अरब डॉलर का होगा, 2026 में रहेगा नया लक्ष्य

यह वर्ष पांच वर्षीय अवधि की शुरूआत को होगा संकेत

वर्ष 2047 तक 500 अरब डॉलर का क्षेत्र बनाने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के दवा उद्योग के लिए वर्ष 2026 आवश्यक परिवेश तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पांच वर्षीय अवधि की शुरुआत का संकेत है, ताकि वह स्वयं को नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करते हुए वर्ष 2047 तक 500 अरब डॉलर का क्षेत्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। यह प्रयास शुल्क उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार पुनर्संरचना जैसी निकट अवधि की चुनौतियों के बीच किया जा रहा है।

देश का मुख्य रूप से जेनेरिक दवाओं पर आधारित दवा उद्योग पिछले 25 वर्ष में तीन अरब डॉलर से बढ़कर 60 अरब डॉलर के आकार तक पहुंचा है। अब अगली पीढ़ी की दवाओं में नवाचार की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है। उद्योग साथ ही अगले सात वर्ष में विशिष्ट अधिकार समाप्त होने जा रही 300 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की दवाओं को हासिल करने के अवसर का लाभ उठाने की भी कोशिश करेगा।

### नवाचार का एजेंडा गति पकड़ रहा

भारतीय दवा संघ के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, " आज भारतीय दवा उद्योग एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और अगले 25 वर्ष नवाचार, गुणवत्ता और पहुंच के आधार पर तय होंगे।' उन्होंने कहा कि देशी दवा कंपनियों में नवाचार का 'एजेंडा' उल्लेखनीय गति पकड़ रहा है।



### अगली पीढ़ी की दवाईयों के लिए कर रही करार

महासचिव ने कहा कि भारत के नवाचार की ओर बढ़ने के उत्साहजनक संकेत देखे जा सकते हैं, क्योंकि प्रमुख भारतीय दवा कंपनियां उच्च मूल्य वाले उत्पाद खरीद रही हैं, लाइसेंस समझौते कर रही हैं और अगली पीढ़ी की दवाओं के लिये विनियामक स्वीकृतियां प्राप्त कर रही हैं। भारतीय दवा संघ (आईपीए) में 23 प्रमुख दवा कंपनियां शामिल हैं जिनमें सन फार्मा, सिप्ला, ऑरोबिंडो फार्मा और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज शामिल हैं।

### उत्पादन मानकों को उन्नत करना होगा

मताई ने कहा कि सरकार का उत्पादन मानकों को उन्नत करने, अनुसंधान एवं नवाचार में निरंतर निवेश के लिए बौद्धिक संपदा की सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक गुणवत्ता मानकों के साथ तालमेल स्थापित करने पर पुनः ध्यान केंद्रित करना केवल समयानुकूल ही नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी भी है।

### नीतिगत रफ्तार को उपलब्धियों में बदलना होगा

जैन ने कहा, " वर्ष 2026 से आगे आने वाले पांच वर्ष क्रियान्वयन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होंगे, नीतिगत रफ्तार को ठोस उपलब्धियों में बदलने के लिए ताकि भारत वर्ष 2047 तक 450–500 अरब डॉलर का उद्योग बनने एवं वैश्विक जीवन विज्ञान नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित होने के अपने लक्ष्य को हासिल कर सके।"

■ जनेरिक दवाओं का उद्योग 25 वर्ष में तीन से 60 अरब डॉलर पहुंचा

### स्वास्थ्य उद्योग निर्णायक दशक में कर रहा प्रवेश

भारत के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा मंच 'नेट हेल्थ' की अध्यक्ष अमीरा शाह ने कहा कि स्वास्थ्य उद्योग भी 2026 से शुरू होने वाले अपने सबसे निर्णायक दशक में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, " मुख्य उपचारों के पेटेंट समाप्त होने, नए देखभाल मॉडल के उभरने एवं सरकार द्वारा कई मुक्त व्यापार समझौतों पर चर्चा को आगे बढ़ाए जाने के साथ, भारत के पास पहुंच एवं वैश्विक नेतृत्व दोनों का विस्तार करने का अवसर है।'

### शुल्क में उतार चढ़ाव की बनी रहेगी चुनौती

दूसरे उद्योग संगठन, भारतीय दवा उत्पादक संगठन (ओपीपीआई) ने भी माना कि वर्तमान में भारतीय दवा उद्योग एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। ओपीपीआई के महासचिव अनिल मताई ने कहा, " शुल्क उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार पुनर्संरचना जैसी बाहरी चुनौतियां निकट अवधि में मुश्किलें पेश करने के साथ ही मजबूत एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन परिवेश बनाने के रणनीतिक महत्व को भी और मजबूती देती हैं।"

# डेक्कन गोल्ड माइंस ने किर्गिस्तान में खनन उत्पादन परीक्षण किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ प्रारंभिक परीक्षणों में करीब 20 से 30 हजार टन अयस्क प्रसंस्करण संभव

सोने एवं महत्वपूर्ण खनिजों की खोज एवं खनन करने वाली कंपनी डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड ने किर्गिस्तान में अपनी स्वर्ण खनन परियोजना के चालू होने से पहले प्रारंभिक परीक्षणों की शुरुआत की सोमवार को घोषणा की। प्रारंभिक परीक्षणों में कंपनी के करीब 20,000-30,000 टन अयस्क का प्रसंस्करण करने की संभावना है। परीक्षण चरण के दौरान प्राप्त सोने को बिक्री योग्य कन्संट्रेट या बिस्कुट के रूप में उत्पादित किया जाएगा जिससे क्रमिक संचालन से पहले प्रक्रिया के प्रदर्शन का प्रारंभिक सत्यापन हो सकेगा। कंपनी ने बयान में कहा, " डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड ने किर्गिस्तान में अपने 'आल्टिन टोर गोल्ड' परियोजना को शुरू करने से पहले के परीक्षण की शुरुआत की घोषणा की है। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हनुमा प्रसाद मोदाली ने कहा कि जैसे-जैसे परियोजना शुरू होने की ओर बढ़ रही है..कंपनी का ध्यान एक वैश्विक रूप से विश्वसनीय खनन संपत्ति बनाने पर बना हुआ है।

### देश की पहली सूचीबद्ध कंपनी

डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड, देश की पहली एवं एकमात्र सूचीबद्ध सोने की खोज कंपनी है। इसके पास भारत तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना एवं खनिज खोज संपत्तियों का रणनीतिक खंड है जिसमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मोजाम्बिक, किर्गिस्तान और फिनलैंड में परियोजनाएं शामिल हैं।

# सेल को संचार क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए आठ राष्ट्रीय पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया ने आठ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया है।

कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि ये पुरस्कार देहरादून में 13 से 15 दिसंबर, 2025 तक आयोजित 47वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉफ्रेंस के दौरान प्रदान किए गए। बयान में कहा गया, सेल को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) ने आठ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया है। ये सम्मान कॉरपोरेट संचार के क्षेत्र में सेल के अभिनव दृष्टिकोण, विशेष रूप से एआई (कृत्रिम मेधा) जैसे अत्याधुनिक तकनीक के सफल एकीकरण और राष्ट्रीय विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए प्रदान किए गए।"

■ पुरस्कार देहरादून में 13 से 15 दिसंबर के दौरान दिए गए

■ एआई जैसे अत्याधुनिक तकनीक के सफल एकीकरण के लिए दिया गया

### चेयरमैन ने दी टीम को बधाई

सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने टीम को बधाई देते हुए कहा, "... अत्याधुनिक नवोन्मेष का लाभ उठाकर, हमें अपनी संचार के तरीकों को और मजबूत करने पर जोर देना चाहिए, नए मानक स्थापित करने चाहिए और पेशेवर संचार के उच्चतम स्तर को बनाए रखना चाहिए, जिससे सेल की दीर्घकालिक वृद्धि और सफलता में सार्थक योगदान मिल सके।"

■ सोने की कीमत में 1,685 रुपए का रहा उछाल

# सोना 1.38 लाख रुपए के नए शिखर पर और चांदी का भी नया रिकॉर्ड



■ चांदी 10,400 रुपए प्रति किलो बढ़कर 2,14,500 रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 1,685 रुपये की बढ़त के साथ 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। राजधानी में चांदी की कीमतें भी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "सोने और चांदी के सोमवार को एक और नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से सर्राफा में तेजी का दौर जारी रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 80.85 डॉलर यानी 1.86 प्रतिशत बढ़कर 4,420.35 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों की रुचि काफी बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका में ब्याज दरें कम हो रही हैं, राजकोषीय चिंताएं बढ़ रही हैं और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अधिक अनिश्चित होती जा रही है।' उन्होंने कहा कि इससे सुरक्षित-संपत्ति की ओर बदलाव आया है। इसके अलावा, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश विकल्प की मांग भी बढ़ गई है। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 2.31 डॉलर या 3.44 प्रतिशत बढ़कर 69.45 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

# विदेशी निवेशकों की लिवाली से सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा निफ्टी 26,000 अंक पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख

■ फेड के दर में कटौती की उम्मीद

■ निवेशकों की धारणा सकारात्मक

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के ऊपर बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निवेश तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद से निवेशकों की धारणा सकारात्मक रहने से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक चढ़कर 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.97 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 206 अंक चढ़कर 26,000 अंक के पार 26,172.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सर्वाधिक 3.56 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा मोटर्स, रिलायंस और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, भारतीय स्टेट बैंक सर्वाधिक 0.6 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन भी नुकसान में रहे।


## कार्यालय जनपद पंचायत बिछुआ, जिला, छिन्दवाड़ा

**विज्ञाप्ति**

क्रमांक/3028 / जन0पंचा0/2025 बिछुआ दिनांक 22/12/2025

जनपद पंचायत बिछुआ के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत कान्हासागर जलाशय एवं पाथरी जलाशय की पटटे की कार्यवाही हेतु मत्स्य पालन नीति वर्ष 2008 के अन्तर्गत दिये गये निर्देशो एवं सामान्य सभा जनपद पंचायत बिछुआ की बैठक दिनांक 06/11/2025 के अन्य प्रस्ताव क्रमांक 03 में लिये गये निर्णय अनुसार निम्न दोनो तालाब/जलाशयो को दस वर्ष के लिये पटटे पर प्रदाय किया जाना है। पटटे की अवधी 1/7/2025 से आगामी दस वर्ष के लिये होगी।

| क्र. | तालाब/जलाशय | जल क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | कान्हासागर जलाशय | 30.47 |
| 2. | पायरी जलाशय | 11.07 |

अतः उक्त जलाशय / तालाब सर्वप्रथम जलक्षेत्र की ही पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियो / स्व. सहायता समूह / मछुआ समूह जो पटटा लेना चाहते है। वे अपना आवेदन पत्र समिति की पूर्ण जानकारी प्रस्ताव सहित दिनांक 30/12/2025 तक कार्यालय जनपद पंचायत बिछुआ में जमा करें । समय सीमा समाप्त होने के पश्चात आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बिछुआ**

## E Auction Sale Notice under IBC, 2016
### M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation
CIN : U13100MH2010PTC263990
Liquidator's Office : 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz **M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation ('Corporate Debtor')**, through e-auction on **"as is where is basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis".** Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider **eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com).** The bidding shall take place through online e-auction service provider **eBKray.**

Amount in Rs.

| Sr. No. | Description of Asset | Date and Time of auction | Reserve Price | EMD | Bid Incremental Value |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Industrial Land & Building Standing on -** Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 12th January 2026. 11.00 A.M. to 01.00 P.M | 1,01,04,843 | 10,10,484 | 50,000 |

**Last date to submit the EOI & all documents as per E-Auction Process document: 10th January 2026**
**Date of Inspection: Till 8th January 2026 with prior intimation to the liquidator.**
**Last date of submission of EMD: 10th January 2026 till 6.00 P.M.**
**Terms & Conditions of the sale is as under:**
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on "AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS" as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider eBKray (website: **https://ibbi.baanknet.com)**
2. Contact person on behalf of Liquidator: **Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919**
3. The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at **https://ibbi.baanknet.com**
4. Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through their own e-wallet account on the **https://ibbi.baanknet.com** portal.
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof.

CMA Srigini Rajat Naidu,
Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)
IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513

Date: 23/12/2025
Place: Nagpur

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र./उ.वि./2025-26/PRO-700 **तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 22/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_469764_1 | संभाग क्रमांक 09 स्थित सिध्दबाबा पार्क का निर्माण कार्य। | 03 माह 25,29,966.00 | 5,000.00 19,000.00 | 12/01/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

**उद्यान अधिकारी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र

जबलपुर अंचल कार्यालयः राईट टाउन, जबलपुर– 482001, फोनः 0761- 2480065 ई–मेलः dzmjabalpur@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

### आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - करमेता<br>ऋणकर्ता - श्री गौरीशंकर पटेल<br>गारंटर - श्री कपिल पटेल | Rs.2498302/- (Rupees Twenty Four Lakh Ninety Eight Thousand Three Hundred Two only) plus unapplied interest @11.45% p.a at monthly rest and penal interest thereon and other charges and expenses w.e.f 16.10.2025 | भूमि एवं भवन खसरा नंबर 218/1, 219/2, मौजा मोहस, एन.बी. नंबर 657, पी.सी. नंबर 70, पोस्टः बलखाड़ू, कटंगी रोड, तहसील-पनागर, जबलपुर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 25,500 वर्ग फुट है।<br>सीमा इस प्रकार है - उत्तरः- श्री कज्जू भाईजान और श्री कपिल पटेल की संपत्ति, दक्षिणः- रविशंकर पटेल की संपत्ति, पूर्वः- नाला, पश्चिमः- श्री कपिल पटेल की संपत्ति और जबलपुर-कटंगी रोड | 16/10/2025<br>19/12/2025 Symbolic |
| 2. | शाखा - नारायणपुर<br>उधारकर्ता - श्री प्रदीप कुमार जैन<br>श्रीमती माया जैन<br>श्री रत्नेश जैन | Rs.2251128/- (Rupees Twenty Two Lakh Fifty One Thousand One Hundred Twenty Eight only) interest for a/c 60384846061 & a/c 60384846640 @ 8.80% p.a, interest for a/c.60398638486 @8.60 % p.a at monthly rest + penal interest and other charges / expenses till realization w.e.f. 06.10.2025 | ब्लॉक-सी, गली संख्या 2, सप्तर्षि नगर, कचन विहार में स्थित मकान, डायवर्जन और पी-II के हिस्से में, खसरा संख्या 36/1, एन.बी. 642, पी.एच. संख्या 34 (पुराना) और 17 (नया), मौजा लामती, आरएनएम जबलपुर-II, जैन मंदिर के पास, नया वार्ड संख्या 72, तहसील एवं जिला जबलपुर। कुल क्षेत्रफल 2941.75 वर्ग फुट में से 958 वर्ग फुट प्लॉट का क्षेत्रफल है। निर्मित क्षेत्र (ग्राउंड फ्लोर) 632 वर्ग फुट (स्वीकृत मानचित्र के अनुसार) और निर्मित क्षेत्र (ग्राउंड फ्लोर) 748.70 वर्ग फुट (समझौते और वास्तविक माप के अनुसार) है।<br>सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर में श्री संजय जैन की संपत्ति, दक्षिण में श्री इंद्र अग्रवाल की संपत्ति, पूर्व की ओर सड़क, पश्चिम में श्री राकेश और राजेश पटेल की संपत्ति। | 06/10/2025<br>20/12/2025 Symbolic |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

स्थान – जबलपुर, दिनांकः 23/12/2025 **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र**

## चिंतन

# सभी को नए अवसर देगी न्यूजीलैंड से फ्री ट्रेड डील

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कारोबारियों से लेकर किसानों और छोटे उद्यमियों यानी एमएसएमई तक को लाभ पहुंचाएगा। इससे दोनों देशों के बीच ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और सांझा अवसर बढ़ेंगे। इस नई ट्रेड डील के तहत न्यूजीलैंड से भारत में आने वाले करीब 95 फीसदी उत्पादों पर लगने वाले आयात शुल्क को या तो हटा दिया जाएगा या बहुत कम कर दिया जाएगा, जिससे व्यापार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। दोनों देशों का लक्ष्य अगले 5 सालों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिर और दीर्घकालिक वृद्धि मिल सकेगी। वहीं, न्यूजीलैंड ने भारत में निवेश बढ़ाने का भरोसा जताया है। न्यूजीलैंड अगले 15 वर्ष में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा, इससे स्थानीय उद्योगों और रोजगार के अवसरों को बल मिलेगा। यह व्यापार समझौता मार्च 2025 में तब शुरू हुआ जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत आए थे। दोनों देशों ने इस समझौते को अपने आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। अब उम्मीद की जा रही है कि यह समझौता आर्थिक जुड़ाव को और बढ़ाएगा, बाजारों तक पहुंच आसान करेगा, निवेश को बढ़ावा देगा और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। इससे नए आविष्कार करने वालों, कारोबारियों, किसानों, छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कई सेक्टर में अवसर पैदा होंगे। साथ ही छात्रों और युवाओं को भी मौके मिलेंगे। यह डील लागू होने के बाद न्यूजीलैंड को भारतीय सामानों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। यह करार मजदूरों, कारीगरों, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे व्यवसायों और युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही कपड़ा, ऊन, परिधान, चमड़ा और जूते जैसे उद्योगों को मौके देगा। इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, प्लास्टिक, दवाइयां और रसायन जैसे उत्पादन से जुड़े उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। इस डील का मॉडल यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) जैसा ही होगा। इस प्रस्तावित निवेश से मेन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाएं, इनोवेशन और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के निवेश परिदृश्य को बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। यह समझौता खेती-किसानी पर भी खास ध्यान देता है। भारतीय किसानों को न्यूजीलैंड के बाजार में फल, सब्जियां, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड जैसे उत्पादों को बेचने के बेहतर मौके मिलेंगे। 'एग्रीकल्चरल प्रोडक्टिविटी पार्टनरशिप' (कृषि उत्पादकता साझेदारी), 'सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस' (उत्कृष्टता केंद्र) और न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीकों तक पहुंच जैसी पहलों से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी, गुणवत्ता सुधरेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत-न्यूजीलैंड के बीच माल का व्यापार 1.3 अरब डॉलर था। वहीं, 2024 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर था, जिसमें अकेले सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर था। बता दें कि पिछले 5 साल में भारत की यह 7वीं फ्री ट्रेड डील है। इससे पहले 2021 में मॉरीशस, 2022 में ऑस्ट्रेलिया, 2022 में यूएई, 2024-25 में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), 2025 में ब्रिटेन व ओमान व अब न्यूजीलैंड के साथ डील हुई है। इससे भारत की ग्लोबल ट्रेड पार्टनरशिप मजबूत हुई है और देश के विकास को और बेहतर मौके मिलेंगे।



योजना
डॉ. अश्विनी महाजन

# समय की जरूरत रोजगार गारंटी कानून

संसद में मनरेगा को विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी–जी राम जी) के नाम से पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है। आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है?

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, एक अधिकार-आधारित योजना है, जिसे 2005 में अधिनियमित किया गया और फरवरी 2006 से लागू किया। इस अधिनियम के तहत, किसी भी ग्रामीण परिवार का 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का वयस्क सदस्य काम के लिए आवेदन कर सकता है। सरकार पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 100 दिनों तक कार्य देने की बाध्यता है और यदि लिखित या मौखिक मांग के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता, तो राज्य को बेरोजगारी भत्ता देना होता है। दुनिया भर में कहीं भी ऐसी रोजगार के अधिकार की कोई योजना नहीं है।

सूखा, कृषि संकट और कोविड-19 जैसे झटकों के समय इसने आर्थिक सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई, जब लाखों प्रवासी श्रमिक गांव लौट आए और इसी योजना पर निर्भर रहे। इस योजना में कुछ बड़े बदलाव प्रस्तावित करते हुए संसद में विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी-जी राम जी) पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है।

आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है? 2005 में बनाए गए इस अधिनियम के पीछे सोच यह थी कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेरोजगारी के कारण गरीबी से बचाने के लिए उन्हें आमदनी की गारंटी हो, लेकिन इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्यों जैसे जल संरक्षण परियोजनाएं, सिंचाई नहरें, ग्रामीण सड़कें, बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं और भूमि विकास से जुड़े कार्य भी किए जा सकें। इस योजना में वित्तीयन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी।

समझना होगा कि यह योजना रोजगार की मांग से चलती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सालों में जहां इस योजना में मजदूरी की दर बढ़ाकर उसे आकर्षक बनाया गया है, लेकिन रोजगार के लिए पंजीकृत करने हेतु दिवसों में भारी कमी आई है। इसका अभिप्राय है कि ग्रामीण लोगों को अन्य स्रोतों से अतिरिक्त रोजगार मिलने लगा है जो मनरेगा से अच्छा है। 2005 से अभी तक देश में बहुत बदलाव आ चुका है, ऐसे में सरकार का मानना है कि मनरेगा कानून में भी आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। हालांकि विधेयक में मनरेगा में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिन तक और वनवासी क्षेत्रों में तो 150 दिनों तक रोजगार देने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब उसका वित्तीयन अकेले केंद्र सरकार नहीं बल्कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का दायित्व होगा। गौरतलब है कि 2005 केंद्रीय राजस्व में राज्य सरकारों का हिस्सा मात्र 32 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो चुका है। 14वें वित्त आयोग ने राज्यों के हिस्से को यही कहकर बढ़ाया था ताकि वे योजना का भार वहन कर सकें। लेकिन नरेगा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जो पहले ही बन चुका था, उसमें राज्यों पर इसका भार नहीं



डाला जा सकता था। हालांकि, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (नरेगा) 2005 में पास हुआ था और इसे 2006 में लागू किया गया। 2009 में तब की यूपीए की सरकार ने इसका नामकरण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया था, और अब जब इस योजना का नया रूप संसद ने प्रस्तावित किया है और नाम में बदलाव होना भी स्वाभाविक था, जो इत्तेफाक से भगवान राम के नाम से मिलता-जुलता है। इसी बात का विपक्ष विरोध कर रहा है।

मनरेगा का उद्देश्य बेरोजगारी के दिनों में आय-सुरक्षा देना था, परंतु यदि कृषि मौसम में श्रमिक मनरेगा की ओर आकर्षित रहते थे। ऐसे में खेतों में श्रमिकों की कमी के चलते मजदूरी लागत बढ़ जाती है, जिससे किसान की लागत में वृद्धि हो जाती है और खेती की प्रतिस्पर्धात्मकता घटती है। इस नए विधेयक में इस समस्या का समाधान निकाला गया है और रोजगार गारंटी कार्यक्रम में खेती के लिए आवश्यक 60 दिनों में इस कार्यक्रम को स्थगित रखने का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही अब इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यों में भी समय के साथ बदलाव करते हुए अब उसमें आज की आवश्यकता के अनुरूप, जल सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजी-रोटी से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर और खराब मौसम की घटनाओं को कम करने को शामिल करने के साथ-साथ, इन योजना को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के साथ भी जोड़ा गया है।

मनरेगा का सबसे बड़ा दोष यह था कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसमें भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा था। ग्राम पंचायत और खंड स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण बड़ी मात्रा में सरकारी धन की लूट हो रही थी, ऐसी कई योजनाएं ध्यान में आती थी जिसमें है कागजों पर ही तमाम निर्माण हो जाते थे, जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं होता था। नए अधिनियम में भ्रष्टाचार को बाहर रखने के लिए प्रावधान रखा गया है कि नई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का प्रावधान है, जिसमें लेन-देन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, योजना निर्माण एवं निगरानी के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) प्रौद्योगिकी, वास्तविक समय में निगरानी के लिए मोबाइल एप्लिकेशन-आधारित डैशबोर्ड तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणाली को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उसमें भ्रष्टाचार पर बड़ा अंकुश लगाया गया है, उसी तर्ज पर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए रोजगार गारंटी योजना में भी भ्रष्टाचार को रोका जा सकेगा।

देश में कई विशेषज्ञों द्वारा मनरेगा का विरोध इस लंबे व्यू से हो रहा था कि इसके चलते कृषि और उद्योग क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो रही है, हालांकि कृषि में तो श्रमिकों की कमी की समस्या को कुछ हद तक नए अधिनियम में हल करने का प्रयास हुआ है, लेकिन मनरेगा के कारण उद्योगों और कृषि की सहायक गतिविधियों हेतु श्रमिकों की कमी के समाधान का की समस्या के समाधान का भी प्रयास करना जरूरी था। विपक्ष संसद में नामकरण जैसे गैर जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाए यदि नए अधिनियम में देश की आवश्यकता के अनुरूप प्रावधान शामिल कराने हेतु बहस करता तो मनरेगा के इस नए अवतार में कुछ और सुधार भी शामिल किए जा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



बलिदान दिवस
आचार्य दीपचन्द भारद्वाज

# त्याग की प्रतिमूर्ति निर्भीक संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद

स्वामी श्रद्धानंद का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित था। इनका पूर्व नाम मुंशीराम था। 1879 में एक बार बरेली में स्वामी दयानंद सरस्वती का प्रवचन हुआ। मुंशी राम के पिताजी ने इनको भी स्वामी दयानंद के उस कार्यक्रम में जाने के लिए कहा। मुंशी राम का जीवन स्वामी दयानंद के प्रवचनों तर्कों एवं सैद्धांतिक विचारधारा से बहुत प्रभावित हुआ। स्वामी दयानंद के उपदेशों ने नास्तिक मुंशीराम को आस्तिक बना दिया। अपने जीवन में व्याप्त समस्त व्यसनों का परित्याग करके वर्ष 1884 में मुंशी राम जी आर्य समाज लाहौर के सदस्य बने। स्वामी दयानंद के वैदिक ज्ञान से प्रभावित होकर इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित किया। 1902 में इन्होंने गुरुकुल कांगड़ी जैसी महान संस्था की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानंद जी ने समाज के उत्थान के लिए तथा अपनी वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी नामक ऐतिहासिक संस्था की नींव रखी।

इस संस्था के माध्यम से इस निर्भीक संन्यासी ने मैकाले की शिक्षा पद्धति को चुनौती देने का कार्य किया जो उस समय पूर्णरूपेण असंभव था। सर्वप्रथम कन्याओं की शिक्षा के लिए विद्यालय खोला तथा सबसे पहले अपने बच्चों को गुरुकुल प्रणाली की शिक्षा हेतु तैयार किया। इसी गुरुकुल कांगड़ी से अनेक विद्वान, राष्ट्रभक्त, बलिदानी तैयार हुए। कल्याण मार्ग के पथिक महात्मा मुंशीराम ने त्याग के महान आदर्श का अनुसरण करते हुए अपनी जालंधर वाली कोठी तथा संपूर्ण संपत्ति आर्य समाज को दान कर दी। वर्ष 1917 में महात्मा मुंशीराम ने संन्यास ग्रहण किया तथा अपना नाम श्रद्धानंद रखा। ईश्वर में इनकी अगाध श्रद्धा थी, इसलिए इन्होंने अपना यह नाम रखवाया। 1919 में जब दिल्ली में कांग्रेस की सभाओं और जलसों को पूर्ण रूप से बंद करने का अंग्रेज सरकार ने आदेश जारी किया तब स्वामी श्रद्धानंद ने चांदनी चौक टाउन हॉल के सामने आंदोलन करते हुए उन्होंने अंग्रेजी सेना के सामने सीना खोलकर गोली चलाने की चुनौती दी थी। इस निडर संन्यासी के सामने उस समय अंग्रेजों को भी नतमस्तक होना पड़ा था। जलियांवाला बाग की दमनकारी तथा क्रूर घटना के बाद पूरे पंजाब मे भय और आतंक का माहौल था, ऐसे डरावने माहौल में कोई भी कांग्रेस का नाम लेने वाला नहीं था तब इन्हीं स्वामी श्रद्धानंद ने अपने दृढ़ संकल्प के बल पर कांग्रेस का अमृतसर में अधिवेशन संपन्न करवाया। गुरुकुल कांगड़ी का प्रबंध आचार्य रामदेव को सौंप कर स्वामी श्रद्धानंद दिल्ली पहुंचे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया। 1922 में जब सिखों ने गुरु का बाग का सत्याग्रह शुरू किया तो अंग्रेजों ने इसे दबाने का प्रयास किया। स्वामी श्रद्धानंद को जब पता चला तो वे तुरंत अमृतसर पहुंचे और इस सत्याग्रह का संचालन अपने हाथ में लिया। स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धि आंदोलन प्रारंभ करके मुस्लिमों के भय से धर्म परिवर्तन करने वालों को पुनः अपने धर्म में शुद्धिकरण के माध्यम से प्रवेश करवाया। सर्वप्रथम आगरा के मलकाने राजपूतों की स्वधर्म में वापसी करवाकर शुद्धि के इस महान आंदोलन का सूत्रपात किया। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी का नाम आर्य जगत में बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। स्वामी दयानंद के व्रत कथा संकल्प को पूर्ण करने के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने अपने पूरे जीवन को समर्पित कर दिया।

कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति से नाराज होकर स्वामी श्रद्धानंद ने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। शुद्धि आंदोलन के कार्य से कुछ सांप्रदायिक लोग उनसे नाराज हो गए और 23 दिसंबर 1926 को एक मतांध सांप्रदायिक मुस्लिम ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद जीवन पर्यंत राष्ट्र, धर्म, जाति तथा अपने स्वर्णिम वैदिक संस्कृति की रक्षा हेतु प्रयासरत रहे। कल्याण मार्ग के पथिक, अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का यह आदर्शमय तथा त्यागमय जीवन संपूर्ण आर्य जाति के लिए प्रेरणा स्तंभ के समान है। स्वामी श्रद्धानंद का का जीवन पुरुषार्थ और कर्ममय था। देश और आर्य समाज के लिए स्वामी श्रद्धानंद का योगदान और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा और उन्होंने हमेशा डटकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अंतिम क्षणों तक अपने पावन कार्यों के माध्यम से आर्य समाज की सेवा की। श्रद्धानंद जी का संपूर्ण जीवन युवा आर्य शक्ति को नई ऊर्जा, पुरुषार्थ तथा राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित
दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

## जीवन का जीवन बीमा



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## सटाका




## आज की पाती

### नागरिक चेतना से बचेगी प्रकृति

पर्यावरण संरक्षण की बहस अक्सर एक सुविधाजनक दिशा में मोड़ दी जाती है–सरकारें नीतियां नहीं बनातीं, मंत्रालय निष्क्रिय हैं, कानून कागजों तक सीमित हैं। यह आलोचना पूरी तरह गलत नहीं है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर पर्यावरण मंत्रालयों का रिकॉर्ड देखें तो विकास परियोजनाओं के सामने प्रकृति अक्सर सबसे पहले बलि चढ़ती दिखती है। जंगलों की कटाई, नदियों का प्रदूषण, ज़हरीली हवा और भूजल का संकट– इन सबके लिए नीतिगत विफलता ज़िम्मेदार है। पर यह अधूरा सच है। पूरा सच यह है कि पर्यावरण संकट की जड़ें हमारी अपनी जीवन–शैली में गहरी धंसी हुई हैं। हमने पर्यावरण को सरकार का विषय मान लिया है, जैसे वह नागरिक जीवन से अलग कोई विभागीय फाइल हो। नागरिक चेतना जरूरी है। – *जिवेश पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### भारतीय मूल के वरदराजन स्टारबक्स के सीटीओ बने

अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी 'स्टारबक्स' ने भारतीय मूल के आनंद वरदराजन को अपना नया कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया है। करीब दो दशकों तक अमेजन में काम कर चुके वरदराजन को दुनियाभर में कॉफीहाउस श्रृंखला के लिए मशहूर इस कंपनी के वैश्विक प्रौद्योगिकी संचालन की कमान सौंपी गई है। स्टारबक्स के अनुसार, वरदराजन 19 जनवरी से पदभार संभालेंगे, कंपनी की कार्यकारी नेतृत्व टीम में शामिल होंगे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन निकोल के मातहत काम करेंगे। वह डेब हॉल लेफेवर का स्थान लेंगे, जो सितंबर में सेवानिवृत्त हुई थीं। अमेजन में अपने लगभग 19 वर्षों के कार्यकाल के दौरान वरदराजन ने बड़े पैमाने पर ग्राहक–केंद्रित प्रौद्योगिकी मंच विकसित किए। हाल के वर्षों में वह अमेजन के 'वर्ल्डवाइड ग्रॉसरी स्टोर' कारोबार के लिए प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी 'ओरेकल' में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में और कई स्टार्टअप के साथ भी काम किया। स्टारबक्स ने कहा कि वरदराजन को सुरक्षित और भरोसेमंद प्रणालियां विकसित करने तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर लागू करने का गहरा अनुभव है, जिसमें ग्राहकों को केंद्र में रखा जाता है।



## ऑफ बीट

### जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए हैं बहुत सारे शब्द



आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है: ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है: एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल ।राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग–अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग–अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।

## ट्रेंड

### सरकार सुशासन के लिए कटिबद्ध



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट हुई। नरेंद्र मोदी और नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रदेश में जनकल्याण, विकास और सुशासन को और अधिक ऊंचाई देने के लिए कटिबद्ध है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मनरेगा की संरचना खत्म



नरेन्द्र मोदी सरकार ने चर्चा, परामर्श या संसदीय प्रक्रियाओं तथा केंद्र राज्य संबंधों के प्रति सम्मान के बिना मनरेगा को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना तो एक बानगी भर है। सरकार ने मनरेगा की संरचना को नष्ट किया है।
-सोनिया गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख

### अधिकारी अयोग्य



एसआईआर पर सुनवाई के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा (बांग्ला) का बहुत कम ज्ञान है। ऐसे अधिकारी संशोधन अभ्यास के दूसरे फेज के दौरान वेरिफिकेशन करने के लिए अयोग्य हैं।
-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल

### मैं निराश नहीं



विकेट नहीं मिलने से मैं निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं। शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी। -वैष्णवी शर्मा, क्रिकेटर

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## रिसीविंग की सील डीन के पास, दस्तावेज लेने से इनकार

# छात्रा की मौत के बाद उबाल पर जूनियर डॉक्टर, डीन को घेरा, परीक्षा स्थगित

बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में फाइनल ईयर की छात्रा रेखा बैगा ने की मौत के बाद हालात विस्फोटक हो गए। शोक में डूबे जूनियर डॉक्टरों ने प्रशासन की संवेदनहीनता और मानसिक दबाव के आरोप लगाए। आवेदन न लेने, रिसीविंग से इनकार और अमानवीय टिप्पणियों ने आग में घी डाल दिया, नतीजतन परीक्षा स्थगित करनी पड़ी।

शहडोल





21 दिसंबर को फाइनल ईयर की छात्रा रेखा बैगा द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज की दीवारों के भीतर दबे तनाव को उजागर कर दिया है। घटना के बाद कॉलेज परिसर में शोक, आक्रोश और असहज चुप्पी का माहौल बना रहा। रेखा के साथ पढने वाले जूनियर डॉक्टर और अन्य छात्र-छात्राएं गहरे सदमे में हैं। उनका कहना है कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी एक छात्र ने 25 से अधिक नींद की गोलियां खा ली थीं, जिसे समय पर इलाज मिलने से बचा लिया गया। छात्रों का आरोप है कि पढ़ाई, अटेंडेंस और परीक्षाओं को लेकर बनाया गया निरंतर दबाव अब जानलेवा साबित हो रहा है। घटना के तुरंत बाद छात्रों ने मानवीय आधार पर चल रही व्यावहारिक परीक्षाओं को कुछ दिनों के लिए स्थगित करने की मांग की। उनका तर्क था कि 4 से 6 दिनों का समय देकर परीक्षा लेने से सभी छात्र सामान्य मानसिक स्थिति में लौट सकेंगे, लेकिन आरोप है कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने उनकी एक नहीं सुनी। इसी के विरोध में कई जूनियर डॉक्टर एकजुट होकर डीन के नाम आवेदन लेकर पहुंचे। यहीं से मामला और बिगड़ गया।

### रिसीविंग देने से इनकार

कॉलेज की आवक-जावक शाखा में आवेदन देने पहुंचे छात्रों को कथित तौर पर रिसीविंग देने से इनकार कर दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कार्यालय की महिला कर्मचारी यह कहते हुए दिखती है कि वह कोई भी पत्र नहीं ले सकती, क्योंकि रिसीविंग की सील डीन अपने पास रखते हैं। इस कथन ने छात्रों को झकझोर दिया। उनका आरोप है कि यह कोई नई बात नहीं है, इससे पहले भी कई मामलों में शिकायतकर्ता या कर्मचारी आवेदन लेकर पहुंचे, लेकिन उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। छात्रों का कहना है कि जब दस्तावेज ही नहीं लिए जाएंगे, तो न्याय की प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ेगी?

### मानवीय संवेदनाओं को किया आहत

सोमवार को इसी मुद्दे पर छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर एकत्र हुए और मौके पर पहुंचे डीन को घेर लिया। काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। इस बीच मनो चिकित्सक डॉ. राहुल मिश्रा भी पहुंचे। छात्रों का आरोप है कि उन्होंने घटना को सामान्य मौत बताते हुए ऐसी टिप्पणियां कीं, जो न केवल उनके पद की गरिमा के खिलाफ थीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी आहत करने वाली थीं। छात्रों के अनुसार, कहा गया कि ऐसी मौतें होती रहती हैं, मूवी देखकर रिफ्रेश हो जाओ, कोई भी कभी भी मर सकता है। इन शब्दों ने पहले से आहत छात्रों के जख्मों पर नमक छिडक़ दिया।

### प्रबंधन को स्थगित करनी पड़ी परीक्षा

आक्रोशित छात्रों ने स्पष्ट कर दिया कि वे सोमवार को होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। हालात को देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। छात्रों का कहना है कि कोई भी परीक्षा उस जीवन से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती, जो अभी-अभी खोया गया है। उनका यह भी आरोप है कि छात्रा की मौत के बाद न तो डीन और न ही कॉलेज प्रबंधन का कोई प्रतिनिधि शोक प्रकट करने उसके घर गया। इस संवेदनहीनता ने छात्रों को और तोड़ दिया। रेखा बैगा ने ने परीक्षाओं के बीच आत्महत्या क्यों की, यह जांच का विषय है। जानकारी के अनुसार, दो पेपर पहले ही हो चुके थे और सेशनल परीक्षा किसी बड़े निर्णायक महत्व की नहीं थी, बल्कि सामान्य क्लास टेस्ट जैसी थी। इसके बावजूद प्रबंधन का कठोर रवैया समझ से परे है। छात्र पूछते हैं कि क्या मामूली औपचारिकताओं के लिए मानवीय संवेदनाएं कुचल दी जाएंगी?

### कॉलेज के भीतर सब कुछ ठीक नहीं

अब सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या छात्रा की मौत के पीछे केवल व्यक्तिगत कारण थे, या फिर प्रबंधन द्वारा बनाया गया मानसिक दबाव भी जिम्मेदार है। यह तथ्य पुलिस जांच में सामने आएंगे, लेकिन वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि कॉलेज के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। आवेदन न लेना, रिसीविंग से इनकार, शोक के समय संवादहीनता और असंवेदनशील बयान—ये सभी व्यवस्थागत खामियों की ओर इशारा करते हैं। जूनियर डॉक्टरों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाए और छात्रों पर पड़ रहे अनावश्यक मानसिक दबाव को तत्काल कम किया जाए। वे कहते हैं कि चिकित्सा शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि संवेदना भी सिखाती है। यदि वही संवेदना प्रशासन में मर जाएगी, तो डॉक्टर बनने की यह यात्रा समाज को क्या संदेश देगी।

# मासूमों की रगों में 'जहर': ब्लड बैंक कांड में अपनों को बचाने और छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाने का खेल!

सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया पीड़ित छह मासूम बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने का मामला अब भ्रष्टाचार,प्रशासनिक लापरवाही और पक्षपात की भेंट चढ़ता दिख रहा है।

सतना।

एक ओर जहां केंद्र और राज्य की टीमें जांच की खानापूर्ति कर रही हैं,वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य महकमे के रसूखदारों को बचाने के लिए केवल तीन लैब टेक्नीशियनों को निलंबित कर 'इतिश्री' कर ली गई है।

### बड़े चेहरों को अभयदान

सवाल यह उठता है कि क्या ब्लड बैंक की पूरी व्यवस्था सिर्फ तीन टेक्नीशियन ही चला रहे थे? सूत्रों की मानें तो जांच के नाम पर केवल छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया गया है,जबकि कई अन्य टेक्नीशियन और जिम्मेदार अधिकारी अभी भी अपनी कुर्सियों पर जमे हुए हैं। 1 अप्रैल को नोडल ऑफिसर द्वारा सूचना देने और 5 अप्रैल को डोनर लिस्ट सौंपने के बावजूद,कार्रवाई की सुई केवल तीन लोगों पर आकर क्यों रुक गई? क्या इसके पीछे किसी बड़े रसूखदार को बचाने की साजिश है। अस्पताल प्रबंधन की संवेदनहीनता का आलम यह है कि एक तरफ संक्रमण से हड़कंप मचा है,वहीं दूसरी ओर ब्लड बैंक में टेक्नीशियनों की कमी का हवाला देकर एक हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव व्यक्ति को तैनात करने की कोशिश की जा रही है। क्या प्रशासन अब मरीजों की जान से सरेआम खिलवाड़ करने पर उतारू है?

### मशीनरी के नाम पर बड़ा घोटाला

नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन की डॉ.शोभिनी राजन के नेतृत्व वाली टीम ने मुंबई की सूर्या चैरिटेबल ट्रस्ट की बड़ी गड़बड़ी पकड़ी है। क्लिया मशीन में रीजेंट खत्म होने पर कम सटीक 'एंटीजन किट' से जांच की जा रही थी,जिससे संक्रमण पकड़ में नहीं आया।

### निजी अस्पतालों की मनमानी

बिरला अस्पताल के ब्लड बैंक में 50 दिन पुराना खून का स्टॉक मिला,जबकि नियमतः 42 दिन से ज्यादा पुराना खून उपयोग नहीं किया जा सकता। समन्वय का अभावः ब्लड बैंक और आईसीटीसी के बीच आपसी तालमेल शून्य है,जिसके कारण संक्रमित डोनर्स की जानकारी समय पर साझा नहीं की जा रही।

### कहां-कहां से चढ़ा संक्रमित खून?

जांच में यह भी सामने आया है कि इन मासूमों को केवल जिला अस्पताल ही नहीं,बल्कि बिरला अस्पताल (सतना),जबलपुर, नागपुर और बिलासपुर के अस्पतालों में भी खून चढ़ाया गया था। ऐसे में यह संक्रमण का जाल कितना फैला हुआ है, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

### जवाब प्रशासन के पास नहीं

जब 'क्लिया' मशीन का रीजेंट खत्म था,तो जिम्मेदारों ने एलाइजा मेथड क्यों नहीं अपनाया? क्या सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल सिर्फ 'खून के सौदागरों' का अड्डा बन चुका है? क्या उन रसूखदार डॉक्टरों और नोडल अधिकारियों पर कार्रवाई होगी जिनकी नाक के नीचे यह मौत का व्यापार चल रहा था? यह कांड केवल एक मेडिकल लापरवाही नहीं,बल्कि प्रशासनिक हत्या का प्रयास है। यदि जांच केवल तीन निलंबन तक सीमित रही,तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि तंत्र को मासूमों की जान से ज्यादा अपनी साख और भ्रष्ट सप्लायरों की चिंता है।

### ब्लड बैंक सुचारू रूप से चले हम यह व्यवस्था बना रहेः सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनोज शुक्ला ने कहा-मासूम बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया जाने के मामले की उच्चस्तरीय जांच समितियां जांच कर रही हैं,हम इस बात की व्यवस्था बनाने में लगे हैं कि ब्लड बैंक सुचारू रूप से चले,ताकि नागरिकों को परेशानी ना हो।

## घने कोहरे के कारण फल से लदा पिकअप पलटा, बड़ा हादसा टला



**अमलाई।** सोमवार सुबह लगभग 7 बजे घने कोहरे के कारण एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बुढ़ार से अनूपपुर की ओर जा रहा फल से लदा एक पिकअप वाहन अमलाई क्षेत्र में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के पास स्टेट हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय अत्यधिक कोहरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम थी, इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पिकअप सड़क किनारे पलट गई। वाहन में लदे फल सड़क पर बिखर गए।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है।घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।स्थानीय प्रशासन की मदद से वाहन को हटाया गया और यातायात बहाल किया गया। प्रशासन ने वाहन चालकों से कोहरे के दौरान सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

## स्कूल से घर जा रही छात्रा को बोलेरो ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**रीवा।** स्कूल से साइकिल से घर जा रही छात्रा को तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दिया जिससे छात्र सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई घटना गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिहिया की है,घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर तकरीबन 2 बजे एक छात्रा डिहिया स्कूल से छुट्टी होने के बाद साइकिल से अपने घर की ओर जा रही थी,इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्रा की साइकिल दूर जा गीरी जबकि छात्रा उछलकर सड़क पर गिर गई , इस सड़क हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हुई है परिजनों सहित स्थानीय लोगों द्वारा छात्रा को तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है वहीं घटना के बाद बोलेरो सहित चालक मौके से फरार हो गया है।

# महिला ने चार बच्चे को दिया जन्म

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव स्टाफ की बड़ी सफलता, हाई रिस्क महिला की सफलतापूर्वक कराई नॉर्मल डिलीवरी

**हरिभूमि न्यूजः जुन्नारदेव।** डॉक्टर को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है इस कहावत को पूरी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के स्टाफ ने साबित कर दिखाया है। जहां पर सोमवार 22 दिसंबर को अति गंभीर स्थिति में ग्राम रोरा ढेकनी माल निवासी गर्भवती महिला गुनों पति जगर सिंह को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव लाया गया था, महिला की स्थिति को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा तत्काल उसे भर्ती किया गया। स्थिति अति गंभीर रेफर की न होने के चलते स्टाफ द्वारा निर्णय लिया गया कि महिला की डिलीवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में ही कराई जाए, क्योंकि महिला छिंदवाड़ा तक पहुंचने की कंडीशन में नहीं थी।
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ में सीनियर नर्स पूजा सोनी सहित उनके सहयोगी स्टाफ नर्स मोनिका दास एवं सुषमा आहके द्वारा अपनी सूझबूझ और अनुभव के आधार पर महिला की डिलीवरी कराई गई जहां पर महिला ने 03 बालिका एवं 01 बालक 04 जीवित बच्चों को जन्म दिया और महिला की स्थिति भी खतरे के बाहर थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के नर्सिंग स्टाफ की इस उपलब्धि के बाद उनकी सर्वत्र सराहना की जा रही है, जहां पर जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार 04 जीवित बच्चों की डिलीवरी करा कर उन्होंने न सिर्फ एक कीर्तिमान रचा बल्कि मां और बच्चों को सुरक्षित जीवन



भी दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में जब गर्भवती महिला को लाया गया तब गर्भधारण के 06 माह ही पूर्ण हुए थे, ऐसी स्थिति में गर्भवती महिला का प्रसव कराना एक चुनौती से कम नहीं था क्योंकि बच्चे भी 26 सप्ताह में पूरी ग्रोथ नहीं कर पाए थे। महिला की गंभीर अवस्था को देखते हुऐ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग स्टाफ द्वारा सीनियर नर्स पूजा सोनी के कुशल नेतृत्व में महिला का प्रसव कराने का निर्णय लिया गया और सुरक्षित प्रसव कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के इतिहास में अपना नाम लिख दिया गया है।

**वेंटिलेटर उपलब्ध न होने पर बच्चों को किया गया छिंदवाड़ा रेफरः** छठवें माह में जन्म लिए हुए बच्चे शारीरिक रूप से काफी कमजोर थी इस स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध न होने के चलते डॉक्टर एवं नर्सों की टीम द्वारा एंबुलेंस की सहायता से बच्चों को छिंदवाड़ा रेफर किया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के ब्लॉक मेडिकल अधिकारी सुरेश नागवंशी का कहना है कि बच्चों को एसएनसीयू यूनिट में रखकर उनकी विशेष देखभाल की जाएगी जिससे बच्चों की स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

**बच्चों का वजन कम होने पर बना हुआ है खतराः** छठवें माह में जन्म लिए हुए बच्चों की ग्रोथ कमजोर होने के साथ-साथ पहला बच्चा लड़की 600 ग्राम, दूसरा बच्चा लड़की 600 ग्राम, तीसरा बच्चा लड़की 550 ग्राम एवं चौथा बच्चा लड़का 400 ग्राम वजन के पैदा हुए हैं। बच्चों का वजन कम होने और छठवें माह में डिलीवरी हो जाने के चलते बच्चों को खतरा बना होने की बात भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा कही गई है। दो बच्ची लगभग सुरक्षित अवस्था में है और एक बच्चा और एक बच्ची कम वजन होने के चलते खतरे की स्थिति में है जहां पर जिला चिकित्सालय में उन्हें सही उपचार मिलने की बात भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ द्वारा कही गई है।

## कोतमा में हुये आयोजन में पत्रकारों ने..मैं नहीं हम...का दिया संदेश

# अनेक सार्थक प्रस्तावों के साथ राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रदेश सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर





राष्ट्रीय स्तर पर पत्र पत्रकार और पत्रकारिता के लिए क्रियाशील संगठन राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रदेश सम्मेलन मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा नगर में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रांतीय सम्मेलन मंगल भवन, ठाकुर बाबा धाम, कोतमा में आयोजित हुआ। जहां प्रदेश भर के पत्रकार शामिल हुए।

श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश उपाध्याय राजेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला, अनूपपुर कोतमा की टीम के द्वारा प्रदेश स्तर का सम्मेलन आयोजित किया। इस प्रदेश सम्मेलन में प्रदेश, संभाग व जिला इकाई के पत्रकार साथी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेई ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के श्री महंत स्वामी रामभूषण दासजी महाराज, परिषद के राष्ट्रीय सचिव देव शंकर अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, मुख्य महासचिव विलोक पाठक, संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, विधायक फुँदेलाल सिंह मार्को, नगर पालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष पसान राम अवध सिंह, नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पनिका, नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष पत्रकार डॉ सुनील चौरसिया, नगर परिषद डोला की अध्यक्ष रेणु कोल, नगर परिषद राजनगर बनगंवा के अध्यक्ष यशवंत सिंह मंचासीन रहे। प्रदेश सम्मेलन का शुभारंभ मंच पर आसीन विशिष्ट आमंत्रित अतिथि और मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। तत्पश्चात शहडोल संभाग, अनूपपुर जिले और कोतमा की इकाई के द्वारा मंच पर आसीन सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्प हार शाल श्रीफल देकर स्वागत वंदन और अभिनंदन किया। कोतमा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना और स्वागत गीत गाकर सभी जिलों से पधारे वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पत्रकारों का शब्दसुमन से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन मे मुख़्य अतिथि दिलीप जायसवाल ने कहा कि पत्रकारिता काफी जोखिम भरा क्षेत्र है। पत्रकारिता वर्ग से जुड़े लोगों की समस्याओं और कठिनाइयों से रूबरू हैं। जिन मांगों को लेकर आज पत्रकार एकजुट हुए हैं उसको लेकर उन्होंने आह्वान किया कि भविष्य में भी सभी पत्रकार ऐसे ही एकजुट होकर सही दिशा में पत्रकारिता का इस्तेमाल करें।

### पत्रकार समाज हित में उठाएं आवाज

प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, प्रदेश महासचिव संदीप मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों को समाज के हित में आवाज उठानी चाहिए, साथ ही साथ प्रत्येक पत्रकार को अपने पत्र समूह में लिखने वाली लेखनी ऐसी होना चाहिए जिससे जनता का हित हो समाज का हित हो। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांति कुटी आश्रम अमरकंटक के श्री महंत स्वामी रामभूषण दासजी महाराज ने अपने आशीर्वचन में प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन की सफलता पर अपनी ओर से खुशी जाहिर करते हुए सभी पत्रकारों को आशीर्वाद दिया उन्होंने मां नर्मदा से प्रार्थना की की मां जगत जननी सभी पत्र समूह से जुड़े पत्रकारों को और परिषद के पदाधिकारियों को सुख शांति और ऐश्वर्य के साथ-साथ स्वस्थ मय मंगलमय जीवन दे ऐसी कामना पूज्य संत ने अपने आशीर्वाद वचन में कही।

### मजीठिया की रिपोर्ट लागू करने की उठी मांग

विशिष्ट अतिथि विधायक फुन्देलाल मार्को ने कहा कि सभी पत्रकारों को सरकार और आम आदमी के बीच सेतु का काम करना चाहिए। समाज में जो कुछ घटित हो रहा है या जो होना चाहिए इसकी आवाज अपनी कलम के माध्यम से शासन तक पहुंचाए हैं सत्ता तक पहुंचाये है, सरकार तक पहुंचाएं और उसे हल करने में अपनी अहम भूमिका भी निभाये। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी और राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता जो प्रदेश से बाहर होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके उन्होंने वर्चुली रूप से अपनी ओर से अनूपपुर इकाई को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारों को आज एकजुटता की जरुरत हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे एवं प्रदेश के मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी परिषद के साथी पत्रकार मैं नहीं हम में भरोसा रखते हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान कार्यक्रम में जबलपुर संभागीय अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता चंद्रशेखर शर्मा, परिवार कल्याण प्रकोष्ठ उत्पल कांत शर्मा, साहित्यिक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख रूपम वाजपेयी, कार्यसमिति सदस्य उमेश शुक्ला, जबलपुर संभागीय उपाध्यक्ष शिव चौरसिया, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव इंजीनियर तरुण सोनाने, मंडला जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, मंडला समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष कैलाश कुमार डेहरिया, दीपक कछवाहा, रामकुमार बघेल, किशोर रजक ओम वरसिया, अरुण बैरागी, सिवनी जिलाध्यक्ष शरद दुबे, संजय अग्रवाल, महेन्द्र बघेल, गोपाल चौरसिया, लोकेश उपाध्याय, नरसिंगपुर जिलाध्यक्ष भगीरथ तिवारी सहित इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के अनेक जिलों के अध्यक्ष संभाग अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी और राष्ट्रीय पदाधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### शासन से निम्न मांगों पर चर्चा का विचार

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेई एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे ने कहा कि सम्मेलन में सर्वसम्मति से कुछ बिंदुओं को शासन स्तर पर मांग के रूप में उठाने की आवश्यकता महसूस की जिसमें सरकार द्वारा जारी मान्यता प्राप्त पत्रकार पहचान पत्र के आधार पर सोशल मीडिया पर अपनी सेवाएं देने वाले पत्रकारों को भी कार्ड जारी करने, जिला स्तर के अधिकारी डीआईपीआरओ को पत्रकार पहचान-पत्र बनाने की पावर देने, आयुष्मान कार्ड का लाभ योजना में सोशल मीडिया व साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक छः मासिक वार्षिक के अलावा अन्य पत्रिका में पत्रकार के तौर पर अपनी सेवाएं देने। प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन आयोजित वाले सभी पत्रकारों को इस योजना में शामिल करने, पत्रकार की अचानक मृत्यु हो जाने पर उसके परिवार को 20 लाख रूपयों की आर्थिक सहायता देने, अगर कोई पत्रकार एक्सीडेंट के कारण विकलांग हो जाता है तो उसको कम से कम 10 लाख रूपये व आजीवन पेंशन देने। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर पत्रकार के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले पत्रकारों को परिवार सहित सरकारी बीमा योजना में शामिल करने, सभी पत्रकारो का टोल टैक्स फ्री करने, मध्यम एवं लघु समाचार-पत्रों के लिए विज्ञापन नीति को सशक्त बनाने एवं यह सुनिश्चित करने के लिए किसी भी स्तर पर इनका शोषण व अनदेखी ना हो।

## 7 महीने से लापता नाबालिग बालिका छिंदवाड़ा से बरामद

**सतना।** रामपुर बाघेलान पुलिस ने मई माह से लापता एक नाबालिग बालिका को छिंदवाड़ा जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। 6 मई को फरियादी ने अपनी पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक डॉ.हंसराज सिंह के निर्देशन में सायबर सेल की मदद से संदिग्ध नंबरों को ट्रैक किया गया। सउनि राजेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में टीम ने बालिका को ग्राम बाकोडी,थाना दमुआ ( छिंदवाड़ा) से बरामद किया। पूछताछ और बयान में बालिका ने बताया कि वह माता-पिता से नाराज होकर घर से चली गई थी और वहां मजदूरी कर रही थी। वैधानिक कार्यवाही के बाद बालिका को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है।

**नरसिंहपुर से दस्तयाब की एक और लापता बालिकाः** रामपुर बाघेलान पुलिस ने एक और गुमशुदा नाबालिग बालिका को खोजने में सफलता प्राप्त की है। बालिका को नरसिंहपुर जिले से बरामद किया गया है। 23 मई को बालिका के लापता होने की शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस लगातार सायबर सेल और स्थानीय मुखबिरों के माध्यम से बालिका की तलाश कर रही थी। 21 दिसंबर को पुलिस टीम ने लोकेशन के आधार पर दबिश देकर बालिका को नरसिंहपुर से दस्तयाब किया। न्यायालय में दर्ज बयानों के अनुसार,बालिका परिजनों से नाराजगी के कारण घर छोड़कर चली गई थी। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी और सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत सिंह की विशेष भूमिका रही।

### दूर दूर से आए लाखों अनुयाई, सबका हो कल्याण की भावना की प्रकट

# देवों की विदाई के साथ भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ 251 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि, जबलपुर।

नारी सशक्तिकरण वर्ष 2025–26 के निमित्त अखिल भारतीय गायत्री परिवार, गायत्री शक्तिपीठ मनमोहन नगर के तत्वावधान में आयोजित 251 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ सोमवार को देवों की विदाई एवं पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा, शांति और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। यह विराट आध्यात्मिक आयोजन 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक नर्मदा तट स्थित गीता धाम, ग्वारीघाट में आयोजित किया गया, जिसमें जन-जन की सहभागिता देखते ही बनती थी।



### देव विदाई के साथ पूर्णाहुति, भावनाओं का उमड़ा सागर

महायज्ञ के अंतिम दिवस देव विदाई संस्कार के दौरान पूरा यज्ञ परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा और भाव-विभोर वातावरण से सराबोर हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा और आस्था के साथ देवताओं से प्रार्थना की कि— "समस्त संसार में शांति, सद्भाव और सद्भावना बनी रहे, संस्कारधानी जबलपुर में धर्म और संस्कारों की ज्योति निरंतर प्रज्वलित होती रहे। करीब चार घंटे तक चले समापन कार्यक्रम में दोपहर लगभग 4 बजे पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ विधिवत संपन्न हुआ। इस दौरान विशाल जनसमूह की उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता और सफलता को स्वतः प्रमाणित कर दिया। ठंड भी आस्था पर भारी नहीं पड़ी यज्ञ की महिमा ऐसी रही कि कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था डगमगाई नहीं। माताएं, बहनें, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए, 70, 80 यहाँ तक कि 90 वर्ष तक की वृद्ध माताएं और बुजुर्ग भी यज्ञ में आहुतियाँ देने पहुंचे ठंड के बावजूद अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह पूरे आयोजन में देखने को मिला।

### रक्तदान, वृक्षारोपण और सेवा का संदेश

महायज्ञ के साथ सेवा और समाज-निर्माण का संदेश भी दिया गया। युवाओं द्वारा रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं आयोजकों के माध्यम से वृक्षारोपण का संदेश, लोगों को पौधे भेंट कर उन्हें रोपित करने का संकल्प दिलाया गया। यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का सशक्त उदाहरण बना।

### प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र महायज्ञ

स्थल पर परमपूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जीवन दर्शन पर आधारित भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। गुरुदेव के विचार, जीवन दर्शन और युग निर्माण संदेशों से लोग प्रेरित हुए, प्रदर्शनी देखने के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही

### भोजन व व्यवस्थाएं सराहनीय

आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की गई थीं। अनुशासन, सेवा भावना और स्वयंसेवकों की तत्परता हर व्यवस्था में दिखाई दी। विशेष आयोजनों ने बढ़ाई गरिमा।

### योग, ध्यान, प्राणायाम, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

विराट 11000 दीप महायज्ञ, निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर, विशाल पुस्तक मेला, जैसे आयोजनों ने कार्यक्रम को बहुआयामी और जनोपयोगी बनाया।

### इनकी रही उपस्थिति

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्पराज पटेल , दृष्टि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पवन स्थापक, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, गुरुधाम के आसवदास महाराज, नर्मदा आरती संयोजक ओमकार दुबे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा आदि की रही उपस्थिति।

## कोनी तीर्थ में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का महाकौशल-विंध्य अधिवेशन संपन्न



जबलपुर। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अंतर्गत महाकौशल-विंध्य रीजन के समस्त ग्रुपों का अधिवेशन कोनी तीर्थ में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव विनय जैन एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल रहे। प्रातः साधना जैन के सुमधुर गायन से पूजन-अभिषेक संपन्न हुआ। ध्वजारोहण सोशल ग्रुप पाटन के अध्यक्ष जयपाल जैन ने किया। फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. प्रदीप सिंह कासलीवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आदिनाथ भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर इंदौर में आयोजित होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी ने अधिवेशन को सराहनीय बताते हुए इसे अन्य रीजन के लिए प्रेरणास्रोत बताया तथा 25 जनवरी को इंदौर में होने वाले परिचय सम्मेलन में सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में पाटन, शहपुरा, कटनी, सतना, रीवा सहित जबलपुर के विभिन्न जैन सोशल ग्रुपों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। महाकौशल-विंध्य रीजन के अध्यक्ष सीए मनोज साधना जैन, सचिव हेमंत सपना जैन एवं कोषाध्यक्ष सुनील चित्रा घीया ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूरामनगर में श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ आज से

जबलपुर। वैदेही रामायण महिला मण्डल, न्यू राम नगर, अधारताल के तत्वावधान में 23 दिसंबर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक शांता माता मंदिर के पास श्री भागवत ग्राउंड में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महाकथा में भक्तों को सपरिवार एवं ईष्ट मित्रों के साथ पधारने की अपील आयोजकों ने की है। कार्यक्रम में 23 दिसंबर को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा एवं दोपहर 2 बजे राम महिमा से शुरुआत होगी। इसके बाद प्रत्येक दिन



भगवान श्रीराम के विभिन्न प्रसंग जैसे भगवान शिव चरित्र, श्रीराम जन्मोत्सव, ताड़का बध, सीता-राम विवाह, पंचवटी निवास, सुन्दरकाण्ड, सेतु बंधन एवं श्रीराम राज्याभिषेक पर कथा का आयोजन किया जाएगा। अंतिम दिन 1 जनवरी 2026 को हवन, पूजन, पूर्णाहुती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। कथा व्यास के रूप में श्री प्रयाग पीठाधीश्वर, जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरावती महाराज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल और श्रीराम भक्त सेना के सदस्यों द्वारा किया जाएगा।

## अस्त-व्यस्त यातायात पर पुलिस कप्तान से चर्चा आज

जबलपुर। ई-रिक्शा से फैली अराजकता से यातायात पूर्णतः अस्त-व्यस्त हो गया है, जिस पर कार्यवाही की आवश्यकता है। इस मुद्दे को लेकर जनसंगठन 23 दिसम्बर को दोपहर 01 बजे पुलिस अधीक्षक से चर्चा करेंगे तथा सुझाव प्रस्तुत करेंगे, ताकि ई-रिक्शा से फैली अराजकता पर नियंत्रण हो सके। डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, सुभाष चन्द्रा, डीआर लखेरा, सुशील कनौजिया तथा गीता पांडे ने चर्चा में उपस्थिति की अपील की है।



## भारतीय जैन संगठन म.प्र. पूर्व का प्रांतीय अधिवेशन जबलपुर में संपन्न

जबलपुर। भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) म.प्र. (पूर्व) का प्रांतीय अधिवेशन 2025 रविवार 21 दिसंबर को जबलपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज जबलपुर के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन एवं श्वेतांबर जैन समाज (सदर) के अध्यक्ष प्रो. मंगलचंद टाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिवेशन को बीजेएस के संस्थापक शांतिलाल मुथ्था, राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर साखला एवं राष्ट्रीय महासचिव पंकज चोपड़ा का सानिध्य प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर साखला ने समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण पर बीजेएस की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता शांतिलाल मुथ्था ने राष्ट्र निर्माण में संगठन के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बेटियों के सशक्तिकरण, जल संरक्षण, जैन परिवार अदालत, नैतिक शिक्षा एवं आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रजनीत जैन के स्वागत उद्बोधन से हुआ। प्रो. मंगलचंद टाटिया ने संस्कारधानी जबलपुर की ऐतिहासिकता बताई। सम्मान समारोह में इंजी. डी.सी. जैन एवं इंजी. ए.के. पलंदी को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वहीं प्रमोद मोदी, डॉ. यतीश जैन, डॉ. भावना जैन, दीदी निधि जैन, सुशील जैन आचार्या, इंजी. पी.सी. जैन, मयूर संघवी एवं मनोज जैन 'लालो' को 'उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार' प्रदान किए गए।



## 11 हजार दीपकों की अनुपम रोशनी से झिलमिला उठा गौरीघाट नर्मदा तट

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के गौरीघाट स्थित गीताधाम के सामने मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में प्रातः हजारों श्रद्धालुओं एवं गायत्री परिजनों ने यज्ञ में हिस्सा लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया, वहीं सांयकाल 11 हजार दीपों की झिलमिल रोशनी से संपूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे केंद्रीय प्रतिनिधि श्याम बिहारी दुबे ने 11 हजार दीपों के महायज्ञ का संचालन करते हुए कहा कि गायत्री मंत्र और यज्ञ अग्नि के माध्यम से व्यक्ति में सद्गुणों और देवीय शक्तियों का जागरण होता है, श्रद्धापूर्वक किए गए महायज्ञ से भौतिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, स्वामी दादा पगलानंद महाराज, हनुमान महाराज, जबलपुर सांसद आशीष दुबे, उत्तर-मध्य विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, बरगी क्षेत्र विधायक नीरज सिंह, आचार्य हरिशंकर दुबे, पं. शिवगणेश गौतम, पं. संतोष तिवारी, विनय वर्मा, सुरक्षा प्रभारी एस.डी रावत, एसपी शर्मा, छबि नेत्रालय से डॉ. अखिलेश नेमा, डॉ. प्रज्ञा नेमा, लेखराज सिंह (मुन्नाभैया), गायत्री शक्तिपीठ के प्रधान ट्रस्टी बृज बिहारी शर्मा, के साथ ही मीडिया प्रभारी दीपांशु शुक्ला, सहयोगी देव सिंह उइके तथा अन्य जनप्रतिनिधि समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित उपस्थित थे।



## डॉ. गायत्री कथा सम्मान 2025 से इंजी. इस्मिता माथुर होंगी सम्मानित

जबलपुर। प्रतिष्ठित कथा लेखिका एवं कवयित्री डॉ. गायत्री तिवारी की स्मृति में पाथेय साहित्य कला अकादमी द्वारा आयोजित गायत्री कथा सम्मान 2025 से इंजी. इस्मिता माथुर को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह 27 दिसंबर 2025 को अपरान्ह 3.30 बजे कलावीथिका में आयोजित होगा। यह जानकारी पत्रकार वार्ता में अकादमी के महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नारी जागरण के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं — प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिव स्मृति भवन, कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ, सनाढ्य महिला संस्था, राजपूताना क्लब, मां नर्मदा वानप्रस्थ आश्रम, मातृशक्ति परम वैभव समिति, स्वर्णकार महिला मंडल एवं ममत्व सेवा महिला प्रकोष्ठ को भी सम्मानित किया जाएगा। इंजी. इस्मिता माथुर के चार कथा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जिन्हें साहित्य जगत में सराहना मिली है। उनकी कहानियां नारी विमर्श और सामाजिक समस्याओं पर केंद्रित हैं। पत्रकार वार्ता में डॉ. संध्या श्रुति, प्रतिमा अखिलेश, राजेन्द्र मिश्रा, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल एवं आलोक पाठक उपस्थित रहे।

## जनेकृविवि में "विद्यार्थी जीवन में ध्यान से उत्कर्ष" विषय पर कार्यशाला संपन्न



जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर "विद्यार्थी जीवन में ध्यान से उत्कर्ष" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ। स्वामी विवेकानंद सेमीनार हॉल में आयोजित इस कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, जबलपुर का सहयोग रहा। संस्था की श्रीमती प्रभा खण्डेलवाल एवं श्रीमती प्रगति ने विद्यार्थियों को ध्यान, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया और विश्व ध्यान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. जयंत भट्ट ने ध्यान को मानसिक एकाग्रता एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया, वहीं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने विद्यार्थी जीवन में ध्यान पद्धति को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यशाला समन्वयक डॉ. राहुल डोंगरे ने किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. नीलू विश्वकर्मा, डॉ. अनुपमा वर्मा, छात्रावास अधीक्षक डॉ. प्रीति जैन सहित एनसीसी कैडेट, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हम फाउंडेशन ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



जबलपुर। हम फाउंडेशन भारत द्वारा शासकीय सी.एम. राइज विद्यालय, मेडिकल जबलपुर में कक्षा पहली से बारहवीं तक के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान हेतु समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हम फाउंडेशन की जिला संयोजक एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती लीलावती पाल ने सात मेधावी विद्यार्थियों को नगद राशि, सम्मान पत्र एवं स्नेह भेंट प्रदान की। इसके साथ ही स्वामी विवेकानंद विषयक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में पश्चिम जोन संयोजक महिला सहभागिता प्रमुख डॉ. मुकुल तिवारी ने श्रीमती पाल के कार्यों की सराहना की। प्राचार्य किरण राव ने बोर्ड परीक्षा की प्रवीण सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को डिजिटल वॉच देने की घोषणा की। हम फाउंडेशन के प्रांत अध्यक्ष एड. जयेश सिंह राठौर ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, वहीं जिला महामंत्री इंद्रपुरी गोस्वामी ने विद्यार्थियों को परिश्रम का संदेश दिया। उपप्राचार्य शैलेश पाठक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र उर्मलिया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मध्य प्रदेश कबड्डी टीम में बालिकाओं का हुआ चयन

जबलपुर। मध्य प्रदेश कबड्डी ऐसोसिएशन के मार्गदर्शन में एवम जबलपुर अकेडमी कबड्डी के संयोजन से नैशनल जूनियर कबड्डी कैंप एमएलबी स्कूल में अयोजित किया गया। आज जगत बहादुर सिंह महापौर, रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम, अंचल सोनकर पूर्व कैबिनेट मंत्री, विवेक राम सोनकर पार्षद, अवधेश यादव, प्राचार्य श्रीमती प्रभा मिश्रा पीएम श्री एमएलबी स्कूल, देवी पहलवान, आशीष यादव, नीतू सिंह विक्रम अवार्डी, मनीष यादव, पुष्पा रघुवंशी, नीतू सिंह विक्रम अवार्डी की उपस्थिति में मध्य प्रदेश कबड्डी टीम के सभी खिलाडियों को ट्रैक शूट किट वितरण की और सभी को जीत के लिए शुभाशीष दिया, सभी ने मध्य प्रदेश की चयनित बालिकाओं से परिचय प्राप्त किया एवं सभी को शुभकामनाएं दीं। मध्य प्रदेश टीम के कोच मंजीत समाल एवं टीम की मैनेजर चंदा सोनी रहेंगी। सभी चयनित खिलाड़ी 25 से 28 दिसम्बर तक कलकत्ता में भाग लेंगे, मध्य प्रदेश टीम दल इस प्रकार- मानसी गौंड, मुस्कान, ताशु राजपूत, साक्षी, मानसी सैनी, काजल, प्राची, अंशिका, दिव्या मल्लाह, दिया, अंजली, साक्षी विश्वकर्मा, चंदा सोनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा का विप्र समागम 25 को



जबलपुर। मध्यप्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि महासभा की स्थापना 26 जनवरी 1946 को शतक्रतु महाराज द्वारा की गई थी, जो प्रदेश का सर्वाधिक प्राचीन ब्राह्मणों का जीवंत संगठन है। महासभा 25 दिसम्बर 1946 से जो कि महासभा के प्रेरणा स्रोत महामना पं. मदन मोहन मालवीय का जयंती दिवस है, प्रतिवर्ष इसी दिनांक को प्रदेश स्तरीय अधिवेशन आयोजित करती आ रही है। इस वर्ष महासभा का 80वां वार्षिक महाधिवेशन व विप्र समागम 25 दिसम्बर को हितकारिणी गोविंदगंज महाविद्यालय में मध्यान्ह 12.30 बजे से आयोजित है। पत्रकार वार्ता में आचार्य पं. वासुदेव शास्त्री, पं. आशीष त्रिवेदी, पं. बृजेश दुबे, एड. असीम त्रिवेदी, एड. सिद्धार्थ शुक्ला, पं. गोविंद दुबे, अखिलेश दीक्षित, अपूर्व त्रिवेदी, पं. रत्नेश मिश्रा, बृजेश बबेले सहित अन्य उपस्थित रहे।

CHANGE OF NAME
I, ARMY NO. JC-784759H RANK NB/SUB NAME VIPIN KUMAR S/O RAMPAL SINGH OF UINT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 2127 9318 9794 I, have changed name of my DAUGHTER, from KAVYA (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to KAVYA SINGH (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 8313 5519 1548 AND BIRTH CERTIFICATE) vide affidavit dated 20/12/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
KAVYA SINGH
INCORRECT NAME
KAVYA
BV 254850

## स्वरांजलि समारोह में कला विभूतियों को अलंकृत किया गया



जबलपुर। आंचलिक साहित्यकार परिषद एवं लोककला सांस्कृतिक संगठन द्वारा आयोजित नवम स्वरांजलि संगीत समारोह में संस्कारधानी के वरिष्ठ शिक्षाविद, साहित्य मर्मज्ञ एवं वरिष्ठ संगीत साधकों की उपस्थिति में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा शताधिक दिवंगत साधकों को श्रद्धांजलि दी गई। यह कार्यक्रम विगत नौ वर्षों से ग्राम आगासौद में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि यह आयोजन नवागत संगीत साधकों को प्रेरित और ऊर्जित करेगा। अध्यक्षीय संबोधन में आकाशवाणी के पूर्व अधिशासी डॉ. बैजनाथ गौतम ने इसे विगत की स्मृति और आगत के स्वागत का अनूठा आयोजन बताया। समारोह में पं. रुद्रदत्त ने बताया कि आंचलिक कवि प्रो. राजेन्द्र ऋषि, लोक कलाविद पं. नाथुराम तिवारी एवं लालमणि शंकरलाल दाहिया की पुण्य स्मृति में महाकोशल के वरिष्ठ साधकों को काव्य, नादऋषि एवं लोकरस माधुरी अलंकरणों से विभूषित किया जाता है। इस अवसर पर शरतचंद पालन, डॉ. कौशल दुबे, डॉ. उदयभानु तिवारी, अभिमन्यु जैन, सुरेश विचित्र, डॉ. अनिता श्रीवास्तव एवं राजसागरी उपस्थित रहे। संचालन माधुरी रमेश मिश्रा एवं अजय मिश्रा ने किया। नवोदित कलाकारों में मनु कौशल (तबला), अंशिका सोनी (सरोद), दिव्यानी तिवारी, शिवानी राजपूत एवं दिव्या उपाध्याय शामिल थे।

### विजयनगर से हटाए अतिक्रमण, 2 टपरे जब्त

जबलपुर। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते विजय नगर क्षेत्र के एस.बी.आई. चौक से घड़ी चौक और अहिंसा चौक तक मार्ग पर यातायात बाधित कर रहे 4 टपरों को जब्त किया गया, जबकि 50 टपरों को हटाकर सड़क किनारे से अलग किया गया। क्षेत्र में कई अस्थायी निर्माणों ने सर्विस रोड और मुख्य मार्ग को संकरा कर दिया था, जिन्हें जे.सी.बी. की मदद से हटाया गया। इसी प्रकार ज्ञान सागर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के पास आम रास्तों पर अवैध रूप से संचालित चाय-पान के टपरों और झुग्गी-झोपड़ियों को पूरी तरह हटा दिया गया। प्लेटफार्म नंबर 6 के आस-पास और मालगोदाम चौक से इंदिरा मार्केट तक के मार्ग पर सघन अभियान चलाया गया।

CHANGE OF NAME
I, ARMY NO. JC-784759H RANK NB/SUB NAME VIPIN KUMAR S/O RAMPAL SINGH OF UINT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 2127 9318 9794 I, have changed name of my DAUGHTER, from ADITI (name as per my ARMY SERVICE RECORDS) to ADITI SINGH (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 6550 6394 8147 AND BIRTH CERTIFICATE) vide affidavit dated 20/12/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
ADITI SINGH
INCORRECT NAME
ADITI
BV 254851

कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-13, नगर निगम जबलपुर
पत्र क्र./संभा.अधि./13 मुख्यालय/2025-26/एम/194
दिनांक 17/12/2025
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार जायसवाल पिता श्री बरातीलाल जायसवाल मकान नं. 129 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1872.2 व.फु. भूतल 800 व.फु. प्रथम तल 800 व.फु. मृत्यु प्रमाणपत्र/ वसीयतनामा/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
राजस्व निरीक्षक
संभाग-13 कार्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज, परिवार में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं, लोग दुख-संताप का जीवन जी रहे हैं, ऐसे में प्रभु यीशु के संदेश बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने सभी को एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया ताकि समाज में मानवीय भाव बना रहे। क्रिसमस, यीशु के जन्मोत्सव और उनके दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का ही पर्व है।

## प्रभु ईसा मसीह का संदेश बना रहे प्रेम-करुणा का भाव

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

सबका भला चाहने की सरोकारी सोच ही सच्ची संवेदनाओं को पोसती है। क्रिसमस का पर्व ईसा मसीह के ऐसे ही भावपूर्ण संदेशों की याद दिलाता है। यह त्योहार अपनों से लेकर आस-पड़ोस तक, हर जगह करुणा, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है। बिखरते परिवारों और उलझाऊ होती सामाजिक जिंदगी के इस दौर में साथ, संवेदनाएं और सहानुभूति के इमोशंस हर जगह जरूरी हैं। इन भावनाओं का आधार ना केवल बेहतर ढंग से जीने की बुनियाद बनता है बल्कि जीवन की सार्थकता भी समझाता है। यही वजह है कि प्रभु यीशु के विचार, भाव और सुझाव सबके जीवन को सहज बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

### सेवा-सम्मान की सोच

हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था आपसी समझ और एक-दूजे की सेवा-सहायता के बिना नहीं चल सकती। ना ही सम्मानजनक परिवेश बनाए बिना स्थितियां सहज रह सकती हैं। ऐसे में प्रभु यीशु के विचार सदा प्रासंगिक हैं। खासकर सेवा और सम्मान का आधार बनाने वाला दया का भाव, उनकी दी हर सीख में शामिल है। करुणा का यह भाव ही इंसानों को सेवाभावी बनाता है। अपनों ही नहीं, परायों की भी पीड़ा समझने और उसे दूर करने में मदद करने की संवेदनाएं जगाता है। प्रभु यीशु का संदेश 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खुद को सहेजते हुए आगे बढ़ना, स्वयं से जुड़कर दूसरों का साथ पाना और खुद की संभाल करते हुए सबका संबल बनना ही तो मानवीय सोच का सबसे सुंदर पहलू है। यही सोच परिवार से लेकर समाज तक, हर जगह सेवाभाव को बढ़ावा देती है। इसी विचार से अपने देश के नागरिकों के साथ अपनेपन भरे जुड़ाव को बल मिलता है। असल में देखा जाए तो सेवाभाव हमें प्रकृति के हर जीव से जोड़ता है। मदद का मानस हो तो हर इंसान छोटी-छोटी सहायता के रूप में कुछ ना कुछ करने की राह निकाल ही लेता है। दूसरों की सेवा करते हुए इंसान स्वयं अपने आप को भी संवार रहा होता है। सच्ची करुणा के साथ किया गया हर काम और बोला गया हर शब्द सहज रूप से हमारे मन-जीवन में भी सकारात्मकता को पोसता है। प्रभु यीशु ने भी सदा गरीब और कमजोर लोगों के लिए करुणा और सहायता का भाव रखा। हम सभी को ईसा मसीह की इस सीख को याद रखना चाहिए, जीवन में अपनाना चाहिए।





### न्यायसंगत व्यवस्था का समर्थन

ईसा मसीह मानवीय मूल्यों को सहेजने के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाओं में सभी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाने को अहमियत दी गई है। इसके लिए उन्होंने सभी को नैतिक रूप से सबल बनने की सीख दी। असल में नैतिक व्यवहार ही जिंदगी के हर मोर्चे पर न्याय की स्थापना कर सकता है। नैतिकता का भाव सिखाता है कि स्वार्थ साधने के बजाय दूसरों की तकलीफों को समझा जाए। हर हाल में किसी के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया जाए। यीशु का यह भी कहना था कि 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो वैसा व्यवहार उनसे करो।' यह विचार सचमुच महत्वपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति का अच्छा व्यवहार किसी दूसरे इंसान के नकारात्मक व्यवहार को भी बदलने की ताकत रखता है। यही पॉजिटिविटी रिश्तों को भी साधने का काम करती है। इसीलिए स्वयं अपने बर्ताव के नेगेटिव रुख को समझना भी आवश्यक है। यीशु का यही कहना है कि यह सकारात्मक बदलाव खुद हमारी ओर से हो। यानी, जैसा व्यवहार हम औरों से चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हम खुद भी दूसरों के लिए अपनाएं।

### आत्मीयता भरा जुड़ाव

प्रभु यीशु मन से इंसानी भावों को पोसने का संदेश देते हैं। जीवन को सरल बनाने वाले उनके विचार आज के समय में और जरूरी हो चले हैं। हर ओर दिखती स्वार्थपरक सोच और फरेब के खेल में निश्छलता कहीं खो गई है। अपनों के साथ भी जालसाजी की घटनाएं हो रही हैं। सगे-संबंधियों में भी आत्मीयता नहीं बची है। आस-पड़ोस का मेलजोल छीजता दिखता है। कहीं जान-बूझकर तो कहीं अनजाने में दूसरों को पीड़ा पहुंचाई जा रही है। जबकि ईसा मसीह का संदेश 'तुम्हें अपने पड़ोसी से भी स्वयं जैसा ही प्रेम करना चाहिए।' आज की बिखरती सामाजिक व्यवस्था में यह बहुत आवश्यक सूत्र सा लगता है। आस-पड़ोस के लोगों से प्रेम करना हमें एक-दूजे के सुख-दुःख में भागीदार बनाता है। साथ और सुरक्षा का भरोसा जगाता है। जाने-अनजाने कोई भूल हो जाने पर उसे सुधारने का भाव इस आपसी विश्वास को और पुख्ता बना सकता है। यीशु ने भी गलती हो जाने पर पश्चाताप करने का मार्ग सुझाया है। उनका कहना था 'जो गलत हुआ है, उसे स्वीकारें और फिर गलत से हमेशा के लिए दूर रहें।' यह स्वीकार्यता और सकारात्मक सोच ही हमारे मन में प्रेम भाव को कायम रख सकती है। a

## क्रिसमस के लिए होम डेकोर आइडियाज

अगर आप क्रिसमस पार्टी प्लान कर रही हैं तो जरूर चाहेंगी कि इस मौके पर आपके घर के डेकोरेशन में भी इस फेस्टिवल की फील आए। हम आपको कुछ ऐसे ईजी और यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आपका होम डेकोर हो जाएगा, क्रिसमस पार्टी के लिए रेडी।

डेकोरेशन

निकिता चौहान



हर फेस्टिवल के हिसाब से घर को सजाना एक आर्ट होता है। जरूरी नहीं कि इसके लिए काफी पैसे खर्च किए जाएं, कुछ आइडियाज से आप अपने घर को क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेट कर सकती हैं।

**फेयरी लाइट्स लगाएं:** घर में क्रिसमस का फील लाने के लिए सबसे पहले आप अच्छी लाइटिंग करें। क्रिसमस डेकोरेशन को ब्राइट टच देने के लिए आप फेयरी लाइटिंग करवा सकती हैं। इसे आप अपने घर के लिविंग रूम, ड्राइंग रूम और बेडरूम हर जगह लगा सकती हैं। फेयरी लाइट्स में आपको मार्केट में कई तरीके के स्टाइल्स और डिजाइंस मिल जाएंगे। लेकिन क्रिसमस के मौके के अनुसार आप स्टार्स वाली लाइटिंग लगवाएं तो ज्यादा सुटेबल रहेगा।

**क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस ट्री के बिना क्रिसमस डेकोरेशन पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए आप घर के किसी एक कोने में क्रिसमस ट्री को सजा सकती हैं। सबसे अच्छा तो यह होगा कि इसे आप पार्टी वाले हॉल या टेरेस में एक कोने पर रखें। इस क्रिसमस ट्री को डिजाइनर लाइट्स के अलावा ब्राइट बॉल्स, डॉल्स, स्टार्स, ब्राइट पेपर, स्ट्रिप्स जैसी डिफरेंट डेकोरेटिव चीजों से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे यह और भी अट्रैक्टिव लगेगा। क्रिसमस ट्री, आपके क्रिसमस डेकोरेशन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकता है।



**सॉक्स को हैंग करें:** क्रिसमस के मौके पर डेकोरेशन में सॉक्स को लटकाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि क्रिसमस के दिन अगर सॉक्स के अंदर अपनी विश लिखकर लटका दी जाए तो सांता क्लॉज इन्हें देखकर आपकी विश जरूर पूरा करते हैं। ऐसे में आप अपने होम डेकोर में रेड कलर के सांता क्लॉज वाली सॉक्स लटका सकती हैं। आपको सांता क्लॉज वाले रेड कोजी सॉक्स आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप इसे घर की सीढ़िया की दीवार पर या बालकनी के बैकग्राउंड स्पेस में कहीं भी लगा सकती हैं।



**पिलो-कुशन कवर:** क्रिसमस डे के लिए घर को डेकोरेट करते समय आप क्रिसमस इंस्पायर्ड पिलो कवर और कुशन कवर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्रिसमस थीम वाले कवर चुनना सबसे सही रहेगा, जैसे कि लाल और सफेद रंग में बने बारहसिंगे की प्रिंटिंग वाले या देवदार के शंकु आदि के चित्र वाले कवर पिलो और कुशन पर लगा सकती हैं। इनसे आपके घर को कंप्लीट क्रिसमस लुक मिलेगा।

**थीम बेस्ड कैंडल:** क्रिसमस के मौके पर कैंडल डेकोरेशन का भी काफी ट्रेंड है। होम डेकोर के लिए आप क्रिसमस थीम बेस्ड कैंडल ले सकती हैं। ये आपको आसानी से ओपेन मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगी। आप इन्हें डाइनिंग टेबल, बेडरूम, लिविंग रूम और स्पेशली पार्टी हॉल में अरेंज कर सकती हैं।

**इन कलर्स का ध्यान रखें:** क्रिसमस डेकोरेशन करते समय कलर्स का चयन खूब सोचकर करना चाहिए। जब भी आप घर को सजाएं तो लाल, सफेद और हरे रंग के कलर का इस्तेमाल जरूर करें। इन कलर्स की डेकोरेशन की बड़ी चीजें ही नहीं छोटी चीजों में भी इन्हीं कलर का इस्तेमाल करने से आपका डेकोरेशन आसानी से क्रिसमस के लिए परफेक्ट हो जाएगा।

इस तरह आपका घर क्रिसमस पार्टी के लिए हो जाएगा पूरी तरह डेकोरट। a

## फॉलो करें ये मेकअप स्टेप्स मिलेगा ग्लैमरस पार्टी लुक

मेकअप

सरिता गुप्ता

जब मौका हो क्रिसमस पार्टी में शामिल होने का तो आप जरूर चाहेंगी कि आपका मेकअप लुक भी ग्लैमरस नजर आए। यहां आपको पार्टी स्पेशल मेकअप स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में ग्लैमरस पार्टी लुक पा सकती हैं।

**स्किन को तैयार करें:** सबसे पहले हल्के फेसवॉश से चेहरा साफ करें, ताकि सारी धूल और ऑयल हट जाए। इसके बाद टोनर लगाकर स्किन को रीफ्रेश करें। अब मॉयश्चराइजर लगाएं, जिससे स्किन में नमी बनी रहे। अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग करें। वहीं ऑयली स्किन के लिए जैल-बेस्ड मॉयश्चराइजर सही माना जाता है। इसके बाद प्राइमर लगाएं, ताकि आपके मेकअप का बेस स्मूद बने और स्किन पोर्स कम दिखें।



**फाउंडेशन-कंसीलर:** बेस मेकअप बिल्कुल नेचुरल और फ्लॉलेस होना चाहिए। अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लें और स्पंज या ब्रश से अच्छी तरह इसे ब्लेंड करें। कंसीलर का इस्तेमाल आंखों के नीचे के डार्क सर्कल, पिंपल स्पॉट और पिगमेंटेशन पर करें। इसे हल्के से टैप करें। जरूरत हो तो लोअर फेस पर थोड़ा कॉन्टूरिंग कर सकती हैं। इससे चेहरा डिफाइंड-शार्प दिखता है।

**आई मेकअप:** आई मेकअप को थोड़ा बोल्ड और फेस्टिव स्टाइल में करें। गोल्ड, कॉपर, रेड या ग्रीन शेड्स क्रिसमस थीम के लिए परफेक्ट रहते हैं। सबसे पहले न्यूट्रल ब्राउन शेड से क्रीज पर हल्का बेस बनाएं। अब पलक पर गोल्ड या शिमरी रेड आईशैडो लगाएं। बाहरी कोने (आउटर कॉर्नर) पर डार्क ब्राउन या ब्लैक से डीप स्मोकी इफेक्ट दें। ताकि आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। ग्लिटर लाइनर भी यूज कर सकती हैं।

**ब्लश-हाईलाइटर:** ब्लश आपके चेहरे में ताजगी और रंगत जोड़ता है। क्रिसमस पार्टी के लिए पिंक या पीच टोन का ब्लश लगाएं। इसे चीक बोंस पर हल्के हाथ से अपवर्ड डायरेक्शन में अप्लाई करें। इसके बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। नाक की टिप, चीकबोन और क्यूपिड बो पर हल्का हाईलाइटर लगाने से चेहरा ग्लो करता है।

**लिपस्टिक:** क्रिसमस लुक में रेड लिपस्टिक क्लासिक ऑप्शन है। अगर आप बोल्ड लिप्स पसंद करती हैं, तो रेड, मैरून या बेरी टोन चुनें। यदि आपका आई मेकअप पहले से ही बोल्ड है, तो लिप्स पर सॉफ्ट पिंक या न्यूड शेड भी बहुत खूबसूरत लगेगा।

**सेटिंग स्प्रे:** सारा मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे लगा लें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक स्मज होने से बचाता है और आपको देता है फ्रेश, ग्लैमरस पार्टी लुक। a

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**



## कई बच्चों को हो रही मायोपिया की समस्या

अनेक वजहों से आजकल कई बच्चे मायोपिया (कमजोर नजर) की समस्या से ग्रस्त होने लगे हैं। इसकी वजहों और लक्षणों के साथ इससे बचने के तरीके के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।

प्रिकॉशन

निकिता

चालीस-पचास की उम्र के बाद नजर कमजोर होना सामान्य है लेकिन चिंता की बात है कि आजकल अनेक बच्चे भी कमजोर नजर की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में होने वाली आंखों से जुड़ी समस्या मायोपिया में वह पास की वस्तुएं साफ देख पाता है, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। समय पर ध्यान न देने से यह समस्या और बढ़ सकती है और आगे चलकर बच्चे की पढ़ाई, खेल-कूद और उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावित कर सकती है।

**मायोपिया के कारण:** बच्चों में मायोपिया होने के कई कारण हो सकते हैं।

**लंबे समय तक स्क्रीन देखना:** मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों पर दबाव डालता है।

**पढ़ाई या नजदीकी काम में ज्यादा समय:** लगातार किताब पढ़ना या लिखना भी मायोपिया को बढ़ावा देता है।

**प्राकृतिक रोशनी की कमी:** बच्चों का पर्याप्त समय धूप में न बिताना आंखों की सेहत पर असर डालता है।

**आनुवांशिक कारण:** अगर माता-पिता की नजर कमजोर है तो बच्चों में मायोपिया होने की आशंका अधिक रहती है।

**मायोपिया के लक्षण:** अगर आपके बच्चे को मायोपिया है तो उसे आप इन लक्षणों से पहचान सकती हैं।

- दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना।
- टीवी या क्लास में ब्लैक बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों को देखने में परेशानी होना।
- बार-बार आंखें मिचमिचाना।
- कुछ भी पढ़ते समय या लिखते समय सिरदर्द होना।
- किताब को बहुत पास से पढ़ना।



**बचाव के उपाय:** अपने बच्चे को मायोपिया से बचाने के लिए आप कुछ सुझावों पर अमल कर सकती हैं।

**स्क्रीन टाइम नियंत्रित करें:** छोटे बच्चों को टीवी देखने और मोबाइल चलाने का समय सीमित रखें।

**बच्चों को बाहर खेलने दें:** रोजाना कम से कम 1-2 घंटे प्राकृतिक रोशनी में बच्चे को समय बिताना जरूरी है।

**सही दूरी से पढ़ाई:** किताब और आंखों के बीच 30-40 सेमी. की दूरी बनाए रखें।

**संतुलित आहार:** हरी सब्जियां, फल, विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट आंखों की सेहत के लिए लाभकारी है।

**नियमित नेत्र परीक्षण:** समय-समय पर आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि शुरुआती अवस्था में समस्या पकड़ में आ सके।

**ना बरतें लापरवाही:** आज के दौर में बच्चो में मायोपिया एक आम स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। लेकिन सही जीवनशैली और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पैरेंट्स को चाहिए कि वे अपने बच्चों की आंखों की देखभाल में लापरवाही न बरतें और कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें। a

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर, यूनिट हेड-पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक जैन से बातचीत पर आधारित)**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

## खबर संक्षेप



### पिंकाथॉन में 115 दृष्टिबाधितों महिलाओं ने लगाई दौड़

**मुंबई।** पिंकाथॉन के 10वें सत्र के विभिन्न श्रेणियों में रिकॉर्ड 115 दृष्टिबाधित महिलाओं के साथ 5,300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह किसी दौड़ स्पर्धा में दृष्टिबाधित महिलाओं की विश्व रिकॉर्ड संख्या है। दो दिवसीय आयोजन में सभी आयु वर्ग के धावकों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी की दौड़ शामिल थीं। पियुषा लोहार ने तीन किमी की दौड़ 12:23 मिनट में जीती, उनके बाद ओवी पाटिल (13:00) और ज्योति पंजाबी (14:16) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पांच किमी वर्ग में यामिनी ठाकरे ने 18:18 मिनट के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया जबकि कोमल खांडेकर (20:16) और श्रेया ओझा (22:03) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पद्मा करांडे ने 10 किमी की दौड़ 42:06 मिनट के समय में जीती, जबकि अंचल मारवाह (48:16) और शालिनी सिंह (48:52) ने पोडियम पर अपनी जगह बनाई।

### विश्व कप में हारने के बाद हो गया था निराश

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि 2023 में खेले गए वनडे विश्व के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद उन्होंने संन्यास लेने पर विचार किया था क्योंकि उन्हें लगा कि 'इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है।' भारत ने घरेलू मैदान पर खेले गए इस वनडे विश्व कप में रोहित की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन किया था तथा लगातार नौ मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन इस महत्वपूर्ण मैच में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाया था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। रोहित ने कहा, 'वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मुझे ऐसा लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है।'



### प्रणवी आईजीपीएल टूर में खेलेंगी जीव मिल्खा के साथ

**कोलंबो।** पुरुष खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पेशेवर टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं प्रणवी उर्स कोलंबो में आयोजित होने वाले आईजीपीएल के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में दिग्गज जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा जैसे खिलाड़ियों को चुनौती देते दिखेंगी। प्रणवी ने 20 नवंबर को 'आईजीपीएल आमंत्रण मुंबई' में जीत के साथ इतिहास रचा था। एशियाई टूर के शीर्ष खिलाड़ी ज्योति रंधावा भी पहली बार इस टूर्नामेंट में शामिल होंगे। वह अब जीव मिल्खा सिंह के साथ यूरोपीय लीजेंड्स टूर में खेलते हैं। मौजूदा सत्र में दो जीत दर्ज करने वाले गगनजीत भुल्लर और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे अमन राज शीर्ष स्थान पर अपनी जगह पक्की करने के लिए जोर लगाएंगे। रिद्धिमा दिलावरी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारत और श्रीलंका के 60 (47 पेशेवर और 17 एमेच्योर) खिलाड़ियों में शामिल है।

### मैं हर तरह की भूमिका निभाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स की टीम से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली ने कहा कि वह अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बल्लेबाजी क्रम में किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार हैं। आक्रामक बल्लेबाज, चुस्त फील्डर और बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी करने वाले कॉनोली को पंजाब किंग्स ने इस महीने की शुरुआत में मिनी नीलामी में तीन करोड़ रुपए में खरीदा था। कॉनोली ने कहा, 'मैं अपने खेल को इस तरह से ढालना पसंद करता हूं, जिससे मैं किसी भी स्थिति में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का पूरी तरह से उपयोग कर सकूं।'



# एस्टन विला की लगातार 10वीं जीत, मैनचेस्टर को दी मात

## यूनाइटेड को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मॉर्गन रोजर्स के दो गोल की मदद से एस्टल विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराकर खुद को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में बनाए रखा। एस्टन विला की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार दसवीं जीत है। वह ईपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से केवल तीन अंक पीछे है। रोजर्स ने अपना पहला गोल 45वें और दूसरा गोल 57वें मिनट में किया। यूनाइटेड के लिए एकमात्र गोल मैथियस कुन्हा ने किया। इस तरह से एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उसने लीग में अपने पिछले 12 मैचों में से 11 में जीत हासिल की। यह हार यूनाइटेड के लिए एक और झटका है। वह अपने पिछले आठ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया है और वह तालिका में सातवें स्थान पर है।

# बार्सिलोना की विलारियल पर आसान जीत



राफिन्हा-यामल ने दिलाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

राफिन्हा और लामिन यामल के गोल की बदौलत बार्सिलोना ने विलारियल की टीम को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। बार्सिलोना ने इस जीत से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बनाए रखी। राफिन्हा ने 12वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। यह उनका लीग में इस सत्र का सातवां गोल था।

इसके बाद यामल ने 63वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल किया। उनका भी यह इस सत्र का सातवां गोल है। इस तरह से बार्सिलोना ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। विलारियल की हार के कारण एटलेटिको मैड्रिड ने तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उसने एक अन्य मैच में गिरोना को 3-0 से हराया।

भारत बनाम श्रीलंका महिला टी20 : आज शाम 7 बजे से दूसरा मैच

# श्रीलंका पर जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया, फील्डिंग बनेगी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

पहले मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 23 दिसंबर को होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरुप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े।



### टीमें इस प्रकार

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंकाः** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

### हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं : हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं। पता नहीं क्यों हम बार-बार कैच छोड़ रहे हैं। मैदान गीला था, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। यह एक ऐसी चीज है, जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अगले मैच में हम बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे।' विश्व कप की सफलता के बाद भारतीय टीम को छह सप्ताह का ब्रेक मिला। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया था। फील्डिंग में थोड़ी बहुत कमी आना लगभग अपेक्षित था और कप्तान को लगता है कि टीम बहुत जल्द लय में आ जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम एक महीने बाद खेल रहे हैं। हम खुद को बेवजह चुनौती नहीं देना चाहते। हम बस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

### भारतीय टीम काफी मजबूत

कागजों पर भी भारतीय टीम मजबूत नजर आती है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों काफी मजबूत हैं। सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने विश्व कप के अपने शानदार प्रदर्शन को यहां भी जारी रखा। भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का टीम में शामिल होना रहा, जिन्हें हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया था। वैष्णवी को भले की कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने चार ओवर में केवल 16 रन दिए और एक भी चौका नहीं लगने दिया। शैफाली वर्मा के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है तथा वह उस प्रारुप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जो उनकी बल्लेबाजी शैली के अनुरुप है।

क्रिकेट

# पंजाब के लिए खेलेंगे शुभमन टीम में अभिषेक-अर्शदीप भी



एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय टेस्ट एवं वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल, विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 50 ओवर प्रारुप में खेले जाने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के लिए पंजाब की टीम में शामिल किया गया।

यह चयन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के राष्ट्रीय वनडे चैंपियनशिप में अनिवार्य भागीदारी के निर्देश के अनुरुप है। गिल को टी20 विश्व कप के लिए घोषित भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है।

अभिषेक और अर्शदीप नियमित रूप से भारत के लिए टी20 मैच खेलते हैं। अर्शदीप को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला की टीम में शामिल किया जाता है तो वह और गिल विजय हजारे ट्रॉफी में शुरुआती दो तीन मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। अभिषेक कुछ अधिक मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व कर सकते है। पंजाब को ग्रुप सी में प्रबल दावेदार मुंबई के साथ रखा गया है।

### 26 दिसंबर को पंजाब और छत्तीसगढ़ के बीच मुकाबला

टीम शुरुआती दो मैचों में महाराष्ट्र (24 दिसंबर) और छत्तीसगढ़ (26 दिसंबर) का सामना करेगी। मुंबई और पंजाब का मुकाबला आठ जनवरी को होगा और उस समय तक मुंबई के रोहित शर्मा और पंजाब के गिल दोनों ही उपलब्ध नहीं होंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए पंजाब की टीम में शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, अनमोलप्रीत सिंह, उदय सहारन, नमन धीर, सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), सनवीर सिंह, रमनदीप सिंह, जशनप्रीत सिंह, गुरनूर बराड़, हरप्रीत बराड़, रघु शर्मा, कृष भगत, गौरव चौधरी और सुखदीप बाजवा शामिल है।

क्रिकेट

# एमआई एमिरेट्स ने डेजर्ट वाइपर्स को हराया, शाकिब का शानदार प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| दुबई

शाकिब अल हसन के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से एमआई एमिरेट्स ने तालिका में शीर्ष पर काबिज डेजर्ट वाइपर्स को चार विकेट से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

शाकिब (चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट) की कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने वाइपर्स को सात विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। वाइपर्स की तरफ से डैन लॉरेंस ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई एमिरेट्स की टीम पावरप्ले में लड़खड़ा गई लेकिन कीरोन पोलार्ड की 15 गेंदों पर खेली गई 26 रन की पारी ने मुकाबले का रुख निर्णायक रूप से पलट दिया। इसके बाद शाकिब (नाबाद 17) डटे रहे और उन्होंने विजयी चौका लगाकर टीम का स्कोर 17.3 ओवर में छह विकेट पर 128 रन पर पहुंचाया।

### डेब्यू मैच में विकेट नहीं मिलने से नहीं हूं निराश : वैष्णवी

**विशाखापत्तनम।** भारत की बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने कहा कि महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में विकेट नहीं मिलने के बावजूद अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने से उन्हें खुशी हुई। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पहले मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया तथा चार ओवर में 16 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारत ने इस मैच में आठ विकेट से शानदार जीत हासिल की। वैष्णवी ने कहा, 'विकेट नहीं मिलने से मैं किसी भी तरह से निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं।' उन्होंने कहा कि अपना पहला मैच खेलने से पहले वह थोड़ा नर्वस थी लेकिन राष्ट्रगान सुनने से उन्हें आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली। वैष्णवी ने कहा, 'शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी।'



# जाधव ने एयर राइफल में जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल।** नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ओलंपियन अर्जुन बबूता की पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। जाधव ने 252.1 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि बबूता ने 251.4 अंक के साथ रजत पदक जीता। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अर्जुन के रेलवे की टीम के साथी शाहू तुषार माने 209.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। हिमांशु (181.1), रामायण तोमर (166.7), ओंकार विकास वाघमारे (145.4) और प्रदीप सिंह (123.3) ने भी फाइनल में जगह बनाई। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर फाइनल में गुजरात के मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 254.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 251.6 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि ओंकार विकास वाघमारे ने 230.1 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 323 रन से हराया, सीरीज की अपने नाम

एजेंसी ▶▶| माउंट माउंगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी ने 42 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवे और अंतिम दिन सोमवार को 323 रन से बड़ी जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का मुश्किल लक्ष्य था। उसने सुबह अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 43 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 138 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें ब्रैंडन किंग ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से डफी के अलावा अयाज पटेल ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट हासिल किया।



### डफी ने हैडली को छोड़ा पीछे

न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसकी तरफ से कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने दोनों पारियों में शतक लगाने का कारनामा किया। डफी ने एक कैलेंडर वर्ष में 80 विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के न्यूजीलैंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस श्रृंखला में 15.4 के औसत से 23 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने तीन बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा भी किया। डफी ने कहा, 'मैंने लंच के समय वह सूची देखी और उसमें कई दिग्गज खिलाड़ियों के नाम थे।'

यादें 2025 : एथलीटों की डोपिंग अपराधों की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर भारत

# 90 मीटर पार नीरज, पर रिकॉर्ड के साथ डोपिंग की परछाईं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फॉर्म में उतार चढ़ाव के बावजूद 90 मीटर तक भाला फेंकने के जादुई आंकड़े को छूने में आखिरकार सफल रहे लेकिन इस बीच वर्ष 2025 में भारतीय एथलेटिक्स को डोपिंग का डंक भी डसता रहा।

चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक में मानक माने जाने वाले 90 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसी वर्ष टोकियो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पदक जीतने में नाकाम रहने से उन्हें निराशा भी हाथ लगी। इस प्रतियोगिता में युवा सचिन यादव ने चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया और इस तरह से भाला फेंक में विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनने की अपनी क्षमता प्रदर्शित की।



### महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिताओं की मेजबानी

भारतीय एथेलीट के लिए सकारात्मक पहलू यह रहा कि भारत ने दो विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिताओं की मेजबानी की। इनमें से एक में चोपड़ा ने मेजबानी की और जीत हासिल की। भारत ने इसके अलावा 2031 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित कुछ प्रमुख महाद्वीपीय और विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए बोली लगाई है।

### चोपड़ा ने जीते तीन बड़े खिताब

नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग, गोल्डन स्पाइक मीट और एनसी क्लासिक के रूप में इस साल तीन बड़े खिताब जीते। उन्होंने घरेलू दर्शकों और परिवार के सदस्यों के सामने एनसी क्लासिक के रूप में विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अपना सपना साकार किया। इस स्टार खिलाड़ी को हालांकि डायमंड लीग फाइनल में निराशा हाथ लगी और वह जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन सबसे अप्रत्याशित परिणाम सितंबर में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और कुल मिलाकर आठवें स्थान पर रहे। भारत के एक अन्य खिलाड़ी सचिन यादव (86.27 मीटर) ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।

### एथलीटों पर डोपिंग का दंश

डोपिंग अपराधों के कारण अयोग्य घोषित किए गए एथलीटों की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बना हुआ है। डोपिंग के आरोप में पकड़े गए देश के कुछ शीर्ष एथलीटों में शिवपाल, पुणे हाफ मैराथन के विजेता प्रधान विलास किरुलाकर, फर्राटा धाविका शेखर धनलक्ष्मी और 2014 के एशियाई खेलों की पदक विजेता हैमर थ्रोअर मंजू बाला शामिल हैं। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने दो नाबालिगों पर तीन साल का प्रतिबंध भी लगाया है। भारतीय जूनियर टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश नागपुरी को डोपिंग में मिलीभगत के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। दो अन्य कोच करमवीर सिंह और राकेश को भी डोपिंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया।






## जबलपुर आने वाली प्रमुख ट्रेनें घंटों लेट

# घने कोहरे की चपेट में रेल यातायात



हरिभूमि जबलपुर।

सोमवार की सुबह जबलपुर में घने कोहरे का जबरदस्त असर देखने को मिला। देर रात से ही छाए कोहरे ने सुबह तक शहर को अपनी गिरफ्त में रखा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। हालात ऐसे थे कि कुछ स्थानों पर चंद मीटर दूर तक भी साफ नजर नहीं आ रहा था। इस घने कोहरे का सबसे ज्यादा प्रभाव रेल संचालन पर पड़ा, जिसके चलते जबलपुर आने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बीती रात से लेकर सोमवार 22 दिसंबर की सुबह तक कोहरा लगातार बना रहा। कम विजिबिलिटी के कारण रेलवे को ट्रेनों की रफ्तार नियंत्रित करनी पड़ी, जिससे यूपी, बिहार और दिल्ली की ओर से जबलपुर आने वाली लगभग सभी प्रमुख गाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी विलंब से चलीं। प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ नजर आई और लोग अपनी ट्रेनों की स्थिति जानने के लिए बार-बार पूछताछ करते रहे।

### यूपी, बिहार और दिल्ली से आने वाली ट्रेनें लेट

प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें भी कोहरे के असर से नहीं बच सकीं। रीवा से रानी कमलापति जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग एक घंटे से अधिक की देरी से जबलपुर पहुंची। वहीं राजधानी दिल्ली से जबलपुर आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों की हालत और भी खराब रही। हजरत निजामुद्दीन से चलने वाली महाकोशल एक्सप्रेस करीब सात घंटे देरी से चली, जबकि श्रीधाम एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से लगभग साढ़े पांच घंटे लेट रही। इसी तरह गोंडवाना एक्सप्रेस भी दो घंटे से अधिक विलंब से जबलपुर पहुंची।

### घंटों लेट चल रही ट्रेनें

हावड़ा से जबलपुर आने वाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस लगभग दो घंटे की देरी से चली। दानापुर से बेंगलुरु जाने वाली स्पेशल ट्रेन साढ़े पांच घंटे और बेंगलुरु से दानापुर आने वाली स्पेशल ट्रेन करीब छह घंटे की देरी से संचालित हुई। जयनगर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली पवन एक्सप्रेस भी लगभग ढाई से तीन घंटे तक लेट रही।

### यात्रियों को करना पड़ रहा इंतजार

घंटों की देरी से चल रही ट्रेनों के कारण यात्रियों को ठंड और कोहरे के बीच प्लेटफार्म पर लंबा इंतजार करना पड़ा। कई यात्रियों ने कनेक्टिंग ट्रेनों के छूटने की चिंता भी जताई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार कोहरे की वजह से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की गति नियंत्रित की गई है और जैसे-जैसे मौसम साफ होगा, संचालन को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले समय में भी सुबह के समय कोहरे की संभावना जताई है, ऐसे में रेल यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

## कोई भी धमकी वैवाहिक रिश्ते को खत्म नहीं कर सकती

**हाईकोर्ट ने कहा, छिंदवाड़ा एसपी को दिए दंपति को सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश**

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का इस निर्देश के साथ पटाक्षेप कर दिया कि पुलिस अधीक्षक दंपति को सुरक्षा प्रदान करें। मामला पति द्वारा पत्नी को ससुराल पक्ष पर बंधक बनाकर रखे जाने के आरोप से संबंधित था। कोर्ट के निर्देश पर पत्नी को पेश किया गया। उसने अपने बयान में साफ किया कि वह पति के साथ रहना चाहती है। लेकिन स्वजन ऐसा करने पर आत्महत्या की धमकी दे रहे हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रामकुमार चौबे की डिवीजन बेंच ने बयान रिकार्ड पर लेते हुए अपने आदेश में साफ किया कि शादीशुदा होने के कारण कोई भी धमकी वैवाहिक रिश्ते को खत्म नहीं कर सकती। पत्नी को पति के साथ भेजा जाए। साथ ही पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित करे। दरअसल, बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता सिवनी बरघाट निवासी पति ने छिंदवाड़ा निवासी युवती से रजिस्टर्ड विवाह किया था। इस विवाह से असंतुष्ट युवती के मायके वालों ने उसे जबरन घर पर बंद कर दिया। जिसके बाद परेशान पति हाईकोर्ट चला आया था।

## जबलपुर जिले में 69 हजार मतदाताओं के घर जाएंगे, सुनवाई हेतु अधिकारी नियुक्ति

# एसआईआर: आज से नोटिस लेकर घर-घर पहुंच रहे बीएलओ




जबलपुर। देश के सात राज्यों में शामिल मध्यप्रदेश के जबलपुर सहित सभी जिलों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) की अंतिम प्रक्रिया आज से शुरू गई है। इस प्रक्रिया के तहत जिले के करीब 69 हजार मतदाताओं के घर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पहुंचेंगे और उन्हें तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस देंगे।

गौरतलब हो कि निर्वाचन विभाग और जिला प्रशासन ने मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से इस बार प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सख्त बनाने की तैयारी की है। एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम विलोपन, संशोधन, स्थानांतरण और अन्य आपत्तियों से जुड़े मामलों की अंतिम जांच की जाएगी। जिन मतदाताओं के नामों को लेकर संदेह या आपत्ति दर्ज की गई है, उनके घर बीएलओ पहुंचकर नोटिस देंगे। इसके बाद संबंधित मतदाताओं को निर्धारित तिथि पर तहसील कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना होगा।

जिले में जारी हो चुकी इस प्रक्रिया के लिए आठ तहसीलों में विशेष सुनवाई कक्ष बनाए गए हैं। यहां कुल 50 अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो प्रतिदिन प्राप्त होने वाले मामलों की सुनवाई करेंगे। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी प्रकरणों का निष्पक्ष परीक्षण किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। हर मामले में उपलब्ध दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर ही निर्णय लिया जाएगा। जिला प्रशासन का कहना है कि मतदाता सूची में त्रुटियों के कारण चुनाव के दौरान कई बार विवाद और शिकायतें सामने आती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार एसआईआर की अंतिम प्रक्रिया को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और अपात्र नामों को समय रहते हटाया जा सके।

**दस्तावेज के साथ उपस्थित होना पडेगा**

जिन मतदाताओं को नोटिस दिया जाएगा, उन्हें पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आयु संबंधी दस्तावेज और अन्य आवश्यक कागजात के साथ तय तिथि पर तहसील कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा जाएगा। समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में संबंधित मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। प्रशासनिक स्तर पर भी इस पूरी प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जाएगी। बता दें कि वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर तहसीलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेंगे। बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे नोटिस वितरण के दौरान पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से मतदाताओं को दें, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने। इधर एसआईआर की यह अंतिम प्रक्रिया मतदाता सूची के शुद्धिकरण की दिशा में अहम कदम है। इससे आगामी चुनावों में पारदर्शिता बढ़ेगी और मतदान प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय होगी।

## यात्रियों को धोखा दे रही है एयरलाइन, मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग

# सांसद विवेक तन्खा ने इंडिगो पर लगाए गंभीर आरोप




हरिभूमि जबलपुर।

राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने इंडिगो एयरलाइंस पर यात्रियों को गुमराह करने और उनके अधिकारों के हनन का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए एयरलाइन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि रायपुर से दिल्ली जाने वाली उड़ान जयपुर डायवर्ट की गई पर पैसेंजर को जानकारी तक नहीं दी गयी।

### क्या है पूरा मामला

सांसद तन्खा का यह आरोप इंडिगो की उड़ानों में हो रही निरंतर देरी और बिना ठोस कारण के फ्लाइट्स रद्द किए जाने की घटनाओं के बाद सामने आया है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन अक्सर 'तकनीकी खराबी या 'खराब मौसम का हवाला देकर उड़ानें रद्द कर देती है, जबकि असल कारण अक्सर क्रू की कमी या कुप्रबंधन होता है। उड़ानों के रद्द होने या घंटों देरी होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे पर बुनियादी सुविधाएं जैसे भोजन, पानी या विश्राम की व्यवस्था नहीं दी जाती। तन्खा ने कहा कि इंडिगो अपनी 'मोनोपोली का फायदा उठा रही है और यात्रियों के प्रति उसकी कोई जवाबदेही नजर नहीं आती।

### नियमों के उल्लंघन का दावा

विवेक तन्खा ने यह भी संकेत दिया कि एयरलाइंस अक्सर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के यात्री चार्टर का उल्लंघन करती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यात्रियों को उनकी उड़ान रद्द होने पर समय रहते सूचित करना और रिफंड या वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान करना अनिवार्य है, जिसमें एयरलाइन विफल रही है। सांसद ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अगर एयरलाइंस इसी तरह यात्रियों को गुमराह करती रहीं, तो यह न केवल लोगों के भरोसे को तोड़ेगा बल्कि देश के विमानन क्षेत्र की साख को भी नुकसान पहुंचाएगा। यह मामला अब सोशल मीडिया पर भी गरमा गया है, जहाँ कई अन्य यात्रियों ने तन्खा के सुर में सुर मिलाते हुए अपने बुरे अनुभव साझा किए हैं। इंडिगो के लिए यह आरोप एक बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं।

## अवैध शराब व नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

जबलपुर। जिले में अवैध शराब की बिक्री और गांजा–स्मैक जैसे मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के लिए जबलपुर पुलिस ने बड़ा और सख्त एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। शहर से लेकर देहात तक सक्रिय शराब माफिया और नशा तस्करों के खिलाफ एक साथ निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जिलेभर में अवैध कारोबार में लिप्त लोगों की गोपनीय सूची तैयार की गई है, जिसके आधार पर आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर छापामार कार्रवाई होगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसपी द्वारा बनाए गए एक्शन प्लान के तहत जिले के सभी 36 थानों की पुलिस एक ही समय पर अपने-अपने क्षेत्र में चिन्हित ठिकानों पर दबिश देगी। इस समन्वित कार्रवाई का उद्देश्य न केवल अवैध शराब और नशे के कारोबार को तोड़ना है, बल्कि तस्करों में पुलिस का खौफ पैदा करना और आम जनता के बीच कानून-व्यवस्था को लेकर भरोसा कायम करना भी है। सूत्रों ने बताया कि आगामी 11 दिनों तक शराब माफिया और नशा तस्कर पुलिस के रडार पर रहेंगे। इस दौरान लगातार निगरानी, मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने और अचानक दबिश की रणनीति पर काम किया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि एक साथ की गई कार्रवाई से पूरे सिंडीकेट की कमर तोड़ी जा सकेगी।

## ऑपरेशन थंडर के तहत जबलपुर के पिपरिया खमरिया में अवैध टिकट कारोबार का पर्दाफाश,आरोपी कंप्यूटर संचालक गिरफ्तार

# रेलवे टिकटों की कालाबाजारी, कंप्यूटर सेंटर पर आरपीएफ की दबिश

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम-मध्य रेलवे के रेल सुरक्षा बल (रेसुबल) ने अवैध रेल ई-टिकटों के कारोबार के खिलाफ 'ऑपरेशन थंडर के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पिपरिया खमरिया क्षेत्र में दबिश देकर पुलिस ने एक कंप्यूटर दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है, जो पर्सनल यूजर आईडी का गलत इस्तेमाल कर यात्रियों को ऊंचे दामों पर टिकट बेच रहा था। आरोपी के कब्जे से हजारों रुपए के टिकट और कंप्यूटर उपकरण बरामद किए गए हैं।

### दो पर्सनल आईडी से संचालित था गोरखधंधा

मुख्यालय से प्राप्त डेटा के आधार पर उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह और उनकी टीम ने पिपरिया खमरिया स्थित 'सावी कंप्यूटर पर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि 46 वर्षीय संचालक संतोष कुमार उराव दो अलग-अलग पर्सनल यूजर आईडी के जरिए अवैध रूप से टिकट बुक कर रहा था। आरोपी इन आईडी का उपयोग कर अब तक कुल 25 रेल ई-टिकट जारी कर चुका था, जिनकी कुल कीमत 27,169.50 रुपए आंकी गई है। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह जरूरतमंद यात्रियों से प्रति टिकट 50 से 60 रुपए अतिरिक्त कमीशन वसूलता था।




### रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज, सामान जब्त

रेसुबल ने मौके से एक पुराना सीपीयू और 25 ई-टिकट जब्त किए हैं। इन टिकटों में से 6 टिकटों पर यात्रा अभी शेष थी, जिनकी कीमत 14,229 रुपए है। आरोपी के बैंक ट्रांजेक्शन की भी गहनता से जांच की जा रही है। रेल सुरक्षा बल ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 4895/25 के तहत रेल अधिनियम की धारा 143 (अवैध टिकट व्यापार) में मामला पंजीबद्ध किया है। वर्तमान में आरोपी को बंधपत्र पर रिहा किया गया है, लेकिन मामले की विस्तृत जांच अभी जारी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि रेल टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए इस प्रकार की निगरानी भविष्य में भी जारी रहेगी।

## पनागर में ट्रेन से कटकर युवक की मौत, दूसरे युवक ने खाया जहर, चली गई जान

जबलपुर। पनागर थाना क्षेत्र में आत्महत्या की दो मामले सामने आए है। प्रताप वार्ड में जहर खाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। वहीं बिलहा तालाब के पास रेल्वे ट्रेक पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रताप वार्ड निवासी 29 वर्षीय प्रशांत सराफ को गत 11 दिसंबर की शाम जहर का सेवन करने पर भाई पवन सराफ द्वारा मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार कल शाम लगभग 7.30 बजे प्रशांत सराफ की मौत हो गई। इसी प्रकार पनागर में बिलहा तालाब के पास रेलवे ट्रेक पर ट्रेन से टकराने पर बजरिया जैन मंदिर क्वाटर पनागर निवासी 28 वर्षीय आकाश सैनी की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## बुलेरो की टक्कर में बाईक चालक की मौत, खमरिया वेस्टलेंड पेट्रोलपंप के समीप दुर्घटना

जबलपुर। खमरिया थाना अतंर्गत वेस्टलेंड पेट्रोल पंप के पास एक बुलेरो ने एक मोटरसायकल चालक को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसायकल चालक घायल और बेहोश हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे चैक कर मृत घोषित कर दिया। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरीक कालोनी तिघरा निवासी 65 वर्षीय पुरुषोत्तम दाहिया कल 11.30 बजे अपनी मोटरसायकल से रांझी जाने के लिए निकले और लगभग 12.30 बजे वेस्टलेंड पेट्रोल पंप से अपनी मोटरसायकिल में पेट्रोल भरवाकर मेन रोड पर जाते समय रांझी तरफ से आ रही एक बुलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड एम 1147 के चालक ने पुरुषोत्तम की मोटरसायकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह मोटर सायकल सहित गिरकर घायल हो गए और बेहोश हो गए। वहीं ड्रायवर अपनी बुलेरो गाड़ी छोड़कर भाग गया। सूचना पाकर उसका बेटा संदीप दाहिया मौके पर पहुँचा और अपने बेहोश पिता को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने चैक कर पुरुषोत्तम दाहिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बुलेरो वाहन के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## परिजनों का चक्काजाम, पुलिस व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

# हत्यारों को पकड़ने पुलिस की पांच टीमें मैदान में

जबलपुर। जबलपुर के सबसे व्यस्त इलाके आईएसबीटी (दीनदयाल बस स्टैंड) चौराहे पर ई-रिक्शा चालक पवन अहिरवार की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुऽआ है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच और माढ़ोताल थाना पुलिस की पांच टीमें मैदान में उतारी गई हैं, बावजूद इसके घटना को एक दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। आरोपी की गिरफ्तारी में हो रही देरी से आक्रोशित परिजन और स्थानीय नागरिक सोमवार को सड़कों पर उतर आए। परिजनों ने आईटीआई चौक पर चक्काजाम कर दिया, जिससे इलाके में यातायात पूरी तरह ठप हो गया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के समझाने के प्रयासों के बावजूद परिजन आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक हत्यारे को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

### एक माह पुराने विवाद का खौफनाक अंत



पुलिस जांच में सामने आया है कि यह हत्या किसी तात्कालिक विवाद का नतीजा नहीं, बल्कि एक महीने पुराने पारिवारिक झगड़े का परिणाम है। मृतक पवन अहिरवार और आरोपी बताए जा रहे रोहित पाल, दोनों माढ़ोताल थाना क्षेत्र के राजीव गांधी नगर के रहने वाले और पड़ोसी हैं। करीब एक माह पहले पवन का ई-रिक्शा रोहित के घर के दरवाजे से टकरा गया था। इस बात को लेकर दोनों की पत्नियों के बीच विवाद हुआ था, जिसे उस समय शांत करा दिया गया था। हालांकि तभी से दोनों परिवारों के बीच तनाव बना हुआ था।

### व्यस्त चौराहे पर सरेआम हत्या

रविवार शाम पवन अहिरवार आईएसबीटी बस स्टैंड जैसे अत्यंत व्यस्त चौराहे पर ई-रिक्शा लेकर खड़ा था। इसी दौरान आरोपी रोहित पाल वहां पहुंचा। पुलिस सूत्रों के अनुसार वह पहले से चाकू लेकर पूरी तैयारी के साथ आया था। उसने जानबूझकर अपनी एक्सिस बाइक पवन के ई-रिक्शा से टकराई और गाली-गलौज शुरू कर दी। पवन ने यात्रियों का हवाला देकर विवाद शांत कराने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने चाकू निकालकर गले पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी के बावजूद आरोपी बेखौफ होकर वार करता रहा और लोग तमाशबीन बने रहे। गंभीर रूप से घायल पवन को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आदतन अपराधी है आरोपी

पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी रोहित पाल आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ जबलपुर के विभिन्न थानों में जुआ और मारपीट सहित चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। घटना के बाद से वह फरार है। एएसपी स्तर के अधिकारियों की निगरानी में पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, जिनमें आरोपी की पहचान हो चुकी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए शहर और आसपास के इलाकों में लगातार दबिश दी जा रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240